CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार 12 अप्रैल 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 10 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :31°C न्यूनतम: 19°C

सेंसेक्स: 75,157.26 निफ्टी: 22,828.55

सोना: 92,565 चांदी: 97,000

अब चीन ने अमेरिका पर लगाया 125 प्रतिशत टैरिफ

विस्तृत खबर देश-विदेश पर

पिच के मिजाज को पढ़कर खेली बड़ी पारी: केएल राहुल

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

पश्चिम बंगाल दहला वक्फ हिंसा से, तीन की मौत

नई दिल्ली। नए वक्फ कानून के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शुक्रवार से देशभर में वक्फ बचाव अभियान शुरू किया। जिसके चलते देशभर में मुसलमान सड़कों पर उतर आए। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हो गया। प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं।

पथराव किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तीन लोगों की गोली लगने से मौत भी हुई है। हालात काबू में करने के लिए बीएसएफ तैनात की गई है। फिलहाल इलाके में सड़क और रेल यातायात, इंटरनेट बंद कर दिया गया है। शमसेरगंज के सुतिर साजुर मोड़ पर एनएच जाम किया गया। पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे। डायमंड हार्बर के अमतला चौरास्ता में भी प्रदर्शन कर रही भीड़ ने दिनदहाड़े एक पुलिस वाहन में

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शन हिंसक हुआ, प्रदर्शनकारियों ने बसें जलाईं, रेल ट्रैक जाम किया

विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने देशभर में वक्फ बचाव अभियान किया शुरू

तोड़फोड़ की। जिसमें 10 पुलिसकर्मी घायल हुए। वेस्टर्न रेलवे ने भी बयान जारी किया है कि अजीमगंज-न्यू फरक्का सेक्शन में दोपहर 2.46 बजे लगभग 5000 लोगों की भीड़ ने धुलियान गंगा स्टेशन के पास ट्रैक जाम कर दिया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वक्फ बचाव अभियान का पहला फेज सात जुलाई तक 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में एक करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी। लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने सभी धार्मिक और -शेष पृष्ठ दो पर

तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक को भाजपा ने ओढ़ाया भगवा चोला

चेन्नई। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चेन्नई में एआईएडीएमके के साथ गठबंधन का ऐलान किया। उन्होंने कहा 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनाव एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पादी पलानीस्वामी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। सीटों का बंटवारा बाद में चर्चा के बाद तय किया जाएगा। शाह ने कहा कि गठबंधन को लेकर एआईएडीएमके की कोई डिमांड या मांग नहीं है। पार्टी का एनडीए में शामिल होना दोनों के लिए ही बहुत उपयोगी है।

अगला चुनाव डीएमके सरकार के भ्रष्टाचार, दलितों पर, महिलाओं पर अत्याचार के आधार लड़ा जाएगा। लोग डीएमके से घोटालों पर जवाब मांग रहे हैं, चुनाव में इन मुद्दों पर वोट देंगे। सितम्बर 2023 में तत्कालीन तमिलनाडु प्रमुख अन्नामलाई की गई कुछ टिप्पणियों के कारण अखिल भारतीय

2026 में एक साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) एनडीए से अलग हो गई थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में शाह ने कहा कि कुछ मुद्दों पर एआईएडीएमके के अलग-अलग रुख हैं। लेकिन इस पर हम बैठकर चर्चा करेंगे, जरूरत पड़ी तो सीएमपी (कॉमन मिनिमम प्रोग्राम) भी होगा। इधर, शुक्रवार को ही पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी सामने आ गया। तिरुनेलवेली से भाजपा विधायक नैनार नागेन्द्रन भाजपा के अगले प्रदेश अध्यक्ष बन सकते हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। लेकिन शाह के एक एक्स पोस्ट के मुताबिक नैनार का नाम वर्तमान पार्टी प्रमुख के अन्नामलाई ने प्रस्तावित किया था।

तहव्वुर राणा को मौके पर ले जाकर क्राइम सीन रीक्रिएट कराएंगे NIA अधिकारी

बड़ा खुलासा: बाकी शहरों में भी करने थे विस्फोट

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली की अदालत में सुनवाई के दौरान कहा कि तहव्वुर राणा मुंबई की तरह ही देश के अन्य शहरों में भी आतंकी हमले की साजिश रच रहा था।

एनआईए ने विशेष जज चंद्रजीत सिंह की अदालत में यह दावा किया। जज चंद्रजीत सिंह ने अपने आदेश में एनआईए को निर्देश दिया कि वे हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराएं और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए। हालांकि यह मुलाकात एनआईए अधिकारी की मौजूदगी में ही होगी। एनआईए अधिकारी को तहव्वुर राणा और उसके वकील की मुलाकात के दौरान कुछ दूरी पर खड़े होना होगा, लेकिन सिर्फ इतनी दूरी कि वह दोनों की बात सुन सके। सुनवाई के दौरान एनआईए ने तर्क दिया कि मुंबई हमले की पूरी साजिश को बेनकाब करने के लिए विस्तृत पूछताछ की जरूरत होगी और उसे हमले वाली जगहों पर लेकर जाने की जरूरत होगी, ताकि क्राइम सीन को रीक्रिएट किया जा सके। एनआईए के डीआईजी, एक आईजी और दिल्ली पुलिस के पांच डीसीपी सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद रहे। तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया है। मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत लाया जाना, भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि साल 2008 के मुंबई आतंकी हमले में 166 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इस हमले में कई पुलिसकर्मी शहीद हुए थे, जिसमें मुंबई पुलिस के तीन बड़े अधिकारी भी शामिल थे। पाकिस्तान से आए आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने इस भीषण हमले को अंजाम दिया था।

एनआईए हर 24 घंटे में तहव्वुर राणा की मेडिकल जांच कराए और उसे वैकल्पिक दिनों पर अपने वकील से मिलने की इजाजत दी जाए: कोर्ट

हेडली और राणा 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की जड़: जांच एजेंसियां

मुंबई। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा (सीआईडी) और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच के अनुसार, 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की जड़ में पाकिस्तानी-अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद सईद गिलानी और अमेरिका से प्रत्यर्पित पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक डा. तहव्वुर हुसैन राणा शामिल थे। हेडली-राणा बचपन के दोस्त थे और पंजाब प्रांत के अटक जिले के प्रतिष्ठित कैडेट कॉलेज हसनअब्दाल में सहपाठी थे।

तहव्वुर से पहले दिन तीन घंटे पूछताछ

नई दिल्ली। 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहले दिन शुक्रवार को 3 घंटे पूछताछ की। एजेंसी ने बताया कि वह कोऑपरेट नहीं कर रहा है। एनआईए की कोशिश है कि तहव्वुर के परिवार और दोस्तों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। एनआईए की डीआईजी जया रॉय की अगुआई में जांच हो रही है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने राणा को 18 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा है। कस्टडी के दौरान एनआईए रोजाना राणा से पूछताछ की एक डायरी तैयार करेगी। आखिरी दौर की पूछताछ के बाद डिस्कलोजर स्टेटमेंट में उसे रिकॉर्ड पर लिया जाएगा। यह केस डायरी का हिस्सा होता है। 64 साल के राणा को गुरुवार को ही स्पेशल विमान से अमेरिका से लाया गया था। देर रात पटियाला हाउस कोर्ट के स्पेशल एनआईए जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और रात 2 बजे फैसला सुनाते हुए एनआईए को उसकी कस्टडी दी।

भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा: मोदी

वाराणसी, वार्ता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि आज का भारत विकास और विरासत साथ लेकर चल रहा है। अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे श्री मोदी ने 3900 करोड़ रुपये की 44 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

मेहंदीगंज में आयोजित विशाल जनसभा में प्रधानमंत्री ने भोजपुरी में भी काशीवासियों से संवाद किया। अपने संबोधन में उन्होंने बार-बार काशी के प्रति अपने गहरे लगाव को दोहराया। उन्होंने कहा कि काशी मेरी है और मैं काशी का हूं। काशी के बदलते स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में काशी ने विकास की नई गति पकड़ी है। काशी अब केवल पुरातन नहीं, बल्कि प्रगतिशील भी है। इसने आधुनिकता को अपनाया है, विरासत को संजोया है और भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए मजबूत कदम उठाए हैं। उन्होंने काशी को पूर्वांचल के आर्थिक नक्शे का केंद्र बताया और कहा कि जौने काशी के स्वयं महादेव चलावेलन, आज उहे काशी पूर्वांचल के विकास के रथ के खींचत है।

पीएम ने वाराणसी से पूर्वांचल को दी 3900 करोड़ की 44 विकास परियोजनाओं की सौगात

मोदी ने वाराणसी में बलात्कार की घटना का लिया संज्ञान, दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने वाराणसी दौरे के दौरान शहर में कुछ दिन पूर्व घटी सामूहिक बलात्कार की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए त्वरित और कड़ा रुख अपनाया है। वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरते ही उन्होंने पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस जघन्य अपराध के सभी दोषियों को चिह्नित कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, उन्होंने भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए व्यापक और प्रभावी व्यवस्थाएं करने पर जोर दिया।

जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने भी अलगाववादी विचारधारा छोड़ी: शाह

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेन्स से जुड़े एक और संगठन जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट ने अलगाववादी विचारधारा को छोड़कर देश की एकता के प्रति एकजुटता की घोषणा की है। गृह मंत्री अमित शाह ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर मास मूवमेंट के इस निर्णय के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में अलगाववाद को खारिज करने वाले संगठनों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है।

सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी जिले किश्तवाड़ में जारी अभियान में एक आतंकवादी को मार गिराया है।

जम्मू स्थित 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर नौ अप्रैल को किश्तवाड़ के चटरू जंगल में पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी और आतंकियों के सफाए का अभियान शुरू किया गया। उसी दिन देर शाम आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया। आतंकवादियों को चारों ओर से घेर लिया गया और मुठभेड़ शुरू हो गई। व्हाइट नाइट कोर ने कहा कि अब तक एक आतंकवादी मारा गया है और मुश्किल इलाके तथा प्रतिकूल मौसम के बावजूद, हमारे बहादुर सैनिकों का अथक अभियान जारी है।

हर मामले की जांच सीबीआई को सौंपना सही नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें एक मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर मामले में ऐसे आदेश देना सही नहीं है। अदालत का यह फैसला हाईकोर्ट के मई 2024 के आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर आया है। जस्टिस सुधांशु धूनिया और के विनोद चंद्रन की पीठ ने स्पष्ट करते हुए कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के आदेश देना चाहिए, जिनमें प्रथम दृष्ट्या जरूरी लगे। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालयों को केवल उन मामलों में सीबीआई जांच के लिए निर्देश देना चाहिए, जहां सामग्री प्रथम दृष्ट्या सीबीआई द्वारा जांच की मांग करती हो। सीबीआई जांच नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर-मगर के आधार पर सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच करने का आदेश देना सही नहीं है। फार्मास्युटिकल का व्यवसाय करने वाले एक कारोबारी ने अक्टूबर 2022 में पंचकूला में एक एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने खुफिया ब्यूरो का -शेष पृष्ठ दो पर

शीर्ष अदालत ने खारिज किया पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का आदेश

यूपी और बिहार में आसमानी आफत का कहर, 83 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। देश में मौसम की दोहरी मार जारी है। एक तरफ तेज गर्मी और दूसरी तरफ आंधी-तूफान और बारिश का कहर है। यूपी-बिहार में गुरुवार को आंधी-तूफान के कारण 83 लोगों की मौत हो गई। इसमें 61 मौतें बिहार में और 22 मौतें यूपी में हुई।

शुक्रवार को भी जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, केरल, तमिलनाडु, असम, मेघालय में 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चली। साथ ही बिजली गिरने का भी अलर्ट था उत्तराखंड के चमोली में गुरुवार को बादल फटा था। देश में भीषण गर्मी भी जारी है। ज्यादातर राज्यों में गुरुवार को दिन का पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। राजस्थान के बाड़मेर में सबसे ज्यादा 44.3डिग्री सेल्सियस रहा।

देश के 10 राज्यों में आंधी- बारिश का अनुमान

दिल्ली-एनसीआर में धूलभरी आंधी के बाद हुई बारिश

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में फिर बदलाव देखने को मिला। धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश शुरू हो गई।

मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की चेतावनी दी और दिल्ली-एनसीआर के लिए आरेंज अलर्ट जारी किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, धूल भरी आंधी के बाद गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश, बिजली चमकने और 40-80 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी कि तेज हवाएं और ओले बागानों, बागवानी और खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आईजीआईए पर 15 से अधिक उड़ानों को डायवर्ट किया गया।

आईजीआईए से 15 से अधिक उड़ानें डायवर्ट

लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने सुखोई-30 लड़ाकू विमान से लंबी दूरी के ग्लाइड बम 'गौरव' के सफल परीक्षण किए हैं। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आठ से दस अप्रैल के बीच किए गए इन परीक्षणों के दौरान ग्लाइड बम को विभिन्न वारहेड विन्यासों में कई स्टेशनों में एकीकृत किया गया था। ये परीक्षण करीब 100 किलोमीटर की रेंज में पूरी सटीकता के साथ सफलतापूर्वक पूरे किए गए। 'गौरव' 1,000 किलोग्राम वर्ग का ग्लाइड बम है, जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान और एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।

तुलसी गबार्ड के वीडियो से ईवीएम फिर चर्चा में

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली को लेकर अमेरिका के संघीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड के एक ताजा वीडियो क्लिप से ईवीएम की विश्वसनीयता पर छिड़ी बहस के बीच भारत के चुनाव आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि भारत की वोटिंग मशीनें अभेद्य हैं। सुश्री गबार्ड ने वीडियो में कहा है कि उनके विभाग को ऐसे सबूत मिले हैं, जिससे दिखता है कि ईवीएम प्रणाली में सेंधमारी की जा सकती है। यहां चुनाव आयोग के सूत्रों नें इस बारे में सम्पर्क किए जाने पर कहा कि हमारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक तरह से कैलकुलेटर जैसी हैं और हैकिंग के प्रति अभेद्य हैं। इनका किसी ऐसे सिस्टम से कोई जुड़ाव नहीं होता कि कोई उस सिस्टम के जरिये इनके डाटा के साथ कोई छेड़छाड़ या उनकी हैकिंग कर सके।

भारत में लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रणाली स्थापित

नई दिल्ली। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा है कि भारत ने सशक्त संसदीय लोकतंत्र, स्वतंत्र न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक जैसे संस्थानों की स्थापना हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के लिए की है। श्री हरिवंश ने शुक्रवार को ताशकंद में आयोजित अंतर-संसदीय संघ (आईपीयू) की 150वीं सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार, शोषण, तस्करी, और हिंसा के विरुद्ध एक व्यापक रणनीति लागू की है, जिसके अंतर्गत द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

भारत-आसियान वस्तु व्यापार समझौते पर बैठक सम्पन्न

नई दिल्ली। आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा के लिए इसकी संयुक्त समिति की आठवीं बैठक राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सम्पन्न हुई, जिसमें व्यापार संबंधों के विस्तार के महत्व की पुष्टि की गई।

निजी स्कूलों की मनमानी से स्कूली शिक्षा हुई महंगी

नसीम सैफ़ी

शामली। शिक्षण संस्थान प्रत्येक वर्ष फीस बढ़ाते जा रहे हैं। घर के बाकी खर्चों पर महंगाई के बोझ के मुकाबले शिक्षा के क्षेत्र में महंगाई, दोगुनी गति से बढ़ रही है। इसे दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा कि खाने-पीने, रहन-सहन और स्वास्थ्य के साथ मनुष्य के सर्वांगीण विकास की चाबी 'शिक्षा' भी लगातार महंगी होती जा रही है।

एक अनुमान के मुताबिक हर वर्ष शिक्षा करीब 10 से 12 फीसदी की दर से महंगी होती जा रही है। इसका मुख्य कारण निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर की पुस्तकें लगवाना, महंगी ड्रेस और फीस की बढ़ोतरी है। निजी स्कूलों की मनमानी से हर कोई वाकिफ है, लेकिन बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोई भी अभिभावक कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। वहीं नियमों से बंधा प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। अभिभावकों को कहना है कि इस लूट से बचने के लिए लोगों को आगे आना होगा, ताकि सरकार के समक्ष अपनी बात रख सकें।

निजी स्कूलों में बढ़ती किताबों की कीमतें और स्कूलों की ऊंची फीस आज मजदूर और निम्न आय वर्ग के लिए एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। मेहनतकश माता-पिता के लिए अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना अब एक सपना बनता जा रहा है। निजी स्कूलों की चकाचौंध, प्रचार और संसाधनों से भरी सुविधाएं गरीब तबके को शिक्षा से दूर करती जा रही है, तो वहीं, प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को व्यापार बना लिया है। किताबें, ड्रेस और ट्रांसपोर्ट जैसी हर चीज़ में अतिरिक्त खर्च और कमीशन लिया जा रहा है।वहीं, सरकारी स्कूलों में न तो प्रचार-प्रसार की व्यवस्था है और न ही विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए कोई सशक्त जागरूकता अभियान। ऐसे में जरूरत है कि सरकार प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष ध्यान दे, संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाए और गरीब बच्चों को भी समान अवसर दे।

1. नीरज जैन ने कहा कि कुछ प्राइवेट स्कूल महंगी किताबें लगाकर गरीब अभिभावकों पर बोझ डालते हैं। उन्होंने एनसीईआरटी की किताबें लागू करने और सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की। साथ ही कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

शिक्षा की दौड़ में पीछे छूट रहा मजदूर वर्ग महंगी किताबें व फीस बनी बड़ी चुनौती

पद्म पुरस्कारों के लिए 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

नई दिल्ली, वार्ता

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आगामी 31 जुलाई तक ऑनलाइन नामांकन और सिफारिशें की जा सकती हैं।

गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि अगले वर्ष गणतंत्र दिवस पर घोषित किए जाने वाले इन पुरस्कारों के लिए नामांकन की प्रक्रिया गत 15 मार्च से जारी है। पद्म पुरस्कार यानी पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं और इनकी शुरूआत वर्ष 1954 में की गई थी। ये पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए दिए जाते हैं। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे क्षेत्रों तथा विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं। सभी व्यक्ति जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं।

गत 15 मार्च से जारी है नामांकन प्रक्रिया

दिल्ली-एनसीआर से पांच घंटे में पहुंच सकेंगे कानपुर

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली और आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए कानपुर पहुंचना अब कुछ ही घंटों का खेल रह जाएगा। गाजियाबाद से कानपुर के बीच बनने वाले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से ये दूरी मात्र पांच घंटे की हो जाएगी। इसकी लंबाई 380 किमी होगी। ये यूपी के कई जिलों से होकर गुजरेगा।

उत्तर प्रदेश में हाल के कुछ वर्षों में बड़े नगरों को हाईवे और एक्सप्रेसवे की मदद से आपस में जोड़ने का काम चल रहा है। इससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी अच्छी हो जाएगी। इसी कड़ी में अब नोएडा और कानपुर को गाजियाबाद कानपुर ग्रिनफील्ड एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। पहले नोएडा से कानपुर जाने में 8 से 9 घंटे का समय लगता था। यह एक्सप्रेसवे यूपी के हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, उन्नाव समेत कई अन्य जिलों से होते हुए कानपुर पहुंचेगा। इससे इन

ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे से बदलेगी यूपी के 10 से ज्यादा जिलों की सूरत

सभी जिलों के लोगों के लिए रोजगार और विकास के नए रास्ते खुलेंगे। शुरुआती चरण में इस एक्सप्रेसवे को चार लेन का बनाया जाएगा, लेकिन भविष्य में इसे छह लेन तक विस्तारित करने की योजना है। यानी भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसके लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया है। परियोजना के तहत गाजियाबाद से कानपुर तक कई अंडरपास, फ्लाईओवर और सर्विस रोड का निर्माण भी किया जाएगा।

यूपी में सुशासन नहीं कुशासन व जंगलराज

लड़की से रेप वालों पर नहीं हुई कार्रवाई: अजय

गोरखपुर। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पूरी तरह से जंगलराज चल रहा है। जब पीएम के संसदीय क्षेत्र में एक हफ्ते तक एक लड़की के साथ 23 लोगों ने लगातार 6 दिन तक रेप किया, अभी तक उसमें केवल खाना पूर्ति की गई है और कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बेताबी के साथ कह सकते हैं कि जो स्पा और मसाज सेंटर के संचालक हैं, वे सत्ता पक्ष के लोग हैं। वे सत्ता पक्ष और सरकार के मार्गदर्शन में कार्य कर रहे हैं। अजय राय ने कहा कि निश्चित तौर पर यह बहुत ही घटिया वारदात हुई है और पीएम वहां जाकर फोटो खिंचवा रहे हैं। अब तक उन आरोपियों के ऊपर कारवाई नहीं हुई, क्योंकि उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। इस घटना में केवल खाना पूर्ति और दिखावा हो रहा है। खासकर प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में इस तरह की घटना हो रही है, तो पूरे प्रदेश का क्या हाल और जंगलराज चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की है वह सही साबित हो रही है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र में एक लड़की के साथ 23

नई काशी को देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला

वाराणसी, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में काशी का जो विकास हुआ है उस नई काशी को, उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं।

महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र काशी आगमन पर योगी ने कहा कि हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले

सीएम योगी ने पीएम मोदी को अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया, हस्तशिल्पियों को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

11 वर्षों में यहां 50000 करोड रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिन्ह के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला से निर्मित कमल छत्र भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने को उतावला दिखाई दे रहा था। 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां पर आकर बाबा विश्वनाथ के पावन धाम में दर्शन करके पुण्य के भागीदार बने।

महात्मा ज्योतिबा फुले को अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये।

योगी ने एक्स पर लिखा- प्रतिबद्ध समाज सुधारक, वंचितों-उपेक्षितों के प्रखर स्वर महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। जाति प्रथा, असमानता, अशिक्षा जैसी समाज में व्याप्त विभिन्न कुरीतियों के उन्मूलन हेतु उनका संघर्ष प्रेरणाप्रद और समूची मानवता के लिए मार्गदर्शक है।

संक्षिप्त समाचार

मायावती ने महाबोधि मंदिर में हिंदू प्रबंधक पर जताई आपत्ति

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने बिहार सरकार के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने बोधगया महाबोधि मंदिर प्रबंधन कानून 1949 और हाल ही में संसद से पारित हुए वक्फ कानून में किए गए बदलावों पर कड़ी आपत्ति जताई है। मायावती ने दोनों मामलों में सरकार से तत्काल संशोधन की मांग की है। लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए मायावती ने कहा कि बोधगया का महाबोधि मंदिर बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र तीर्थ स्थल है, लेकिन वहां की देखरेख और पूजा-पाठ में गैर-बौद्धों की भागीदारी बौद्ध समुदाय की आस्था के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि 1949 के कानून में मंदिर प्रबंधन समिति में चार हिन्दू और चार बौद्ध प्रतिनिधियों को शामिल किया गया था, जिसकी वजह से विवाद बढ़ा है। मायावती ने इस कानून को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। उन्होंने मांग की कि मंदिर की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ बौद्ध भिक्षुओं और अनुयायियों को दी जाए। मायावती ने हाल ही में पारित वक्फ कानून में गैर-मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड का सदस्य बनाने के प्रावधान को भी अनुचित करार दिया है। उन्होंने कहा कि इससे मुस्लिम समाज में भारी रोष है। बीएसपी प्रमुख ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वक्फ कानून को फिलहाल स्थगित कर उस पर पुनर्विचार किया जाए।

विजेंद्र ने कैग रिपोर्टो पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्त्व को रेखांकित किया तथा शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अलावा बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र ड्राल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) तथा दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे उपस्थित रहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री ने हमारे युवाओं को छोड़ दिया बेरोजगार: राहुल गांधी

मोदी की रोजगार योजना धरातल से गायब

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया है कि उन्होंने करीब एक साल पहले रोजगार से जुड़ी योजना की शुरुआत बड़े धूमधाम से की थी लेकिन उसके परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं।

गांधी ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस योजना के लिए बड़ी राशि का ऐलान कर इसके लिए धन भी आवंटित किया गया, लेकिन इस राशि को वापस कर दिया गया है और इस तरह प्रधानमंत्री की यह योजना भी जुमला बनकर रह गई है। गांधी ने कहा कि 2024 के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे युवाओं को रोजगार देने का वादा करते हुए बहुत धूमधाम से 'रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन' योजना की घोषणा की। यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि

रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा की, यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है

राहुल ने पीएम से किया सवाल

गांधी ने सवाल करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, आपने बहुत दिखावे के साथ ईएलआई की घोषणा की, लेकिन यह 10,000 करोड़ की योजना कहां गायब हो गई। क्या आपने अपने वादों के साथ-साथ हमारे बेरोजगार युवाओं को भी छोड़ दिया है। आप हर दिन नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन हमारे युवा अभी भी वास्तविक अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारत को जिन करोड़ों नौकरियों की सख्त जरूरत है, उन्हें पैदा करने के लिए आपकी ठोस योजना क्या है या यह सिर्फ एक और जुमला है। आप अपना ध्यान अडानी और अपने अरबपति मित्रों को समृद्ध करने से हटाकर हाशिए पर पड़े समुदायों के युवाओं को रोजगार तक समान पहुंच सुनिश्चित करने पर कब लगाएंगे।

मुझे लगता है कि मेरे इन विचारों से मोदी सहमत नहीं होंगे लेकिन यह पक्का है कि केवल बड़े कॉरपोरेट्स पर ध्यान केंद्रित करके, निष्पक्ष व्यवसायों की तुलना में कुछ पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर उत्पादन की तुलना में जोड़तोड़ के निर्माण को प्राथमिकता देकर और भारत के स्वदेशी कौशल की उपेक्षा करके नौकरियां पैदा नहीं की जा सकती। करोड़ों नौकरियां पैदा करने का तरीका एमएसएमई में बड़े पैमाने पर निवेश, निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा वाला बाजार, स्थानीय उत्पादन नेटवर्क के लिए समर्थन और कौशल से लैस युवाओं के माध्यम से है।

अधिवेशन का संदेश पूरे देश तक ले जाएं कांग्रेस कार्यकर्ता: खड़गे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुजरात के अहमदाबाद में आठ तथा नौ अप्रैल को आयोजित पार्टी के अधिवेशन की सफलता का श्रेय गुजरात प्रदेश कांग्रेस को देते हुए कहा है कि पार्टी के इन कार्यकर्ताओं में गजब की क्षमता है और इसका इसतेमाल सत्ता में वापसी के लिए करना है। खड़गे ने आयोजन के लिए गुजरात प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को विशेषतौर पर बधाई दी और कहा कि उनमें असीम क्षमता है और इसका इस्तेमाल कांग्रेस की वापसी के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरात में कांग्रेस की सरकार नहीं है, लेकिन गुजरात कांग्रेस की टीम ने प्रतिकूल परिस्थितयों में भी यह सफल आयोजन कर अपनी ने असाधारण क्षमता का परिचय है। खड़गे यहां जारी एक वीडिया संदेश में कहा कि मैं अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन का सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए देश भर के कांग्रेस के साथियों को बधाई और धन्यवाद देता हूं। विशेष तौर पर गुजरात प्रदेश कांग्रेस की टीम को मैं बधाई देता हूं, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों और हमारी सरकार न होने के बावजूद समर्पण के साथ इसे सफल बनाने में रात दिन का श्रम किया। हर कार्यकर्ता को हमारी बधाई। उन्होंने कहा कि इस मौके पर कांग्रेस के प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक दल के नेता, कांग्रेस सचिवों को विशेष तौर पर शुभकामना। कई वर्षों से गुजरात में कांग्रेस विपक्ष में है। फिर भी ये बहुत कामयाब आयोजन रहा। इसका संदेश देश से आए कांग्रेस सदस्य अपने इलाकों में पहुंचाएंगे।ह कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस अधिवेशन को सफल बनाने वाले गुजरात के साथियों को मैं कहना चाहूंगा कि आपमें गजब की संगठन क्षमता है। आप घरों से बाहर निकलिए। बदलाव आपकी प्रतीक्षा में है। आप सभी को शुभकामनाएं।

अब धर्म के नाम पर छात्रों से भेदभाव: अखिलेश

अलीगढ़, वार्ता

सपा सुप्रीमो व उत्तर प्रदेशके पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जमकर जुबानी हमला बोला है। वह अलीगढ़ के दौर पर थे।

सपा मुखिया ने कहा कि मौजूदा सरकार में जिस तरह से अन्न दाताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा। कानून व्यवस्था के नाम से लगातार आम जनता को परेशान किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अलीगढ़ में दावा किया कि योगी आदित्यनाथ को गद्दी से हटाने का प्रयास चल रहा है। इसी कारण अधिकारी अपनी तानाशाही चला रहे हैं। अखिलेश यादव ने जाति प्रमाण पत्र कैंसिल होने वाली छात्रा से भी मुलाकात की।

अखिलेश यादव ने कहा कि छात्रा ने सिर पर दुपट्टा रखने के बाद जाती प्रमाण पत्र अप्लाई किया था, लेकिन उसके बाद उसके जाति प्रमाण पत्र को महज धर्म के नाम पर रिजेक्ट कर दिया गया। यह पूरी तरीके से नाइंसाफी है। उन्होंने हर संभव मदद का आश्वासन छात्रा को दिया है। छात्रा ने बताया कि पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। दरअसल पूरा मामला जिला अलीगढ़ के थाना हरद. ुआगंज क्षेत्र का है, जहां गोल्डन रिसोर्ट में अखिलेश यादव ने सपा महिला

कानून-व्यवस्था के नाम पर जनता को कर रहे परेशान

नेत्री की बेटी की शादी में शिरकत की। इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने वक्फ बिल को काला कानून बताया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार उल्टे सीधे कानून लाकर लोगों को डराना चाहती है। वहीं राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सदन में जो बयान दिया गया था, उस बयान को सदन की रिकार्डिंग से हटा दिया गया है, जो बयान सदन की रिकॉर्डिंग से हटा दिया जाता है, उस पर कोई बातचीत नहीं होनी चाहिए। कासगंज की पटियाली विधानसभा की पूर्व विधायक नजीबा खान जीनत की बेटी के शादी समारोह में शिरकत करने अखिलेश यादव अलीगढ़ पहुंचे थे। बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भाजपा बार-बार बदलने की कोशिश कर रही है, जो देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है।

अर्थ व्यापार

टैरिफ पर अस्थायी रोक से शेयर बाजार को राहत

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ को 90 दिनों तक के लिए स्थगित रखने के निर्णय से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार ने राहत की सांस ली और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी करीब दो फीसदी तक उछल गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1310.11 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 75 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 75,157.26 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 429.40 अंक यानी 1.92 प्रतिशत की दमदार तेजी के साथ 22828.55 अंक पर बंद हुआ।

लिवाली की बदौलत सेंसेक्स-निफ्टी करीब दो फीसदी उछले

बीएसई का मिडकैप 1.84 प्रतिशत उछलकर 40,274.24 अंक और स्मॉलकैप 3.04 प्रतिशत मजबूत होकर 45,798.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 4079 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3115 में लिवाली जबकि 846 में बिकवाली हुई, वहीं 118 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2959 कंपनियों के शेयरों में से 2381 में तेजी जबकि 492 में गिरावट रही वहीं 86 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में जारी अनिश्चितता के बीच आज बाजार में भले ही गैप अप ओप. निंग देखने को मिली हो, लेकिन इसके लंबे समय तक टिके रहने की संभावना कम है। अमेरिकी बॉन्ड बाजार की तेज हलचल ने इस पर महत्वपूर्ण असर डाला है। दरअसल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा चीन को छोड़कर अन्य देशों पर लगाए गए पारस्परिक टैरिफ से पीछे हटने के पीछे प्रमुख कारण अमेरिकी बॉन्ड बाजार में आई उथल-पुथल रही। अमेरिकी ट्रेजरी में भारी बिकवाली के चलते सुरक्षित निवेश का रुझान घटा और 10 वर्षीय बॉन्ड ईल्ड बढ़कर 4.5 प्रतिशत तक पहुंच गई।

ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री से मिली सीतारमण

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता. रमण ने वियना में ऑस्ट्रिया के संघीय वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर से मुलाकात की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। वित्त मंत्रालय ने कल देर रात 'एक्स' पर यह जानकारी दी और कहा कि मार्टरबाउर ने ऑस्ट्रिया और भारत को साझा मूल्यों वाला स्वाभाविक सहयोगी बताया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख पहलुओं, प्रमुख सुधारों और नीतिगत उपायों को साझा किया। श्रीमती सीतारमण ने ई-मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर के क्षेत्रों में राष्ट्रीय निवेश और अवसं. रचना कोष के माध्यम से और दोनों पक्षों की स्टार्ट-अप कंपनियों के बीच विशेष रूप से फिनटेक में निवेश और व्यापार सहयोग के अवसरों को रेखांकित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने श्री मार्टरबाउर को सहयोग के लिए क्षेत्रीय अवसरों का पता लगाने और एक-दूसरे के साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आने के लिए आमंत्रित किया।

पाम ऑयल सस्ता, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल सस्ता हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 14 रिंगिट बढ़कर 4458 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.48 सेंट उतरकर 46.80 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल

और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750- 6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500- 8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

प्रथम पृष्ठ के शेष...

प. बंगाल....

सामाजिक संगठनों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की है। महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों को इस अभियान में शामिल होने की अपील की है। कोलकाता की आलिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मुस्लिम संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। वहीं महाराष्ट्र- मुंबई में एआईएमआईएम के विरोध के दौरान नेता वारिस पठान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जबकि जम्मू- कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी आफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर रोका। नेशनल कांफ्रेंस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। लॉ बोर्ड महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया है। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सां. प्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा कि यह अभियान वक संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। यह विधेयक वक संपत्तियों की प्रकृति और स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा, जिसे वे इस्लामी मूल्यों, शरीयत, धार्मिक स्वतंत्रता और भारतीय संविधान के खिलाफ मानते हैं। बोर्ड के मुताबिक आंदोलन तब तक चलेगा, जब तक विधेयक पूरी तरह निरस्त नहीं हो जाता। इसे वक बचाओ, संविधान बचाओ अभियान का नाम दिया गया है, क्योंकि बोर्ड इसे संवैधानिक अधिकारों से जोड़ता है।

हर मामले की...

महानिरीक्षक (आईजी) बता उसे धमकी दी और 1.49 करोड़ रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। कारोबारी ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे और उसके सहयोगियों को अपने साथ काम करने के लिए मजबूर किया और पैसों की जबरन वसूली की। शिकायतकर्ता ने राज्य पुलिस से जांच को सीबीआई को ट्रांसफर करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। हाईकोर्ट ने कारोबारी की याचिका को स्वीकार कर लिया और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए। इसके बाद, आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अपने 2 अप्रैल के फैसले में, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका में अस्पष्ट और बेबुनियाद आरोप लगाए गए थे। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि पुलिस अधिकारी अपीलकर्ता से परिचित थे और वे भी मामले में शामिल हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता के ये दावे बिल्कुल भी पुष्ट नहीं हैं।

निजी स्कूलों की... सरकारी स्कूलों की पढ़ाई बेहतर हो, तो अमीर परिवार भी वहां बच्चों को पढ़ाना चाहेंगे।

2. अंकुज चौधरी, अध्यक्ष प्रतिनिधि गढ़ीपुख्ता का कहना है कि प्राइवेट स्कूलों की फीस इस कदर बढ़ चुकी है कि आम आदमी के लिए बच्चों को पढ़ाना सपना बन गया है। सरकार को इस पर ठोस नीति बनानी चाहिए। शिक्षा हर बच्चे का हक है। सरकार को चाहिए कि सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता बढ़ाए और निजी स्कूलों की तरह जागरूकता अभियान चलाए।

3. आरिफ राणा का कहना है कि प्राइवेट स्कूल तो प्रचार में लाखों खर्च कर रहे हैं, लेकिन सरकारी स्कूलों की हालत दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सरकार को स्कूलों की ब्रांडिंग पर भी ध्यान देना होगा।

4. मुस्तकीम सैयद ने कहा कि एक नर्सरी के बच्चे की किताबें ही दो हजार रुपये से ऊपर की आ रही हैं, यह आम जनमानस के साथ सीधा अन्याय है। शिक्षा के नाम पर शोषण हो रहा है, प्राइवेट स्कूलों पर शासन को गाइडलाइन बनानी चाहिए, अन्यथा सरकारी विद्यालयों में और मेहनत होनी चाहिए।

5. शरीफ अहमद चौधरी ने कहा कि हमारे गांवों में अब लोग मजबूरी में ही सरकारी स्कूलों का रुख करते हैं। अगर सरकारी स्कूलों में सुविधाएं और माहौल सुधरे, तो आज भी ये स्कूल सबसे बेहतर विकल्प हो सकते हैं। प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा को पूरी तरह से मुनाफे का व्यापार बना लिया है।

फसलों के नुकसान का आकलन करें अफसर

किसानों के नुकसान की होगी भरपाई, कृषि मंत्री ने किया ऐलान

पीएम फसल बीमा योजना के तहत की जाएगी भरपाई

लखनऊ। यूपी में हाल ही में बदले मौसम के मिजाज और कई जनपदों में हुई भारी बारिश व आंधी-तूफान के चलते किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किसानों को त्वरित राहत दिलाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहां के अधिकारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करने के लिए कहा गया है।

कृषि मंत्री ने स्पष्ट किया कि फसलों को हुए नुकसान की भरपाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत की जाएगी। इसके लिए प्रभावित किसानों का सर्वे तेजी से किया जाएगा, ताकि उन्हें समयबद्ध तरीके में राहत राशि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और किसी भी किसान को नुकसान की स्थिति में अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद इस स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कोई भी पात्र

किसान मुआवजे से वंचित न रहे। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनके नुकसान की भरपाई जल्द से जल्द मिले, ताकि वे अपनी अगली फसल की तैयारी बिना किसी बाधा के कर सकें। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग ने जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे बिना देरी किए सर्वे का काम पूरा करें और रिपोर्ट सरकार को उपलब्ध कराएं। इससे फसल बीमा योजना के अंतर्गत राहत प्रक्रिया में तेजी लाई जा सकेगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सस्ते हवाई टिकट का झांसा देकर ठगा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस ने सस्ते दाम में हवाई टिकट देने का झांसा देकर ठगी करने वाले एक गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के सरगना लाजपत नगर निवासी सलमान सईद सिद्दीकी और साथी विरार ईस्ट, मुबंई निवासी रोहित राजाराम को गिरफ्तार किया है।

मूल रूप से प्रयागराज, यूपी निवासी सरगना सईद सिद्दीकी मुंबई में भी इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार हो चुका है। जेल से निकलने के बाद उसने दिल्ली में अपना ठिकाना बनाया और ठगी को अंजाम देने लगा।

शिकायतकर्ता ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर दिल्ली से टोरंटो के लिए सस्ते दामों पर हवाई टिकट का विज्ञापन देखा। वहां एक लिंक था, जिसको क्लिक करते ही उनकी वर्चुअल नंबर पर व्हाट्सएप पर चौट होने लगी। जालसाजों ने उन्हें सस्ते दाम पर कनाडा का टिकट देने की बात कही और फिर उनका विवरण लिया। आरोपियों ने सबसे सस्ती कीमत पर दिल्ली से टोरंटो का हवाई टिकट बुक किया। फिर शिकायत कर्ता से करीब ४८ हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए, लेकिन बाद में टिकट फर्जी निकला।

शिकायत मिलने के बाद निरीक्षक रमन कुमार सिंह के नेतृत्व में साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने संदिग्ध नंबरों और बैंक खातों में पंजीकृत मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल प्राप्त की। जिसके जरिये पुलिस टीम ने मुंबई के चर्नी रोड और विरार ईस्ट में छापे मारे। जहां से आरोपी रोहित राजाराम घनेकर व सलमान सईद सिद्दीकी के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद रोहित को मुंबई और सलमान को लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से १२ मोबाइल, तीन लैपटॉप, २२ डेबिट और क्रेडिट कार्ड, ६ चेकबुक, ४ वाईफाई राउटर, एक टैब फोन, एक वाईफाई पॉड, स्टाम्प और तीन सिम कार्ड बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया है कि वह दिल्ली में अब तक २० लोगों से ठगी कर चुका है। दिल्ली पुलिस ने नेशनल क्राइम पोर्टल से इस तरह की और शिकायतों के बारे में जानकारी मांगी है।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि इसमें शिकायतकर्ताओं की संख्या बढ़ सकती है। जांच में पता चला कि सलमान सईद सिद्दीकी को इसी तरह के ठगी के एक मामले में ग्रेटर मुंबई के सहार थाना पुलिस २०२३ में १६ आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया था। जिसमें उसने सस्ती अंतरराष्ट्रीय टिकटें देने का लालच देकर लोगों को ठगा था।

प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या, इलाके में सनसनी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को बदमाशों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। पश्चिम विहार वेस्ट थाना क्षेत्र स्थित स्टेट बैंक नगर में बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, वारदात को अंजाम देकर बदमाश आसानी से फरार हो गए।

बताया गया कि प्रॉपर्टी डीलर फॉर्च्यूनर कार में बैठे थे। इसी दौरान बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया। उधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी हत्या का कारण सामने नहीं आ सका है। पुलिस के अनुसार, यह घटना आज यानी शुक्रवार सुबह करीब सात बजे की है और मृतक का नाम राज कुमार दयाल है। परिजनों ने फिलहाल किसी से दुश्मनी होने से इनकार किया है। बताया गया कि घटना के दौरान मौके पर करीब एक दर्जन राउंट गोली चली। इससे आसपास के लोग भी दहल उठे। उधर, पुलिस हमलावरों की पहचान करने में जुटी हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरो. पियों की तलाश कर रही है।

दिनदहाड़े हुई लाखों की रॉबरी का मामला सुलझा, दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस के लाहौरी गेट थाने की टीम ने दिनदहाड़े हुई लाखों की रॉबरी का मामला सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से से ६५,८४०/- रुपए बरामद किए है। रॉबरी की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी अपने पैतृक गांव भाग गए और फिर लूटी गई रकम को आपस में बांट लिया था।

दिल्ली के उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बाठिया ने बताया कि २ अप्रैल को एक व्यक्ति ने लाहौरी गेट थाने में शिकायत दर्ज कराई कि कूचा घासी राम से पेमेंट लेने के बाद वह बैग लेकर अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था जिसमें ३,३५,६००/- रुपए की राशि थी। जब वह शाम करीब ०५:४५ बजे लाहौरी गेट स्थित मक्खन लाल हलवाई के सामने पहुंचा तो इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने अचानक उनके माथे पर किसी कठोर वस्तु से वार किया, जिससे पीड़ित को कुछ देर के लिए चक्कर आने लगा तथा वह व्यक्ति शिकायतकर्ता का नकदी से भरा बैग लेकर मौके से भाग गया।

इसके बाद लाहौरी गेट थाने में मामला दर्ज कर एसीपी कोतवाली शंकर बनर्जी की देखरेखमें एसएचओ लाहौरी योगेश्वर सिंह के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी निगरानी और मानव खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी संदीप (२३)और उसके सहयोगी परशु राम निषाद (२८) को उनके पैतृक गांव से गिरफ्तार कर ६५,८४० रुपए बरामद किए है।पुलिस पूछताछ के दौरान, दोनों आरोपियों ने बताया कि वे एक ही गांव के रहने वाले हैं और उन्होंने रॉबरी के इस मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की। घ्आरोपी संदीप ने बताया कि वह शिकायतकर्ता की नकदी इकट्ठा करने की गतिविधियों से अच्छी तरह वाकिफ था, जिसके कारण उसने अपने सहयोगी परशु राम निषाद के साथ रॉबरी की योजना बनाई।घटना के दिन, संदीप ने परशु राम निषाद को सूचना दी, जिसने पीड़ित का कुचा घासी राम से पीछा किया और उसके माथे पर ईंट से वार करके उसे लूट लिया, जिसे उसने पहले से ही बैग में छिपा रखा था। इसके बाद दोनों आरोपी दिल्ली के झंडेवालान में अपने पैतृक गांव डोमरिया गंज, उत्तर प्रदेश चले गए, जहां उन्होंने बाद में रॉब रकम को आपस में बांट लिया।

एक नजर

49.19 करोड़ के राइट्स इश्यू की घोषणा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। फार्मास्युटिकल इंटरमीडिएट्स और स्पेशियलिटी केमिकल्स बनाने वाली रिमेडियम लाइफकेर लिमिटेड को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज से अपने प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए मंजूरी मिल गई है। इस मंजूरी के बाद तेजी से बढ़ रही ये कंपनी अब अपने मौजूदा शेयरधारकों से पूंजी जुटा सकेगी, जिससे उसकी वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और वह अपने मैन्युफैक्चरिंग, नए प्रोडक्ट्स का विकास और वैश्विक बाजार में विस्तारख्र को आगे बढ़ा सकेगी। कंपनी के होलटाइम डिरेक्टर आदर्श मुन्जाल ने कहा, BSE की यह मंजूरी हमारे सफर में एक महत्व का कदम है। हम अपने ऑपरेशंस को जिम्मेदारी और सस्टेनेबल तरीके से बढ़ाते हुए शेयरधारकों के लिए मूल्य बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम 'म्यूजिकल महफिल' आयोजित

नई दिल्ली। शास्त्री नगर स्थित ए. पी. वी. स्टूडियो में एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'म्यूजिकल महफिल' का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य उभरते हुए गायक कलाकारों को मंच प्रदान करना था। इस खास आयोजन का नेतृत्व अरविंद वत्स और श्वेता चुग ने किया, जिनके मार्गदर्शन में दिल्ली-एनसीआर के प्रोफेशनल और उभरते हुए गायक कलाकारों ने अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान एक और खास पल तब आया जब केक काटकर अरविंद वत्स का जन्मदिन भी साथ मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में फेस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी ने शिरकत की और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉक्टर मुश्ताक अंसारी ने अपने विचारों से अवगत कराते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में जहाँ देश में नफरत का वातावरण देखने को मिल रहा है, ऐसे माहौल में इस तरह की महफिलें आपसी सौहार्द को बल प्रदान करती हैं जहाँ सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक छत के नीचे साथ नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद वत्स एक बेहतरीन इंसान हैं, जिनके निमंत्रण पर दूर-दूर से लोग इस आयोजन में शामिल हुए।

वर्ल्ड-क्लास मैन्युफैक्चरिंग हब शुरू किया

नई दिल्ली। उत्पादन क्षमता में तेजी लाते हुए और सस्टेनेबल परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, मैटर ने अहमदाबाद के चांगोदर में अपने पहले वर्ल्ड-क्लास मैन्युफैक्चरिंग हब की शुरुआत की है। मैटर के को-फाउंडर और ग्रुप सीईओ मोहाल लालभाई ने कहा कि यह हमारे लिए और भारत के ईवी इकोसिस्टम के लिए एक निर्णायक क्षण है। हमारा मैन्युफैक्चरिंग हब टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की ताकत के जरिए भारत के मोबिलिटी सिस्टम को बदलने के लिए तैयार है।

अमेजन क्यू डेवलपर पर मिलेगा आपकी भाषा में जवाब

नई दिल्ली। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की दुनिया तेजी से ग्लोबल हो रही है। इसलिए ऐसे टूल्स बहुत आवश्यक होते जा रहे हैं, जो कई भाषाओं को सपोर्ट करते हों। अमेजन क्यू डेवलपर पूरी दुनिया में डेवलपर्स द्वारा आर्किटेक्चर पर बातचीत करने, डॉक्युमेंटेशन बनाने, इंटरफेस डिजाईन करने तथा एप्लीकेशंस का निर्माण करने के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है । प्रोग्रा. मिंग में सबसे ज्यादा उपयोग इंग्लिश भाषा का होता है। आधुनिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में कोड के अलावा भी बहुत कुछ शामिल है। पूरे विश्व के डेवलपर्स आर्किटेक्चर के निर्णयों के बारे में बातचीत करने, डॉक्युमेंटेशन बनाने, यूजर इंटरफेस डिजाईन करने, और पूरे विश्व के ग्राहकों सेवाएं देने वाली एप्लीकेशंस बनाने के लिए अमेजन क्यू डेवलपर का उपयोग करते हैं। लैंग्वेज सपोर्ट के विस्तार के बाद अब डेवलपर्स अमेजन क्यू डेवलपर की मदद से जटिल तकनीकी सिद्धांतों के बारे में ज्यादा स्वाभाविक और सरल बातचीत अपनी खुद की भाषा में कर सकेंगे ।

बुजुर्गों के लिए किफायती बीमा उत्पाद पेश किए

नई दिल्ली। आपकी 60 के बाद की जिंदगी के लिए ऐप जेनएस लाइफ ने भारत के वरिष्ठ नागरिकों के लिए अपने अनूठे इंश्योरेंस प्रॉडक्ट्स लॉन्च किये हैं। यह प्रॉडक्ट्स बुजुर्गों की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करेंगे और उनके सुनहरे वर्षों में उन्हें वित्तीय सुरक्षा और मानसिक सुकून देंगे।

जेनएस लाइफ को जेनसिक्स्टी ट्राइब ने बनाया है। यह एक शानदार और टेक-इनेबल्ड प्लेटफॉर्म है जो 60 से अधिक उम्र के लोगों को एक अच्छी जिंदगी जीने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। जेनएस लाइफ की फाउंडर मीनाक्षी मेनन का कहना है, जेनएस लाइफ सिर्फ एक ऐप नहीं है; यह भारत में बूढ़े होने के बारे में लोगों की सोच बदलने का एक तरीका है। हमारा मानना है कि 60 के बाद की उम्र अपनी मर्जी से जीने का समय है, और हमारे इंश्योरेंस प्लान्स बुजुर्गों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के लिए बनाए गए हैं ताकि वे ऐसा कर सकें।

युवाओं में दिल के दौरे का बढ़ता खतरा

नई दिल्ली। दिल के दौरे अब सिर्फ बुजुर्गों तक सीमित नहीं रह गए हैं। हाल के वर्षों में, युवा वयस्कों में दिल के दौरे के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जहाँ हर 5 में से 1 दिल का दौरा पड़ने वाला मरीज ४० वर्ष से कम उम्र का है। यद्यपि आनुवंशिकी भी इसमें भूमिका निभाती है, लेकिन खराब आहार, व्यायाम की कमी, धूम्रपान और उच्च तनाव जैसे परिवर्तनीय जोखिम कारक समय से पहले हृदय रोग (सी.वी.डी.) के बढ़ते बोझ में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मैक्स हॉस्पिटल नोएडा के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. बीएल अग्रवाल कहते हैं, हृदय रोग की शीघ्र शुरुआत की खतरनाक प्रवृत्ति को कम करने के लिए निवारक उपाय और प्रारंभिक हस्तक्षेप महत्वपूर्ण हैं। युवा वयस्क अक्सर चेतावनी के संकेतों को अनदेखा कर देते हैं, यह मानकर कि यह लक्षण या समस्याएँ जोखिम के लिए बहुत छोटे हैं। हालाँकि, लक्षणों को पहचानना और तुरंत चिकित्सा सहायता लेना जान बचाने के लिए सहायक साबित हो सकता है।

डीटीसी डिपो में खड़ी बस बनी आग का गोला

नई दिल्ली। रोहिणी सेक्टर 37 स्थित डीटीसी डिपो में खड़ी बस में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग बस की छत पर बैटरी केबिन में लगी। आग को बैटरी केबिन में ही नियंत्रित कर लिया, इस वजह से आग पूरी बस को अपनी जद में नहीं ले पाई। एहतियाती तौर पर डिपो से अन्य बसों को हटा लिया गया।

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता?दिल्ली विधानसभा परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के अवसर पर रविंदर सिंह इंद्राज (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री) का अभिवादन करते हुए।

विधानसभा परिसर में अंबेडकर जयंती पर चित्रकला प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि "बाबा साहब का जीवन हमें संघर्ष, धैर्य और आत्मबल का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने समाज को ज्ञान का अमृत दिया और स्वयं अपमान का जहर पी गए। बाबा साहब के संघर्षों से हमें सीखना चाहिए कि जीवन भी एक दौड़ हैख्रयदि हम बिना थके चलते रहें, तो मंजिल जरूर मिलती है।

विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के अवसर पर बोल रहे थे।भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की १३४वीं जयंती के अवसर पर आज दिल्ली विधान सभा परिसर में दिव्यांग चित्रकला समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि और रविंदर सिंह इंद्राज (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति थे। विजेंद्र गुप्ता ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। गुप्ता ने इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले को पुष्पांजलि अर्पित की। गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल एक रचनात्मक क्रियाकलाप नहीं, बल्कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का अवसर है। गुप्ता ने बताया कि बाबा साहब का योगदान सिर्फ संविधान निर्माता के रूप में नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी समाज सुधारक के रूप में भी अमूल्य है। उनके विचार आज भी हर बदलाव, हर आंदोलन में जीवंत हैं। चित्रकला प्रदर्शनी पर अपने विचार रखते हुए अध्यक्ष ने कहा, शब्दों के बिना बोलने वाली कला, बाबा साहब के विचारों को रंगों के माध्यम से जीवंत करती है। एक रेखाचित्र हजार शब्दों से अधिक असरदार होता है।"दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग मंत्री रविन्द्र सिंह इन्द्राज ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा है।

साई बाबा की भूमिका में नजर आएंगे विनीत रैना

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन जल्द ही अपने नए शो शिर्डी वाले साई बाबा के साथ भक्ति और श्रद्धा की दिव्यता को आपके टीवी स्क्रीन पर लाने के लिए तैयार है। इस शो में प्रतिभाशाली विनीत रैना साई बाबा की भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह शो दर्शकों को एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाएगा, जो दिल को छू लेने वाली कहानियों, गूढ़ शिक्षाओं और सच्ची भक्ति के पलों से भरी होगी। शो के बारे में बात करते हुए विनीत रैना ने कहा, "शिर्डी वाले साई बाबा की भूमिका निभाना वास्तव में मेरे लिए एक आशीर्वाद ही है।

यमुना नदी में कूदे व्यक्ति को पुलिस ने बचाया

नई दिल्ली। दिल्ली में सिग्नेचर ब्रिज से यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाले ३० वर्षीय एक व्यक्ति को पुलिस दल ने बचा लिया। पुलिस के मुताबिक यह घटना मंगलवार दोपहर १२.२० बजे की है, जब दिल्ली के ढाका गांव के रहने वाले विक्की (३०) नामक व्यक्ति ने अपने पिता से झगड़े के बाद नदी में छलांग लगा दी। उस क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात गश्ती दल के कर्मचारी हेड कांस्टेबल अजय, ओम प्रकाश और मूला राम ने यह वाकया देखा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गश्ती दल ने तुरंत घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी।इसके बाद पुलिसकर्मियों की टीम ने निजी गोताखोरों और नाव की मदद से विक्की को बेहोशी की हालत में नदी से बाहर निकाला। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, विक्की को तुरंत चिकित्सा सहायता दी गई और उसके पिता को इस बारे में सूचित किया गया। बाद में आवश्यक उपचार के बाद उसे उसके परिवार को सौंप दिया गया।

सुनील दीवानजी फेडरल बैंक के नेशनल हेड कंज्यूमर बैंकिंग नियुक्त

नई दिल्ली। फेडरल बैंक ने विराट सुनील दीवानजी को नेशनल हेड कंज्यूमर बैंकिंग नियुक्त किया । दीवानजी फेडरल बैंक में उपभोक्ता बैंकिंग में 30 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। फेडरल बैंक में शामिल होने से पहले, उन्होंने कोटक महिंद्रा बैंक में ग्रुप प्रेसिडेंट और कंज्यूमर बैंक के प्रमुख के रूप में कार्य किया। उनके शानदार करियर में फोर्ड क्रेडिट और एएफ फर्ग्यूसन एंड कंपनी में महत्वपूर्ण भूमिकाएँ भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, दीवानजी कई कंपनियों के बोर्ड में गैर-कार्यकारी निदेशक/स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्य करते हैं। उनके पास बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री है।

छात्रों को निशाना बनाने वाले ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़, दो विदेशी धरे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने छात्रों को निशाना बनाने वाले एक इंटरनेशनल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ कर दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से 700 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली स्मैक/चिट्टा बरामद की है जिसकी कीमत इंटरनेशनल मार्किट में एक करोड़ से अधिक है।

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि अपराध शाखा द्वारा ड्रग्स की तस्करी, आपूर्तिकर्ताओं और विक्रेताओं के खिलाफ एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। इसके तहत एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में एसआई अबोध शर्मा, एएसआई दीप चंद, हेड कांस्टेबल संजय, संदीप, सुक्रम, मनीष, विनोद और कांस्टेबल सुमित की टीम ने गोपनीय मुखबिरों और निरंतर निगरानी का उपयोग करते हुए कार्टेल के संचालन के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र की।

इसी बीच हेड कांस्टेबल संजय और कांस्टेबल सुमित को एक गुप्त सूचना मिली । इस सूचना के आधार पर कृष्णा पार्क एक्सटेंशन, न्यू महाव. ीर नगर, तिलक नगर,में छापा मार कर दो विदेशी नगारिकों को पकड़ लिया गया।पुलिस ने उनके पास से ७०० ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली स्मैक/चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे अफ्रीका में रहने वाले नाइजीरियाई नागरिक डागरी जीन मार्क के निर्देशों के तहत काम करते थे।

मार्क, जो पहले भारत में रहता था, ने तिलक नगर क्षेत्र में एक मजबूत परिचालन आधार स्थापित किया, जिससे नशीले पदार्थों के वितरण में मदद मिली। पुलिस द्वारा जांच में आगे पता चला कि कार्टेल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और पंजाब में निजी विश्वविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करने के बहाने अफ्रीकी नागरिकों को भारत में प्रवेश करने में सक्षम बनाने के लिए छात्र वीजा प्रावधानों का फायदा उठाया।

मेयर ने आयुक्त को हटाने के लिए गृह मंत्री को लिखा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली एमसीडी के मेयर ने आयुक्त को हटाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयुक्त सदन को विश्वास में लिए बिना जनता की कमर तोड़ने वाले टैक्स लगा रहे हैं और विभिन्न मामलों में फीस बढ़ा रहे हैं।

वहीं इससे पहले मेयर ने यूजर चार्ज के खिलाफ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखा था। आयुक्त के निर्णय को जनविरोधी बताते हुए कहा था कि जनता से अन्याय किया जा रहा है। एमसीडी आयुक्त की ओर से घरों से कूड़ा उठाने के लिए यूजर चार्ज वसूलने के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ रही है। मेयर मुकेश कुमार ने नागरिकों पर यूजर चार्ज के खिलाफ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर फैसले पर पुनर्विचार की मांग की।

पत्र में मेयर ने इसे जनविरोधी करार देते हुए कहा था कि जब तक एमसीडी हर घर से समय पर और संतोषजनक ढंग से कूड़ा नहीं उठा पाती, तब तक इस तरह का चार्ज लागू करना जनता के साथ अन्याय है।

उन्होंने मुख्यमंत्री का ध्यान दिल्ली सरकार की उस अधिसूचना की ओर दिलाया जिसके तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए यूजर चार्ज लगाने की बात कही गई थी, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि इसे लागू करने से पहले जनता को बेहतर सेवाएं देना पहली शर्त होनी चाहिए।

सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत बाहरी जिला पुलिस ने सात बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। सभी पीरागढ़ी इलाके में छिपने का ठिकाना तलाश कर रहे थे। कुछ दिन पहले पकड़े गए एक बांग्लादेशी नागरिक ने इनके बारे में पुलिस को जानकारी दी थी। पुलिस ने सभी को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय में पेश करने के बाद इनको निर्वासित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने सभी को हिरासत केंद्र में भेज दिया है।

जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ जिला पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक इस क्षेत्र में करीब १५०० संदिग्ध लोगों की जांच की जा चुकी है, जिसमें से चार लोग पहले ही पकड़े जा चुके हैं। निरीक्षक सुंदर सिंह के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स ने कुछ दिन पहले सुल्तानपुरी से एक संदिग्ध बांग्लादेशी मोहम्मद अफजल को पकड़ा। जिसने बताया कि १० अप्रैल २०२५ को पीरागढ़ी कैंप में कुछ और बांग्लादेशी नागरिक छिपने के लिए ठिकाने की तलाश में आने वाले हैं। पुलिस टीम ने निगरानी शुरू कर दी। पुलिस ने पीरागढ़ी के मुख्य रोहतक रोड पर काली माता मंदिर के पास सात लोगों को पकड़ लिया। इन लोगों के पास कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।

शुरुआत में उन्होंने कोई पहचान पत्र देने से इनकार कर दिया। लेकिन कड़ाई से पूछताछ कर पर्यटक वीजा पेश किया, जिसकी अवधि समाप्त हो गई थी। इनकी पहचान सोहाग, मोहम्मद शाहिद उल्लाह कौहर भुइयां, मोहम्मद साजिब हसन, लिटन मलिक, मोहम्मद मिजानपुर रहमान, मोहम्मद जकारिया और बिस्वजीत चंद्र बर्मन के रूप में हुई। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि बांग्लादेशी नागरिकों को अपने देश से यूरोपीय देशों में वीजा प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए वह भारत में अवैध रूप से या फिर पर्यटक वीजा लेकर प्रवेश करते हैं और फिर यहां भारतीय दस्तावेज का इंतजाम करने के बाद डंकी रूट से यूरोप पहुंचने की कोशिश करते हैं।

जॉब फेयर 2025 का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। लिंग्याज ललिता देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंसेज (एल.एल.डी.आई.एम.एस.) ने भर्तीकर्ताओं और छात्र-छात्राओं दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसरों को बढ़ावा देते हुए सफलता के साथ अपने जॉब फेयर 2025का समापन किया। एल.एल. डी.आई.एम.एस. परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न उद्योगों में फैले 34 प्रमुख संगठनों की उत्साहजनक भागीदारी देखी गई, जो महत्वाकांक्षी युवा पेशेवरों को इंटर्नशिप और पूर्णकालिक प्लेसमेंट की संभावनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं।

एल.एल.डी.आई.एम.एस. के निदेशक डॉ. प्रणव मिश्रा ने शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करने में संस्थान की भूमिका के लिए संतोष और दृष्टिकोण व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ष एल.एल.डी.आई.एम.एस. में, हम मजबूत उद्योग-अकादमिक संबंधों को विकसित करने और अपने छात्र-छात्राओं को वास्तविक दुनिया के अवसरों से लैस करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं जो उनके पेशेवर विकास को सुविधाजनक बनाते हैं।

'द डर्टी पिक्चर' को लेकर एकता कपूर ने किया खुलासा

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। फिल्म मेकर एकता आर कपूर ने एक इवेंट के दौरान खुलासा किया कि द डर्टी पिक्चर जब प्लान हो रही थी, तब कागजों पर उसका बजट करीब 10-12 करोड़ रुपये तक ज्यादा जा रहा था। इसके बावजूद उन्होंने रिस्क लेने का फैसला किया और कुछ समझदारी भरे कॉस्ट-कटिंग उपायों के साथ फिल्म को आगे बढ़ाया। बाकी तो इतिहास है! द डर्टी पिक्चर ने बॉक्स ऑफिस पर 112 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की और विद्या बालन को इस फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।

मेरी एक फिल्म थी द डर्टी पिक्चर एक ऐसी महिला की कहानी थी जिसने मेल-डॉमिनेटेड फिल्म इंडस्ट्री को चुनौती दी थी। ये एक सच्ची कहानी थी, लेकिन हम उसके राइट्स नहीं खरीद सके। तो हमने सोचा कि ऐसी और भी कई महिलाएं रही हैं, तो हम एक नया कैरेक्टर बनाएंगे।

दिल्ली के सराय काले खां स्टेशन तक जल्द दौड़ेगी नमो भारत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के दिल्ली सेक्शन में एनसीआरटीसी ने कॉरिडोर के परिचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां नमो भारत स्टेशनों के बीच के खंड में ओएचई को २५ केवी की क्षमता पर चार्ज कर दिया गया है, यानी अब ट्रेनों के परिचालन के लिए दोनों स्टेशनों के बीच स्थापित की गई ओएचई का विद्युतीकरण कर दिया गया है।

जल्द ही इस सेक्शन में ट्रायल रन आरंभ किया जाएगा। न्यू अशोक नगर और सराय काले खां नमो भारत स्टेशन के बीच लगभग चार किमी का खंड है, जिस पर भविष्य में सराय काले खां आरएसएस से विद्युत की आपूर्ति की जाएगी। इस आरएसएस पर ६६ केवी की विद्युत आपूर्ति होगी, जहां से सेक्शन में ट्रेनों के संचालन के लिए २५ केवी और कॉरिडोरपर बने स्टेशनों के लिए ३३ केवी विद्युत आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए एनसीआरटीसी ने दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड और गैस टर्बाइन पावर स्टेशन (जीटीपीएस) के साथ करार किया है। वर्तमान में, इस खंड में विद्युत की आपूर्ति गाजियाबाद आरएसएस द्वारा की जा रही है।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं

फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

चोरी के सामान के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार, दस लाख का माल बरामद

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी के सामान के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई 63 पेटी एवरेडी 12W LED बल्ब (कुल 1890 पीस) और 12 पेटी 8W सीलिंग लाइट (कुल 480 पीस) बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, थाना नंदग्राम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी के सामान के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम गठित की और अभियुक्त की तलाश शुरू की। सघन जांच और गुप्त निगरानी के बाद पुलिस ने अभियुक्त को धर दबोचा।

अभियुक्त से पूछताछ में पता चला कि वह चोरी का यह सामान विभिन्न स्थानों से एकत्र कर अवैध रूप से बेचने की फिराक में था। बरामद सामान में शामिल 63 पेटी 12W LED बल्ब और 12 पेटी 8W सीलिंग लाइट की जांच से यह स्पष्ट हुआ कि ये हाल ही में हुई चोरी की वारदातों का हिस्सा हैं। पुलिस ने

सामान को जब्त कर लिया है और अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अपराधियों के लिए एक कड़ा संदेश है। उन्होंने कहा, हमारी टीम क्षेत्र में अपराध को रोकने के लिए दिन-रात काम कर रही है। इस तरह की कार्रवाइयां न केवल चोरी की घटनाओं को कम करेंगी, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास भी बढ़ाएंगी।

पुलिस ने बरामद सामान को उसके मूल मालिक या संबंधित पक्ष तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही, अभियुक्त से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि उसके अन्य आपराधिक कृत्यों और संभावित गिरोह का पता लगाया जा सके। पुलिस को संदेह है कि अभियुक्त का संबंध अन्य चोरी की वारदातों से भी हो सकता है। क्षेत्र के व्यापारियों और निवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की सतर्कता से न केवल उनका भरोसा बढ़ा है, बल्कि व्यापारिक नुकसान को भी कम करने में मदद मिलेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने सामान की सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। थाना नंदग्राम पुलिस की यह कार्रवाई न केवल उनकी कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

वृद्धाश्रम में किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। रेखा देवी मेमोरियल हॉस्पिटल डासना के द्वारा आवासीय वृदाश्रम दुहाई प्रांगण में भव्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉक्टर एस. मलिक, डा. शिवानी सहयोगियों फार्मासिस्ट साक्षी यादव और मिंकू शर्मा की उपस्थिति एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा।

शिविर में आये 60 से अधिक लोगो ने अपनी जांच कराई, शिविर में सामने स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर व फिजियोथेरेपी इत्यादि का लाभ मरीजों ने प्राप्त किय। चिकित्सको ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श भी दिया।

अस्पताल व एस डी जी आई विश्वविद्यालय के चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल के सौजन्य से आने वाले

समय में भी जरुरतमंदो तक चिकित्सा का लाभ पहुंचने के लिए ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाए जायेगे।

सपाईयों ने मनाई महात्मा ज्योतिराव फूले जी की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फूले जी की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पुष्प अर्पित कर मनाई।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा राज देवी चौधरी महानगर अध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया छात्र सभा जिला अध्यक्ष अंशु ठाकुर प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन बाबासाहेब वाहिनी प्रदेश सचिव कृष्ण ढाको. लिया जिला सचिव कृष्ण यादव महानगर सचिव सोनू सैनी महानगर सचिव शैलेश चंद्र गौतम महानगर सचिव साजिद सैफी महानगर सचिव नवीन कुमार शर्मा रिजवान चौधरी रविंद्र कुमार महानगर सचिव सुनील जिंदल मनीष यादव युवा सपा नेता राहुल रावत कार्यालय प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

महात्मा फुले के पद चिन्हों पर चलकर नई सिख लेनी चाहिए: सुमित प्रताप सिंह

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। निषाद पार्टी जिला कार्यालय पर महान विचारक व समाजसेवी, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, नारी शिक्षा और समानता के अधिकार के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्ध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह ने महात्मा ज्योतिबा फुले की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद ज्योतिबा फुले के जीवन

पर प्रकाश डाला। बताया कि किस प्रकार उनका जीवन समाज के लिए अनुकरणीय रहा है। महात्मा ज्योतिबा फुले ने दलित शोषित पिछड़ों की शिक्षा में योगदान दिया हैं। उनका जीवन स्तर उठाने में बहुमूल्य योगदान रहा है। कहा कि हमें उनके पद चिन्हों पर चलकर एक नई सिख लेनी चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव कुमार , अशोक कुमार, राजेश गुर्जर, रविंदर पाल, मनोज पाल, अनीश, शुभम निषाद, पवन कश्यप, अमन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ चौधरी निरपाल सिंह का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ चौधरी निरपाल सिंह राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव रविंद्र चौहान के आवास पर पहुंचे जहाँ उनका स्वागत फूल मालाओं से राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के सीनियर पदाधिकारी के साथ मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर सभी मुद्दों पर चर्चा की गई चौधरी निरपाल ने चर्चा के दौरान मुख्य रूप से इंद्रजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ ऑडी त्यागी प्रदेश सचिव से उन्होंने वार्ता की चर्चा

के दौरान निरपाल ने बताया केंद्रीय मंत्री राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह कल दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं राष्ट्रीय लोक दल के केंद्रीय कार्यालय पर खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष निरपाल ने लोकदल के उपस्थित सभी नेताओं से कहा की जो समाज में वक्फव बोर्ड के बिल लेकर निराधार भ्रम फैलाया जा रहा है हम सबको वास्तविकता स्थिति की जानकारी बतानी चाहिए कि बिल आने से अभी हमारे मुस्लिम भाइयों का कोई नुकसान होने वाला नहीं है रविंद्र चौहान के निवास स्थान पर उपस्थित मुख्य लोगों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह टीटू विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ ऑडी त्यागी प्रदेश सचिव संजीव अरोड़ा एवं युवा नेता दिनेश शर्मा राजीव मुंडेलवाल उपस्थित रहे।

उत्थान फाउंडेशन ने किया 100 छात्राओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। उत्थान फाउंडेशन द्वारा डी जी आर पब्लिक स्कूल, निवाड़ी रोड, मोदीनगर में महिला स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं अभियान की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए की गई। उन्होंने कहा, ष्मासिक धर्म एक सामान्य प्रक्रिया है, फिर भी आज भी इससे जुड़े विषयों पर संक.ोच और भ्रांतियाँ समाज में प्रचलित हैं। हमारा उद्देश्य इन बाधाओं को हटाना और किशोरियों को सही जानकारी देना है। इस अवसर पर दो

विशेषज्ञों ने दी उपयोगी जानकारी

विषय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। डॉ. कविता शर्मा (स्वास्थ्य विशेषज्ञ) ने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली स्वच्छता, हाइजीन प्रैक्टिसेस और आवश्यक सावधानियों के विषय में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि जागरूकता ही संक्रमण और अन्य समस्याओं से बचाव का प्रमुख उपाय है। सपना गुप्ता (पोषण विशेषज्ञ) ने मासिक धर्म के समय लिए जाने वाले संतुलित आहार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को आयरन, कैल्शियम और फाइबर युक्त भोजन के महत्व की जानकारी दी और बताया कि घरेलू आहार में थोड़े बदलाव लाकर भी सेहतमंद जीवनशैली अपनाई जा सकती है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 100 छात्राओं को नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए। डॉ अलका चौधरी ने छात्राओं से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने व समस्या से संबंधित सवाल पूछने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय प्रशासन की ओर से प्रधानाचार्य डॉक्टर सोनल चौधरी ने उत्थान फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ रचना शर्मा, पूनम व नीरज शर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।

हैकाथॉन, आइडियाथॉन और खेल की शुरुआत

गाजियाबाद। हाइटेक इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी इंस्टिट्यूट में शुक्रवार से हैकाथॉन, आइडियाथॉन और खेलों की शुरुआत हुई। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में कई स्कूल के बच्चे हिस्सा लेंगे। हाइटेक इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को पहले दिन कई छात्रों ने कोडिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। कॉलेज के निदेशक डॉ पंकज मिश्रा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को नवाचार और रचनात्मकता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में छात्रों को अपने विचारों और समाधानों को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। शनिवार को आइडियाथॉन और खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं हिस्सा लेंगे। इसमें विजेता बच्चों को मेडल से पुरस्कृत भी किया जाएगा।

एक नजर

मोदीनगर की रुशिका कंसल ने उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में जीता पदक

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में मोदीनगर की 6 वर्षीय रुशिका कंसल ने कांस्य पदक जीतकर अपने शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। कानपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिनमे से 6 वर्षीय रुशिका कंसल ने अपने वर्ग में कांस्य पदक जीता है। रुशिका कंसल ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर इस चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई और कांस्य पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार, शिक्षकों और समुदाय में खुशी की लहर है। रुशिका के पिता व्यापारी है व माता गृहिणी है। रुशिका कंसल के पिता रोहित ने कहा, हमें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर बहुत गर्व है। वह बहुत मेहनती और प्रतिभाशाली है। हमें उम्मीद है कि वह आगे भी अपने खेल में उत्कृष्टता हासिल करेगी।

पत्नी ने दर्ज कराया धोखाधड़ी का मुकदमा, पति को मिली जमानत

गाजियाबाद। हमारे समाज में पति-पत्नी के रिश्ते को बेहद पवित्र और भरोसेमंद माना जाता है लेकिन कलयुग में का क्या कहा जाए कलयुग में एक ऐसा के सामने आया है जहां पत्नी ने अपने पति पर धोखाधड़ी और गबन का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया जिसमें अदालत में पति की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर करते हुए जमानत दे दी।

इस संबंध में सुजाता नामक महिला ने थाना कौशांबी में 19 मार्च 2025 को मुकदमा दर्ज कराया तो उसके प्रति हरीश कुमार पुत्र चंद्रमल निवासी सूर.जपुर जिला गौतम बुद्ध नगर ने पहले उसके साथ धोखाधड़ी से शादी की सुजाता ने कई बार अपने पति से कहा कि उनकी शादी को रजिस्टर्ड कर दे लेकिन उसके पति ने शादी को कानूनी तौर पर रजिस्टर्ड नहीं कराया।

सुजाता का आरोप है कि हरीश ने उसके साथ लगातार धोखे किया पहले साढे तीन करोड रुपए की एफडीआर बैंक से निकाल कर हड़प ली इसके बाद 50 लख रुपए के गहने भी हड़प लिए यही नहीं सुजाता का आरोप है कि उसके पति हरीश ने फर्जी साइन से लाखों रुपए का आरटीजीएस अपने किसी खाते में ट्रांसफर कर लिए। बचाव पक्ष का कहना है कि पुलिस ने साफ संकलन में बेहद लापरवाही भारती क्योंकि कैसे झूठा था और पुलिस इस मामले में कुछ नहीं कर सकती निश्चित रूप से या न्याय कीजिए जबकि जानकारों का कहना है कि इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका बेहद खराब रही जिन्होंने बेहद लापरवाही से काम करते हुए भूतों को अच्छे से पेश नहीं किया अगर पुलिस सही से होमवर्क कर इस केस पर काम करती तो निश्चित रूप से नतीजा को चोर हो सकता था।

बाइक सवार दो युवकों का रौंदा, इको स्पोर्ट्स ने वृद्धा को कुचला, तीनों की दर्दनाक मौत

साहिबाबाद। बाइक को एक वाहन ने रौंद दिया, जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौत हो गई। थाना लिंक रोड क्षेत्र में ईको स्पोर्ट्स कार ने रोड किनारे खड़ी एक वृद्धा को रौंद देने से उसकी मौत हो गई। शुक्रवार तड़के लगभग तीन बजे साहिबाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत नाग द्वार के पास ट्रक संख्या-यूपी 14-एफवाई 2320 के चालक ने मोटरसाइकिल को रौंद दिया। इस हादसे में पसौंडा निवासी 17 वर्षीय करन व 18 वर्षीय आनंद की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा उस समय हुआ जब ये दोनों दोस्त करहैड़ा के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज में ड्यूटी देकर अपने घर लौट रहे थे।

थाना लिंक रोड में दी तहरीर में राहुल सिह पुत्र सुरेन्द्र पाल सिह निवासी प्रहलाद गढी गांव वसुन्धरा ने कहा कि 10 अप्रैल को मेरी मां सरला सिंह अपनी सैलेरी अपने कार्यलय साईट 4 से लेकर आ रही थी। शाम लगभग 5.50 बजे एचपी पेट्रोल पम्प के सामने खड़ी थी तभी वाहन जो कि एक ECO SPORT गाडी का चालक बहुत तीव्र गति से गाडी चलाते हुए आया और उसने मेरी मां को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल से फरार होते चालक को 40 मीटर आगे लाल बत्ती पर पकड लिया और वही मेरी मां को अटलांटा हॉस्पिटल लेकर गया। जहां कुछ देर बाद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना कौशाम्बी में दी तहरीर में आकिल पुत्र इरशाद अली पसौन्डा साहिबाबाद ने कहा कि 9 अप्रैल की रात 11 बजे वह किसी के इंतजार में कार साइड में खड़ी कर खड़ा था। उसी समय एक तेज रफ्तार कैन्टर जिसका अनियन्त्रित तरीके से एक उच्च पोल से टकराया और मेरी गाड़ी स्वीफ्ट डिजायर पूरी तरह से डेमेज हो गई। जिससे मैं बाल बाल बचा उसके बाबजूद भी कैन्टर ड्राइवर ने गाडी भगा दी। आगे बैरीकैट की वजह से ड्राईवर ने गाडी रोकी और वह शराब के नशे था। उसके बाद मैने 112 नंबर पर कॉल की और पुलिस मुझे थाना कौशाम्बी लेकर आई।

डॉक्टर केएन मोदी कॉलेज के 5 छात्रों को मिलेगी छात्रवृत्ति

शाह टाइम्स संवाददाता

मोदीनगर। डॉक्टर के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद के 5 छात्रों ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल होने पर प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने बधाई दी और एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें सफल छात्रों को प्रतीक चिन्ह व माला और पटका पहना कर सम्मानित किया गया साथ ही साथ उनके कक्षा अध्यापक तेजवीर सिंह, राम रतन वर्मा को भी प्रधानाचार्य ने पटका पहनाकर सम्मानित किया जिले में नवंबर 2024 में यह परीक्षा आयोजित हुई थी जिसमें विद्यालय के लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया गाजियाबाद जिले से कुल 131छात्र सफल हुए जिनमें से 5 छात्र मोदी कॉलेज के है। इन परीक्षा में सफलता के लिए डॉक्टर पूनम वशिष्ठ भूषण शर्मा डॉक्टर ए के जैन का सहयोग रहा। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, राजीव वर्मा मौजूद रहे।

आईटीएस स्कूल में मेरिट एंड परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट अवॉर्ड का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट मोहन नगर में मेरिट एंड परफॉरमेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड और अटेंडेंस फेलिसिटेशन सेरेमनीष सत्र (2023 - 25) तथा सत्र (2024-26) के प्रतिभागियों हेतु आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ संस्थान के निर्देशक डॉ अजय कुमार, आई टी एस गाजियाबाद के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई और पी जी डी एम की चेयर पर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल द्वारा परंपरागत डीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ।

संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्ष अकादमिक उपलब्धि के लिए शीर्ष छात्रों को 'मेरिट अवार्ड' से सम्मानित किया जाता है साथ ही जो छात्र विगत सत्र की अपेक्षा अगले सत्र में अच्छी उपलब्धि एवं स्थान प्राप्त करते हैं उनमे से शीर्ष छात्रों को भी 'परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट' अवार्ड से

नमाजा जाता है।

मेरिट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में पी जी डी एम ट्राइमेस्टर ट एवं ट्राइमेस्टर II में शीर्ष स्थान पाने वाले क्रमश: 10 छात्र, परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट अवार्ड से सम्मानित छात्रों में ट्राइमेस्टर प्ट की अपेक्षा ट्राइमेस्टर ट में बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र एवं ट्राइमेस्टर I की अपेक्षा ट्राइमेस्टर II में बेहतर प्रदर्शन हेतु 10 छात्र शामिल थे। डॉ अजय कुमार ने शत प्रतिशत अटेंडेंस प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा उन्हें प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

छात्रों की क्लास में बेहतर उपस्थिति और उनकी सफलता हेतु अपनी प्रसन्नता जाहिर की और इसे शिक्षण संस्थान की अच्छी उपलब्धि बताई। अवार्ड सेरेमनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों को बेहतर अकादमिक प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित करना एवं संस्थान में अनुकूल शैक्षणिक वातावरण विकसित करना है।

इस अवसर पर आई टी एस -द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने अपनी प्रसन्नता जाहिर की तथा सभी छात्रों को अपनी शुभकामनाए दी। आई टी एस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निर्देशक डॉ अजय कुमार ने छात्रों का मार्ग दर्शन किया और भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

चेयरपर्सन डॉ अनुषा अग्रवाल ने छात्रों को बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की। इस दौरान स्टेज पर छात्रों के अभिभावक भी आमंत्रित किये गए और उन्होंने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। इस प्रकार के आयोजन से पी जी डी एम के सभी छात्र काफी प्रसन्न और उत्साहित थे साथ ही भविष्य में और अच्छे प्रदर्शन और परीक्षा फल के लिए संकल्पित प्रतीत हो रहे थे।

संबंध विच्छेद

हम अतुल जैन आयु 58 वर्ष पुत्र स्व. श्री ए एस जैन 2- रचना जैन आयु 56 वर्ष पत्नी श्री अतुल जैन निवासीगण ए-337 सूर्य नगर गाजियाबाद- 201011ने स्वेच्छा से बिना किसी जोर जबरदस्ती के अपनी स्वच्छ इंद्रियों की बेला पर अपने पुत्र क्षितिज जैन व पुत्रवधू शुभांगी जैन से अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं आज दिनांक के बाद उपरोक्त दोनों से हमारा किसी प्रकार का संबंध, वास्ता व ताल्लुक नहीं रहेगा। उपरोक्त दोनों को हमने अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी भी कृत्य व दायित्व के लिए लिए भविष्य में हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

लोनी विधायक प्रकरण के मामले में गुर्जर महासभा का दिल्ली कूच स्थगित

गाजियाबाद। लोनी में कलश यात्रा के दौरान विधायक और पुलिस के बीच हुए विवाद को लेकर गुर्जर समाज की ओर से 13 अप्रैल को प्रस्तावित दिल्ली कूच कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। राष्ट्रीय गुर्जर महासभा की ओर से आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी रविंदर सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा वरिष्ठ नेता उमा भारती के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचने का कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि उमा भारती ने गुर्जर समाज समेत सभी रामभक्तों से दिल्ली न जाने का आग्रह किया है। इसके साथ ही उन्होंने विधायक नंदकिशोर गुर्जर से वार्ता के इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए प्राथमिकता देने की बात कही। जिसके बाद समाज की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इसमें ऑनलाइन के माध्यम से विधायक नंदकिशोर गुर्जर भी जुड़े। बैठक में सर्वसम्मति से उमा भारती के आश्वासन के बाद दिल्ली में किये जाने वाले मार्च को स्थगित करने का फैसला लिया है।

9 करोड़ की सेंध लगाने के मामले में बैंक के असिस्टेंट मैनेजर समेत दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली : लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) व शंघाई अर्बन कंस्ट्रक्शन ग्रुप (एसयूसीडी) के बैंक खाते में करीब ९ करोड़ की सेंध लगाने के मामले में दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक्सिस बैंक के असिस्टेंट मैनेजर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान आशीष खंडेलवाल (३२) और नितिन बिरमल (३६) के रूप में हुई है। आशीष दिल्ली स्थिल एक्सिस बैंक की एक शाखा में असिस्टेंट मैनेजर है। इसने बाकी लोगों के साथ ठगी की योजना बनाई। बाद में कंपनी के खाते के दस्तावेज ठगों के हवाले कर दिए और कंपनी के खाते से जुड़े मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस को बदलने में मदद की और इंटरनेट बैंकिंग को चालू करवा दिया। आरोपियों ने ९४ बार ट्रांसजेक्शन कर अलग-अलग बैंक खातों में ८.९४ करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच की तो पूरी साजिश का खुलासा हो गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में देश के अलग-अलग हिस्सों में छापा मार रही है। आर्थिक अपराध शाखा की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमरुथा गूगूलोथ ने बताया कि एक्सिस बैंक की अधचीनी शाखा के ब्रांच हेड गौरव शर्मा ने ९ करोड़ रुपये ठगी की शिकायत दी थी। उन्होंने बताया कि एलएंडटी व एसयूसीजी ने संयुक्त रूप से बैंक में १० जनवरी, २००८ को खाता खुलवाया था। इस बीच सात जून, २०२४ को कंपनी के किसी कर्मचारी ने खाते से जुड़े फोन नंबर और ईमेल आईडी को बदलने की अर्जी दी। जिसके बाद दस्तावेजों के आधार पर उसे बदल दिया गया। इसके बाद जुलाई २०२४ में खाते की इंटरनेट बैंकिंग शुरू करने की अर्जी आई और उसे भी शुरू कर दिया गया। कंपनी को जब ठगी का पता चला तो इसकी शिकायत बैंक से की गई।

जांच में पुलिस को सीडीआर की मदद से पता चला कि खाते का जो नंबर बदला गया था वह किसी नितिन बिरमल डोंगरे के नाम पर पुणे में चल रहा है। टीम को वहा भेजा गया। इस बीच पता चला कि नितिन की पत्नी श्वेता डोंगरे ऑनलाइन खरीदारी कर रही है। ई-कॉमर्स कंपनी से आरोपी का पता लेकर टीम ने चंदन नगर, पुणे थाना टीम की मदद से आरोपी को सांई नाथ नगर, पुणे से दबोच लिया। इसकी निशानदेही पर बाद में दिल्ली के उत्तम नगर से आरोपी असिस्टेंट बैंक मैनेजर को भी दबोच लिया।

मुस्तफाबाद में चलीं गोलियां हमले में युवक घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुस्तफाबाद इलाके गोलीबारी हुई है। पुलिस टीम मौके पर मौजूद है। जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक कल रात करीब १० बजे थाना दयालपुर में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत गली नंबर १५, मुस्तफाबाद में पहुंची।

मौके पर फोन करने वाले अतीक अहमद ने बताया कि उनके बेटे मेहराज (२५ साल) को कुछ अज्ञात हमलावरों ने गोली मार दी है। मेहराज घायल हो गया और उसे जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। थाना दयालपुर में बीएनएस की धारा १०९(१)/३(५) और आर्म्स एक्ट की धारा २७/५४/५९ के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है। एसीपी गोकुलपुरी और एसएचओ दयालपुर मौके पर मौजूद हैं। क्राइम टीम और एफएसएल घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर रही है। आरोपियों की पहचान और उन्हें पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं।

यमुना की सफाई के साथ साहिबी नदी के किनारे रिवर फ्रंट बनाने की प्रक्रिया शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार ने यमुना की सफाई के काम में तेजी लाने के साथ ही इसके किनारे रिवर फ्रंट बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब साहिबी नदी जिसे नजफगढ़ नाला कहते हैं, के किनारे भी रिवर फ्रंट विक. सित करने की योजना तैयार हो रही है।

इसके पहले चरण में उत्तम नगर के विपिन गार्डन में ५० एकड़ भूमि पर पार्क बनेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की यह भूमि उपेक्षित पड़ी हुई है। इस भूमि पर लगातार अतिक्रमण हो रहा था। इसे अब पार्क में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यहां से गुजरने वाली साहिबी नदी को भी इस योजना से जोड़ते हुए एक विस्तृत रिवर फ्रंट का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा।उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों के साथ विपिन गार्डन में प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने वजीराबाद सप्लीमेंट्री ड्रेन, बारा. पुला नाला, सुनेहरी पुल नाला, कुशक नाला और नजफगढ़ नाले की चल रही सफाई कार्य का भी निरीक्षण किया।

उपराज्यपाल ने कहा, जलभराव की समस्या केवल मानसून तक ही सीमित नहीं रह गई है। यह शहर के आधारभूत संरचना और जनजीवन को प्रभावित करने वाला एक गंभीर विषय है। सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को नालों की मरम्मत और साफ-सफाई के लिए आपसी सहयोग और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यमुना में गिरने वाले सभी बड़े नाले वर्षों से उपेक्षित रहे हैं। सफाई कार्य का प्रत्येक १५ दिनों में निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया है। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि नालों का पानी अपने प्राकृतिक प्रवाह में बहे और प्रदूषण मुक्त रहे, जिससे कि यमुना फिर से अपने स्वच्छ स्वरूप में लौट सके।

सिविल लाइंस में बनेगा छह लेन का फ्लाईओवर

नई दिल्ली। लोक निर्माण विभाग ने सिविल लाइंस में आउटर रिंग रोड पर एक नई परियोजना को हरी झंडी दिखाई है। इसके तहत ट्रॉमा सेंटर और डीआरडीओ के पास छह लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत १८३ करोड़ रुपये है।

नरेला के एजुकेशनल हब के लिए 500 करोड़ के बजट का प्रावधान

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उच्च शिक्षा हमारी प्राथमिकता में है। इसके मद्देनजर नरेला में प्रस्तावित एजुकेशनल हब के लिए इस साल के बजट में ५०० करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल एवं आईपी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना ने आज ये बातें आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में आयोजित १७ वें दीक्षांत समारोह में अध्यक्षीय भाषण में कहीं।डिग्री लेने वाले छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब आपके कंधों पर पूरे समाज और राष्ट की जिम्मेदारी है। आपको संवे. दनशील रहना होगा। जो शिक्षा किसी के जीवन में खुशी ना ला सके वो किसी काम की नहीं। मानवीय मूल्यों की पढ़ाई किताबों से संभव नहीं है।

उन्होंने ये भी कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि एक मनुष्य पूरी दुनिया में परिवर्तन ला सकता है।साथ ही उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सुरक्षित हाथों में है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि हमारी प्राथमिकता दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने की है।छात्रों का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के प्रति वे अपनी जिम्मेदारी को समझें। आपसी भागीदारी से ही विकसित दिल्ली या विकसित भारत का लक्ष्य पाया जा सकता है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस अवसर पर कहा कि डिग्री सही मायने में विद्यार्थियों के संघर्ष की गाथा है और उनके जीवन की असली परीक्षा अब शुरू होगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सस्टेनेबलिटी और ।प्से देश की सूरत को बदलना होगा।साथ ही उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया हमेशा जारी रहनी चाहिए।दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र ने कहा कि स्किल गैप को कम करने की जरूरत है।

दीक्षांत भाषण देते हुए इस अवसर के मुख्य अतिथि इंडियन नेशनल साइंस अकादमी के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा ने कहा कि देश में इनोवेशन कल्चर को प्रमोट करने की जरूरत है।

दिल्ली के उपराज्यपाल एवं आईपी यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति विनय कुमार सक्सेना आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस में आयोजित 17वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।

तीस हजारी कोर्ट में कैदी के साथ कुकर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। हत्या के प्रयास के मामले में तिहाड़ जेल में बंद एक कैदी के साथ एक अन्य कैदी ने ही तीस हजारी कोर्ट में कुकर्म कर दिया। दोनों को पेशी के लिए कोर्ट में लाया गया था। यहां कोर्ट के खारजा स्थित शौचालय में ले जाकर आरोपित ने वारदात को अंजाम दिया।

किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित वापस जेल पहुंचा तो उसने अपने साथियों को आपबीती सुनाई। इसके बाद जेल प्रशासन को सूचना देकर पीड़ित को इलाज के लिए डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसका बयान लेकर पुलिस ने सब्जी मंडी थाने में कुकर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से अलीगढ़ यूपी का रहने वाला युवक निहाल विहार इलाके में रहता है। मार्च महीने में इलाके में ही एक हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेजा था। फिलहाल युवक जेल नंबर-४ में बंद है। पांच अप्रैल को इसी केस की पेशी थी। पीड़ित ने बताया कि जब उसे जेल से वैन में बिठाया जा रहा था तो जेल नंबर-३ में बंद एक कैदी ने उस पर अभद्र टिप्पणी की। इसके बाद सभी कैदियों को तीस हजारी कोर्ट के खारजा नंबर-४ में लाकर बंद कर दिया गया।

रेलवे स्टेशनों पर स्थायी होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रेलवे ने स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास बनाने के साथ ही एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने की योजना बनाई है। एयरपोर्ट पर यात्रियों को एरोब्रिज के समीप तभी भेजा जाता है, जब उनके विमान के रवाना होने की घोषणा होती है। इससे पहले होल्डिंग एरिया में भी बैठने की व्यवस्था होती है।

इससे भीड़ प्रबंधन में सुविधा होती है और भगदड़ की स्थिति नहीं बनती। अब इसी तर्ज पर रेलवे ने भी स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया बनाने का निर्णय लिया है, ताकि प्लेटफार्म पर भीड़ प्रबंधन आसानी से किया जा सके। इतना ही नहीं वर्ल्ड क्लास स्टेशन निर्माण के दौरान प्रवेश और निकास के द्वार भी अलग-अलग बनेंगे। उत्तर रेलवे ने भीड़ प्रबंधन योजना और होल्डिंग एरिया के लिए रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विस लिमिटेड (राइट्स) के साथ समझौता किया है।

नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, गाजियाबाद, अयोध्या और वाराणसी सहित अन्य स्टेशनों में होल्डिंग एरिया से संबंधित एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राइट्स के विशेषज्ञ रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर का दौरा भी कर रहे हैं। समझौता ज्ञापन के बाद आपसी-सूझबूझ के साथ लगातार चर्चा की जा रही है, ताकि स्टेशनों पर त्योहार और अवकाश के दौरान उमड़ने वाली भीड़ का प्रबंधन किया जा सके।

नन्हे बच्चों की जिंदगी छीन रही अभिभावकों की लापरवाही

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। एम्स ट्रामा सेंटर के आंकड़ों के अनुसार ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने वाले तीन में से एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो जाती है। वहीं, ठीक होने वाले बच्चे भी जिंदगीभर के लिए दिव्यांग बन सकते हैं।

इसकी रोकथाम के लिए एम्स ट्रामा सेंटर में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कैलाश सत्यार्थी ने अपनी बात रखी। साथ ही, आश्वासन दिया कि वे एम्स की मुहिम को आगे बढ़ाएंगे। वहीं, एम्स ट्रामा सेंटर के न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि साल २०१८ में ६८० मामले ऊंचाई से गिरने के आए थे जिनमें नवजात से लेकर ११ साल तक के १३ बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। साल २०२३ में मरीजों का आंकड़ा ७५७ का रहा और १० बच्चों की मृत्यु हो गई। ऐसे बच्चों को बार मिर्गी के दौरे व बार-बार सर्जरी करने की जरूरत सहित अन्य विकारों की संभावना रहती है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों में ३० से ५० फीसदी बच्चे सिर में चोट के कारण दम तोड़ देते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि ऐसी समस्या से बचने के लिए एम्स ट्रामा सेंटर ने सुरक्षित बालकनी अभियान शुरू किया था। इसके तहत पीड़ित माता-पिता को जागरूक किया जाता है।

साथ ही, उन्हें १० परिवारों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके बावजूद बच्चों के गिरने के मामलों में ज्यादा अंतर नहीं है। छह साल में कुल १५१ बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि इन्हें बचाया जा सकता था। एक से पांच साल के बच्चे ज्यादा चंचल होते हैं। यह अक्सर ऊंचाई से कूदने का प्रयास करते हैं। इन बच्चों के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। अभिभावकों की लापरवाही के कारण यह ऊंचाई से गिर जाते हैं।

पश्चिमी विक्षोभ के चलते गर्मी से राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल गई है। बीते गुरुवार की शाम तेज हवाओं और बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया। कुछ जगहों पर आंधी चलने के साथ हल्की बारिश भी हुई। मौसम विभाग ने आज के लिए चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आंशिक बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश की संभावना है। इस दौरान २०-४० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेंगी। अधिकतम तापमान ३७ व न्यूनतम तापमान २४ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। इसके बाद रविवार तक लगभग ऐसा ही तापमान रहेगा। सोमवार से फिर से गर्मी के कड़े तेवर दिखेंगे। बीते दिन धूलभरी आंधी और हल्की बारिश होने से लू और प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिली। पश्चिमी विक्षोभ के कारण दो से तीन तक गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

पांच करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर घर पर चलाई अंधाधुंध गोलियां

नई दिल्ली। आनंद विहार इलाके में पांच करोड़ रुपये की रंगदारी न देने पर बाइक सवार बदमाशों ने एक कारोबारी के घर पर गोलियां चला दी। दहशत फैलाने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। कारोबारी की शिकायत पर आनंद विहार थाना ने प्राथमिकी की है। थाना पुलिस के साथ ही स्पेशल सेल मामले की जांच कर रही है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। रंगदारी के मामले में विदेश में बैठे पंजाब के गैंगसटर व खालिस्तानी समर्थक अर्शदीप ढल्ला का नाम सामने आया है। यमुनापार में पहली बार अर्शदीप का नाम रंगदारी के मामले में सामने आया है। जिस विदेशी नंबर से कारोबारी को काल करके रंगदारी मांगी गई है वह वर्चुअल नंबर है। कारोबारी अपने परिवार के साथ आनंद विहार में रहते हैं। उनका नई दिल्ली में मेडिकल स्टोर है। पीड़ित के पास २० मार्च की रात को विदेश के एक नंबर से वॉट्सएप काल आई थी।

उत्तर रेलवे

ई-खुली निविदा सूचना

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/25-26/डब्लयू-ई/ टेंडर नं. 07 दिनांक 11.04.2025

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

कार्य का नाम	(ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/रेल भवन के कार्य क्षेत्र में रेल भवन में एक अतिरिक्त लिफ्ट का प्रावधान हेतु।
अनुमानित लागत	(ए) रुपये 17224427.64
धरोहर राशि	(ए) रुपये 236100.00
समापन अवधि	(ए) 06 महीने

1. निविदा दिनांक 06.05.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

1100/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह सिविल लाइंस के पास फ्लाईओवर निर्माण परियोजना पर प्रकाश डालते हुए।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सिविल लाइंस के पास फ्लाईओवर निर्माण परियोजना को दी मंजूरी

परियोजना के पूर्ण होने पर दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने सिविल लाइंस ट्रॉमा सेंटर और DRDO के पास, मेटकॉफ हाउस टी-जंक्शन पर १८३ करोड़ रुपये की लागत से छह लेन फ्लाईओवर के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दी है। यह परियोजना लंबे समय से जारी ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने और आउटर रिंग रोड कॉरिडोर पर यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है।यह फ्लाईओवर सिविल लाइंस और आसपास के इलाकों के निवासियों के लिए आवागमन को आसान बनाएगा, साथ ही हिमाचल प्रदेश, पंजाब जैसे उत्तरी राज्यों की ओर जाने वाले इंटर-स्टेट ट्रैफिक को भी सुचारु बनाएगा। परियोजना के पूर्ण होने पर यह हजारों दैनिक यात्रियों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी और सड़क सुरक्षा तथा यातायात प्रवाह में सुधार करेगी। दिल्ली के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इस परियोजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा: "यह फ्लाईओवर राष्ट्रीय राजधानी में एक आधुनिक, कुशल और यात्री-अनुकूल सड़क नेटवर्क के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे' और 'जन-जीवन को सरल बनाने' के विजन के अनुरूप यह परियोजना उत्तर दिल्ली के सबसे व्यस्त जंक्शनों में से एक को डीकंजेस्ट करेगी। हमारा उद्देश्य है -यात्रा का समय कम करना, प्रमुख सड़कों पर दबाव घटाना और पूरे दिल्ली में यातायात की गतिशीलता को बेहतर बनाना। पीडब्ल्यूडी इस परियोजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखता है, साथ ही निर्माण कार्य के दौरान आम जनता को न्यूनतम असुविधा हो, इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से वैकल्पिक यातायात मार्ग और जनता को समय-समय पर सूचना देने की व्यवस्था की जा रही है।

टूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

पंजीकृत कार्यालय: श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018
शाखा कार्यालय: एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110016
website: www.truhomefinance.in

कब्जा सूचना

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्यिों का प्रयोग करते हुए दिनांक **10 अप्रैल 2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

उधारकर्ता का नाम और पता

श्री राहुल दुबे पुत्र योगेन्द्र दुबे
मकान नं. बी-204, गली नं.-3, ऑपोजिट-ऑरेंज काउंटी, श्री राम मार्केट, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.
इसके अलावा: आवासीय मकान का खसरा नंबर 349/04 गली नंबर 1, ब्लॉक-बी, सिद्धार्थ विहार, गांव- मवई, जिला, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201009.
इसके अलावा: मकान नंबर 355 सी, शक्ति खंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.
श्रीमती गुंजन पाठक (दुबे) पत्नी श्री राहुल दुबे
मकान नंबर बी-204, गली नंबर-3, ऑपोजिट- ऑरेंज काउंटी, श्री राम मार्केट, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201014.

डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि

रु. 45,30,456/- (रू. पैंतालीस लाख तीस हजार चार सौ छप्पन रुपये मात्र) ऋण खाते के संबंध में **SHLHGPRK0000325** 06-सितंबर-2024 तक और संविदात्मक दर पर अतिरिक्त ब्याज के साथ।
डिमांड नोटिक की तिथि: 09-सितंबर-2024
भौतिक कब्जे की दिनांक 10-अप्रैल-2024, एनपीए की तिथि: 03-सितम्बर-2024

गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण

यह सभी हिस्से और पार्सल पर संपत्ति नंबर खसरा नंबर 349/04 में आवासीय मकान, क्षेत्रफल 222.22 वर्ग गज, गली नंबर 1, ब्लॉक-बी, सिद्धार्थ विहार, गांव- मवई, जिला, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। सीमाऐं:- पूर्व:- 12 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:- राम सिंह का घर, उत्तर:-15 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण:- योगिंदर सिंह और दिलीप कुमार का घर।

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 10.04.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

जुआ रैकेट का भंडाफोड़, चार दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के एए टीएस स्टाफ ने जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से कुल दांव राशि ३१,०६०/- रुपये, चार नोट पैड, तीन कार्बन पेपर और तीन पेन बरामद किए है।

दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम जिले के क्षेत्र में जुआ जैसे संगठित अपराध पर अंकुश लगाने के लिए, संगठित अपराध के स्थानों के बारे में महत्वपूर्ण इनपुट विकसित करने और संगठित अपराध में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। टीम ने स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर और मानव खुफिया जानकारी एकत्र करके प्रयास शुरू किए।इसी बीच ९ अप्रैल को, एसआई वेदप्रकाश को डी-ब्लॉक, नेपाली कैंप, वसंत विहार, में खुले स्थान पर चल रहे जुआ रैकेट के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। इस सूचना के मिलते ही एसीपी ऑपरेशंस विजय कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर राम कुमार, के नेतृत्व में एसआई वेद प्रकाश, एएसआई परवीन, विनोद, हेड कांस्टेबल मोहित, प्रशांत और हरिओम की टीम ने नेपाली कैंप, वसंत विहार में जाल बिछाया। गुप्त मुखबिर के कहने पर, छापा मारा गया, जहाँ ०४ व्यक्ति नंबरिंग पैड के साथ जुआ खेलते पाए गए। जुआ की रकम का विवरण लिखने के लिए ०४ नोट पैड की जाँच करने पर, ०३ कार्बन पेपर, ०३ पेन और दांव की रकम नकद रु. ३१०६०/- मौके से बरामद की गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों की पहचान पप्पू बाग (३१), संजय (२९), मंदीप कुमार गुप्ता (३१) और करण (२५) के रूप में हुई। इसके बाद दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत वसंत विहार थाना में मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर संपत्ति जब्त कर ली गई है।

मेयर चुनाव 25 अप्रैल को

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने मेयर चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया । चुनाव २५ अप्रैल को होगा और २१ अप्रैल तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया १५ अप्रैल से शुरू होगी।

कैग ऑडिट रिपोर्टों पर उच्च स्तरीय बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज विधान सभा सचिवालय में भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्टों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक ली।

बैठक की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने की। बैठक में विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अजय महावर, सरकारी उपक्रमों पर समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र ड्राल, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) तथा दिल्ली की महालेखाकार रोली शुक्ला मालगे उपस्थित रहीं। गुप्ता ने 20 अप्रैल तक शराब की सप्लाई और रेगुलेशन पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही गुप्ता ने 30 अप्रैल तक बाकी सभी कैग रिपोर्टों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान महालेखा परीक्षक (ऑडिट), दिल्ली द्वारा नवीनतम ऑडिट रिपोर्टों की प्रमुख टिप्पणियों एवं निष्कर्षों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

इसके उपरांत ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टमके क्रियान्वयन की स्थिति तथा दिल्ली विधान सभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्रस्तुत रिपोर्टों से संबंधित 'एक्शन टेकन नोट्स' पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने ऑडिट टिप्पणियों पर समयबद्ध कार्रवाई के महत्त्व को रेखांकित किया तथा शासन में उत्तरदायित्व और पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु मजबूत तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में उपस्थित समितियों और विभागीय अधिकारियों ने ऑडिट सिफारिशों के प्रभावी अनुपालन हेतु संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

बैठक का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में सुशासन और जन- उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने के लिए नियंत्रण प्रणालियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा और ऑडिट से संबंधित मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

तेज हवाओं से बिजली पानी की आपूर्ति ठप

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर में बीती रात अचानक चली तेज हवाओं ने न सिर्फ जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, बल्कि बिजली और पानी की आपूर्ति पर भी गहरा असर डाला। आधे शहर में रातभर विद्युत आपूर्ति बाधित रही, जिससे सुबह होते ही कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत देखने को मिली। तेज हवाओं के चलते सरवरप. ीर कालोनी और विजय चौक का बिजली फीडर बंद रहा, जिस कारण 15 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

देर रात करीब 8 बजे से मौसम पूरी तरह से खराब हो गया था। रात्रि में अचानक तेज हवाऐं चलने से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त रहा। वही तेज हवाओं के चलते कई इलाकों में विद्युत लाइनों में फाल्ट आ गया, जिसके कारण बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

रात्रि करीब 10 बजे विद्युत विभाग का सरवरपीर कालोनी और विजय चौक वाला फीडर बंद हो गया और आधे शहर में अंधेरा छा गया। जिस कारण नौकुआ रोड, काकानगर, झिंझाना रोड, बरखंडी, हाजी काला. `नी, पंसारियान, सती मंदिर रोड, सहित कई स्थानों पर बिजली न होने से लोगों को कठिनाईयों का सामना करना पडा। रातभर बिजली न आने से लोगों के इंवर्टर बेटरे फेल हो गए और भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। बिजली न आने से लोग अपने मकानों की छतों और गली मौहल्लो में चारपाई डालकर सोते नजर आए।

बिजली न होने के कारण जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई और लोग सुबह पानी के लिए इधर-उधर भटकते नजर आए। नागरिकों ने बताया कि पानी की टंकियों तक मोटर नहीं चलने से नलों में पानी नहीं आया। तेज हवाओं का असर सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहा। ग्रामीण इलाकों में भी इसका कहर देखने को मिला, जहां खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल हवा की तेज रफ्तार से जमीन पर गिर गई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। कई किसानों ने बताया कि पकने के अंतिम चरण में पहुंची फसल अब कटाई योग्य नहीं बची है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए।

तेज हवाओं के चलने से रातभर विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से जिला अस्पताल में भी मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा।विद्युत आपूर्ति ठप्प होने से जहां रातभर जनरेटर चलाकर इमरजेंसी सेवाऐं प्रदान की गई वही दोपहर तक विद्युत आपूर्ति न होने से एक्सरे, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड की सेवाऐं बंद रही।

हालाकि दोपहर 12 बजे के बाद सभी सेवाऐं शुरू हो गई थी। गुरूवार देर रात्रि तेज हवाओं के कारण शहर के विजय चौक और सरवरपीर कालोनी रोड का विद्युत फीटर बंद रहा।

फीडर बंद रहने से जिला संयुक्त चिकित्सालय की विद्युत आपूर्ति रात करीब 8 बजे बंद हो गई थी, जो सवेरे 11 बजे के बाद ही चालू हो सकी। रातभर जिला अस्पताल में बिजली न आने से जनरेटर चलाकर इमरजेंसी सेवाऐं प्रदान की गई, जबकि सिटी स्कैन, एक्सरे और अल्ट्रासाउंड मशीन बंद रही। जो दोपहर 12 बजे के बाद ही शुरू हो सकी है। इस दौरान मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा और लंबी लंबी लाईने में लगकर खडे रहे।

कोचिंग सेंटरों पर अंकुश लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

ऊन। निजी स्कूलों में अभिभावकों के शोषण वी महंगे कोचिंग सेंटरो पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सोपा गया।

निजी स्कूलों में अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है प्रत्एक वर्ष स्कूल में फीस की वृद्धि की जा रही है तथा पाठडक्रम में बदलाव कर शिक्षा का बाजारी करण खुलेआम किया जा रहा है निजी स्कूल द्वारा तय किए गए बुक स्टोर पर ही किताबें मिलती है जिसमे मोटा कमीशन लिया जाता है देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है दूसरी ओर बच्चों को पढ़ने के लिए कॉन्वेंट स्कूलों की फीस एवं महंगे पाठडक्रम की वजह से जनता परेशान है इसके अलावा कोचिंग सेंटरो की नौकरियों में साथ गांठ के चलते आम जन त्रस्त है .इस संबंध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन कर निजी संस्थाओं द्वारा फीस वृद्धि व पाठडक्रम के नाम पर की जा रही अवैध उगाई पर अंकुश लगाने तथा महंगे कोचिंग सेंटर पर प्रतिबंध लगाने की मांग की तथा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी निधि भारद्वाज को सोपा गया .ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अश्विनी शर्मा ,डॉक्टर ओमप्रकाश, सुबोध कोरी ,सोमपाल, संजय, धर्मवीर शांडिल्य ,संदीप, पूजा, सुंदर आदि शामिल रहे।

शराब की दुकान को आबादी से हटवाने की गुहार

शामली। क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र देकर शराब की दुकान स्कूल एवं गांव की आबादी से हटवाने की मांग की। शुक्रवार को दिए पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम मलकपुर, ग्राम मौहम्मदपुर राई व ग्राम ईस्सापुर खुरगान, गन्दराऊ आदि में जानकारी हुई है कि ग्राम मलकपुर में आबादी से मिली हुई रियासत अपने मकानात के आगे शराब की दुकान खोल रहा है जो आबादी एंव एसआरजे स्कूल से मिला है। जिस कारण गांवो में माहोल खराब होने का अन्देशा रहेगा। ऐसी दशा में उक्त शराब की दुकान वहां से हटवाकर गांव की आबादी से करीब 3 किमी दूरी पर की जाए। गुलजार, सुहैल, आसिफ, नौशाद, यूनुस, डा। सोनू, अयूब, रिजवान, आबिद, फरमान, दीपक, शकील, असलम, अफसर, बिल्लू आदि मौजूद रहे।

ज्योतिबाफुले व आम्बेडकर का जन्मदिवस मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट ने मौहल्ला लाजपतराय स्थित कैंप कार्यालय पर समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले व बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। संगठन की अध्यक्ष मधु सैनी ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल, 1827 को पुणे महाराष्ट्र में हुआ था। इनके पिता गोविन्दराव फूलों की खेती से जीवनयापन करते थे। इस कारण इनका परिवार फुले कहलाता था। महाराष्ट्र में उन दिनों छुआछूत की बीमारी चरम पर थी। अछूत जाति के लोगों को अपने चलने से अपवित्र हुई सड़क की सफाई के लिए कमर में पीछे की और लम्बा झाड़ू बांधकर तथा थूकने के लिए गले में एक लोटा लटकाकर चलना होता था। समाज के विरोध के बावजूद गोविन्दराव ने ज्योति को शिक्षा प्राप्त करने के लिए विद्यालय भेजा। खेत में फूलों की देखभाल करते हुए भी वे पढ़ने का समय निकाल लेते थे। एक बार ज्योति अपने मित्र सदाशिव गोविन्दे से मिलने अहमदनगर गए। वहां ईसाइयों द्वारा संचालित स्त्री पाठशालाओं से वे बहुत प्रभावित हुए। पुणे आकर ज्योति ने अपने मित्र भिड़े के घर में स्त्री पाठशाला खोल दी। बड़ी संख्या में निर्धन लड़कियां वहां आने लगीं।

कट्टरपन्थियों ने इसका विरोध किया। 1876 में वे पुणे नगरपालिका के सदस्य मनोनीत हुए। उन्होंने गरीब बस्तियों में शराबखानों के बदले पानी, पुस्तकालय, विद्यालय आदि खुलवाए तथा गरीबों को सस्ते में दुक. नें दिलवाईं। इस अवसर पर मधु सैनी, संगीता पाल, अजली बंसल, वर्षा सैनी, प्रियंका, हेमा, नेहा सैनी, पुनम, रेशमा, कोमल आदि मौजूद रहे।

उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में होगी जनसुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु 16.4.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम शामली, विनय प्रताप सिंह भदौरिया को नामित किया।

एक नजर

पॉलिटेक्निक में आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। राजकीय महिला पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से जनपद में स्थापित राजकीय महिला पॉलिटेक्निक शामली में माह मई में प्रस्तावित ऑनलाइन पॉलिटेक्निक प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए बेबसाइट के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन प्रकिया 15 जनवरी से प्रारम्भ हो चुकी है जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

आर्चरी प्रशिक्षण का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली मे शुक्रवार को आर्चरी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार व आर्चरी प्रशिक्षिका सिया जावला ने मां सरस्वती ओम और भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात पर शिक्षिका सिया जवाला ने बालिकाओं को आर्चरी का प्रशिक्षण दिया। सभी छात्राओं ने आर्चरी प्रशिक्षण में निशान लगाया। प्रधानाचार्य ने खेल के महत्व को बताते हुए सभी छात्राओं को आर्चरी का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, कविता, गीता, अनीता, सुरभि, उपासना, रेनू, मोनिका, वंदना

सड़क हादसे में दो लोग गंभीर घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

झिंझाना। मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव काला माजरा के सामने ट्रक ने कार में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार में पीछे बैठे दो लोग गंभीर घायल हो गए, जिन्हें 112 पुलिस ने शामली हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। गांव लांक निवासी सजीव मलिक ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बुधवार की देर रात अपनी कार द्वारा शामली से करनाल जा रहा था। जब वह मेरठ करनाल हाईवे स्थित गांव काला माजरा के सामने पहुंचा तो पीछे से आ रहे ट्रक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पीछे बैठा उनका भांजा मनोज निर्वाल तथा मोरल निवासी कसेरवा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 112 पुलिस की मदद से शामली के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां पर उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। कार स्वामी सजीव मलिक ने ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से ट्रक द्वारा टक्कर मारने की शिकायत की, जिस पर पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

सीओ-कोतवाल ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

कैराना। सीओ व नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कोतवाली प्रांगण में नगर-क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर अपराध को नियंत्रण करने में सहयोग की अपील की। शुक्रवार को अंडर ट्रैनिंग सीओ जितेंद्र सिंह व नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने कोतवाली प्रांगण में नगर-क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की। इस दौरान सीओ जितेंद्र सिंह ने कहा कि नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों को त्रिनेत्र ऐप से कनेक्ट कराएं। 210, यूपी पुलिस का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। इसका प्रयोग अपराधों की रोकथाम और जांच में मदद के लिए किया जाता है। इस एप के माध्यम से चेहरे की पहचान और फोटो लिंकिंग की सुविधा प्रदान है। साथ ही, इसमें अपराध से जुड़ी कई तरह की जानकारी भी दी जाती हैं। वहीं नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने में संभ्रांत लोग आगे आएं और अपराध को नियंत्रण करने में पुलिस का सहयोग करें।उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी तुरन्त पुलिस को दें। क्षेत्र को अपराध मुक्त करना हम सबका कर्तव्य बनता है। बैठक में मौलवी फुरकान,शगुन मित्तल,बिट्टू चौधरी,अखलाक प्रधान,शमशीर खान,मेहरबान अंसारी सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हनुमान प्रकटोत्सव पर किया अखंड रामायाण पाठ

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम के पावन सानिध्य में आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय भव्य हनुमान प्रकटोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार को प्रात: अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ हो गया। अखंड रामायण के पाठ का प्रारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। जिसमें मुख्य यजमान अरविंद .ष्टा महाराज, राजेंद्र, डा। कृष्ण गोपाल, मामचंद, डा। मो. हनलाल, घनश्याम दास, नरेंद्र गोयल, अनिल संगल, शिवकुमार, सुशीला, वीरेंद्र संगल, अनिल तायल, अनिल बंसल, अनिल शर्मा आदि पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

शनिवार को अखंड रामचरितमानस पाठ के समापन पर मंदिर में भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर शनिवार को हनुमान प्रकटोत्सव धूमधाम व उल्लास से मनाया जाएगा। शुक्रवार को हनुमान मंदिर में अखंड रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। पूजा अर्चना पं। देवानंद शास्त्री ने संपन्न कराई जिसके मुख्य अतिथि अरविन्द .ष्टा महाराज व द्वादश ज्योतिर्लिंग के सभी यजमानों ने पूजा अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर 51 सवामणि का पूजा भी हुआ। हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी ने बताया कि शनिवार को मंदिर प्रांगण में हनुमान प्रकटोत्सव पर सुबह 10 बजे से 11।30 बजे तक संकीर्तन होगा।

इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक निशांत भागवत पाठक व उनकी टीम द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। वहीं दोपहर 12 बजे अखंड रामचरित मानस पाठ का समापन होगा जिसके बाद हनुमान प्रकटोत्सव उल्लास से मनाया जाएगा और आरती का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम में मंदिर सचिव राजकुमार मित्तल, अशोक बंसल, अनुज गर्ग, डा। राकेश जैन, सतीश गंधक, पूर्णिमा बिंदल, मुकेश कर्णवाल, दर्पण साहनी, अमित प्रजा. पति, वंश नामदेव, गुरुशरणम, हर्षित गुप्ता, भोला आदि भी मौजूद रहे।

ई रिक्शाओं को नियमित कराने को एक माह की अवधि की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। श्रमिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम न्यायिक को ज्ञापन देकर ई-रिक्शाओं के नियमित कराने में समय अवधि प्रदान कराने की मांग की। शुक्रवार को एडीएम न्यायिक परमानंद झा को दिए ज्ञापन में कहा कि ई-रिक्शा यूनियन समय-समय पर यातायात को सुचारु रखने के लिए ई-रिक्शा यूनियन शामली प्रशासन का सहयोग करती है। ई-रिक्शा रोजमर्रा के कार्यों को गति प्रदान करने के लिए एक आवश्यक यातायात का साधन ही नहीं मजदूर समाज के रोजी रोटी का विषय भी है। ई-रिक्शाओं को नियमित करने के आदेश पर प्रशासन द्वारा चालान करके आर्थिक अर्थदण्ड लगाना अनुचित है। यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा बैठक करके सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि यातायात के उत्तम प्रबन्धन में सभी रिक्शा चालक पूर्ण सहयोग करेंगे और अपनी रिक्शाओं को नियमित भी करेंगे। लेकिन इसमें जनभ्भावना को .ष्टिगत रखते हुए एक माह की अवधि प्रदान की जाए। उसके उपरान्त गलत रूप से संचालित ई-रिक्शाओं को प्रतिबन्धित करने की प्रशासन को बाध्यता पर हम सहमत है। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन कुमार मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में रबी विपणन व गेहूं क्रय केंद्र पर आधारित बैठक संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। कलेक्ट्रेट के सभागार में अपर जिलाधिकारी शामली संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत गेहूं क्रय से संबंधित बैठक आयोजित की गई।

आयोजित बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी शामली प्रज्ञा शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में गेहूं खरीद हेतु 30 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं जिसमें खाद्य विभाग के 6, पीसीएफ के 16, पीसीयू के 5 एवं भाखानि के 3 क्रय केंद्रों को अनुमोदित किया गया है। उन्होंने बताया कि 2025-26 में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 प्रति कुं. गत वर्ष से 150 रु. प्रति कुं. की वृद्धि। गेहूं क्रय अवधि 17 मार्च 2025 से 15 जून 2025 तक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का लक्ष्य-15000 मी.टन है, अब तक जनपद में 45.529 मी0 टन की खरीद हो चुकी है।

आयोजित बैठक में अपर जिला. धिकारी ने सभी क्रय केंद्रों की बारी-बारी से समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश देते हुए कहां की किसानों को जागरुक करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष सभी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद सुनिश्चित हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि वह प्रतिदिन कितने किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ, कितने किसानों से गेहूं खरीद हुई, कितने कुंतल गेहूं खरीद हुई, कितने किसानों का पेमेंट हुआ आदि सभी सूचना की रिपोर्ट भी प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में एडीएम ने क्रय केंद्रों को समय से खोलने साथ ही कृषकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में निर्देशित किया कि गेहूं क्रय केन्द्रों पर कोई अनियमितता न पाई जाए। अन्यथा की दशा में प्रतिकूल संज्ञान लिया जाएगा। आयोजित बैठक में एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव,जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता शामली शिवम मलिक सहित सभी क्रय केंद्र प्रभारी जिला प्रबंधक सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के उपरांत अपर जिलाधिकारी सन्तोष कुमार सिंह ने संबंधित अधिकारी के साथ कैराना और मंडी शामली में गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया आवश्यक व्यवस्था को देखा मौके पर संबंधित से गेहूं खरीद के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा निर्देश दिए।

रिटायर्ड एसआई और पड़ोसी पर जानलेवा हमला

शाह टाइम्स संवाददाता

गढ़ी पुख्ता। थाना गढ़ी पुख्ता क्षेत्र के गांव भैंसवाल में बुधवार रात एक रिटायर्ड दिल्ली पुलिस सब-इंस्पेक्टर और उसके पड़ोसी पर तीन अज्ञात हमलावरों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीनों हमलावरों पर मोबाइल लूटने और गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया है।

गांव भैंसवाल निवासी राज. कुमार पुत्र चंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दिल्ली पुलिस से रिटायर्ड एसआई हैं। बुधवार रात करीब 9 बजे वह अपने पड़ोसी अजय कुमार पुत्र भोपाल सिंह के साथ खेतों में सिंचाई के लिए चल रहे नहर के पानी को बंद करने के लिए मोटरसाइकिल भ्त34क4035 से नहर माजरा स्थित खेतों की ओर गए थे।राजकुमार के अनुसार, पानी बंद करने के बाद वह और अजय कुमार खेतों से अपनी मोटरसाइकिल पर नहर सड़क मार्ग से होते हुए रात करीब 10 बजे घर लौट रहे थे। जैसे ही दोनों नहर माजरा की ओर जाने वाले रास्ते के समीप पहुंचे, वहां सड़क पर लगे गति अवरोधकों के कारण उनकी मोटरसाइकिल की रफ्तार धीमी हो गई। इसी दौरान, तीन अज्ञात नकाबपोशो ने अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में राजकुमार के सिर में गंभीर चोट आई जबकि अजय कुमार को भी कई जगह पर चोटें लगीं। पीड़ित के अनुसार, हमलावरों ने मारपीट के बाद उनका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

आयुष्मान योजना का लाभ प्लेटफॉर्म वर्कर्स को भी

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, श्रम अनुभाग-3 के आदेशानुसार अवगत कराया गया है कि अर्थव्यवस्था में प्लेटफॉर्म वर्कर्स की महत्वपूर्ण भूमिका और सामा. जिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच से जुडी चुनौतियों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय बजट 2025-26 में प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कवर करने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के विस्तार की घोषणा की गई है। यह जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त, शामली अचला पाण्डेय ने अवगत कराया कि उक्त घोषणा के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्लेटफार्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा लाभो तक सुगम पहुंच सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में प्लेटफार्म श्रमिकों को ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत किए जाने हेतु दिनांक 07।04।2025 से 17।04।2025 तक जनपद शामली में विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि जनपद शामली में निम्न प्रकार की ऑन-लाईन कम्पनियों में कार्यरत वर्कर्स यथा ओला, ऊबर, क्विक राइड, कूबो, टैक्सी ड्राईवर, फूड एण्ड लॉजिस्टिक डिलीवरी के अन्तर्गत जोमेटो, स्वीगी, ब्लिंकिट, फूड पाण्डा, बिग बास्केट, जैपटो, ग्रॉफर्स, लॉजिस्टिक सर्विस के अन्तर्गत एक्सप्रेस लॉजिस्टिक, ब्लू डार्ट, फिडेक्स, ट्रेकऑन कुरियर सर्विस, अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील, शॉप क्लू, होम शॉप, मिन्त्रा, मीशों, नेटमेडस मेडलाइफ, फिटविट, ट्रेवर्ल्स एण्ड हॉस्पिटेलिटी के अन्तर्गत रेड बस, कन्टेन्ट मिडिया सर्विस के अन्तर्गत यूटड्ब, फेसबुक, नेटफ्लिक्स, स्पोटी फाई आदि के सेवायोजक एग्रीगेटर्स श्रेणी में आते है और इन एग्रीगेटर्स के लिए डिलीवरी व अन्य कार्य करने वाले गिग वर्कर्स ई-श्रम पोर्टल पर उक्त प्लेटफार्म वर्कर्सधगि वर्कर्स अपना पंजीयन कराने हेतु वांछित अभिलेख आधार कार्ड, पैन कार्ड, मोबाईल नम्बर आवश्यक है। अत: उक्त प्रकार के प्लेटफार्म वर्कर्सधगि वर्कर्स अपना पंजीयन निकट के सीद्दएसद्दसीद्द सेन्टर के माध्यम से या स्वयं भी कर सकते है। इन प्लेटफार्म वर्कर्सधगि वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के उपरान्त उन सभी योजनाओं का हितलाभ प्राप्त होगा जो समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा लागू की जाएगी। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जनपद के श्रम कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, ट्रांजिट हॉस्टल, बनत जनपद शामली से सम्पर्क किया जा सकता है।

गो सेवा प्रतियोगिता का आयोजन

शामली। शहर के सत्यनारयण इंटर कालेज में गौ सेवा प्रतियोगिता जो कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में कराई गई थी। प्रतियोगिता का शीर्षक गौ विज्ञान अनुसंधान एवं सामान्य ज्ञान प्रतियागिता रहा। इस प्रतियोगिता में सत्यनारायण इण्टर कॉलेज के छह छात्र छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का मान बढ़ाया। छात्र अक्षय तथा कुमारी अंशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि छात्र अर्पित तथा अनमोल द्वितीय स्थान पर रहे और आदित्य तथा अनमोल तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के आयोजकों की और से छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाम्भवी तायल, अनीता तायल तथा कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, रामनाथ, शिव कुमार, मनोज शर्मा, विजेन्द्र दत्त गौतम, मनोज भारद्वाज, फूल कुमार, पंकज पाल, साकेत निर्वाल, लक्ष्मी गर्ग, छवि शर्मा, अंजलि जैन, नीतू अग्रवाल, ज्योति तायल, सुमन शर्मा, कीर्ति गर्ग, श्रेणी वर्मा, कविता मित्तल आदि मौजूद रहे।

चोरी करने वाले गिरोह का किया भंडाफोड़

■ तीन गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। थाना इकोटेक-3 पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए घरों में चोरी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से चोरी की गई 8 एलईडी कंप्यूटर मॉनिटर और 2 कंप्यूटर स्पीकर बरामद किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 11 अप्रैल को पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर जानकारी मिली कि कुछ संदिग्ध लोग पुराना सुत्याना वाले पुश्ते के पास चोरी का सामान लेकर मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना इकोटेक-3 पुलिस टीम ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अमरीश, निवासी ग्राम खेड़ा बीबी जेई, थाना शाहबाद, जिला हरदोई, जो वर्तमान में किराए के मकान में ग्राम गढ़ी चौखंडी, थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर में रह रहा है। समीर, निवासी बिसौली, जिला बदायूं, जो वर्तमान में ग्राम सादुल्लापुर, गौतमबुद्धनगर में रह रहा है और आसिब, निवासी ग्राम धनौली, थाना बिल्सी, जिला बदायूं, वर्तमान पता ग्राम सादुल्लापुर, थाना इकोटेक-3, गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है।

घरों का बनाते थे निशाना: पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 8 एलईडी कंप्यूटर मॉनिटर और 2 कंप्यूटर स्पीकर बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि ये आरोपी शहर के विभिन्न इलाकों में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पूछताछ में आरो. पियों ने और भी वारदातों को कबूल किया है, जिनकी जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश भी की जा रही है।

अब चंद मिनटों में पहुंचेंगे नोएडा, पुल बनने से किसानों को मिलेगा 25 करोड़ का मुआवजा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर की फरीदाबाद से सीधे कनेक्टिविटी के लिए संपर्क मार्ग का निर्माण जल्द शुरू होगा। किसानों ने मंझावली पुलिस के संपर्क मार्ग के निर्माण की बाधा दूर करते हुए लोक निर्माण विभाग को जमीन की रजिस्ट्री शुरू कर दी है। जगनपुर गांव के कुछ किसानों ने मंगलवार को विभाग के नाम पर जमीन की रजिस्ट्री की।

सड़क के लिए 40 किसानों की जमीन की लोक निर्माण विभाग के नाम पर रजिस्ट्री होनी है। इसके बाद सड़क निर्माण शुरू हो सकेगा। सड़क बनने से गौतमबुद्ध नगर और हरियाणा के बीच आवाजाही आसान हो जाएगी और समय की बचत होगी। जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। गौतमबुद्ध नगर और हरियाणा के बीच कनेक्टिविटी के लिए अभी तक दिल्ली होकर या ईस्टर्न पेरिफेरल होकर कनेक्टिविटी है। वहीं, तीसरे विकल्प के तौर पर यमुना नदी पर मंझावली गांव के नजदीक पुल बनाकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पुल व हरियाणा के हिस्से में सड़क का निर्माण हो चुका है, लेकिन गौतमबुद्ध नगर में सड़क निर्माण के लिए प्रशासन को किसानों की सहमति लेने में एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ा।

25.69 **करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जाएगा:** जगनपुर के पूर्व प्रधान श्रीनिवास आर्य समेत कुछ किसानों ने मंगलवार को जमीन का लोक निर्माण विभाग के नाम पर बैनामा किया। सड़क निर्माण के लिए मुरसदपुर, अफजलपुर, जगनपुर और अट्टा गुजरान गांव की 6.5 हेक्टेयर जमीन खरीदी जानी है। इसके एवज में 40 किसानों को 3,720 रुपये प्रतिकर के हिसाब से करीब 25.69 करोड़ रुपये मुआवजा वितरित किया जाएगा। श्रीनिवास आर्य ने बताया कि जयवती देवी, रोहतास नागर, जितेंद्र नागर आदि ने लोक निर्माण विभाग के नाम रजिस्ट्री की। पुल के बनने से क्षेत्र का विकास होगा।

2014 **में पुल निर्माण के लिए हुआ था शिलान्यास:** यमुना पर पुल निर्माण के लिए 2014 में शिलान्यास हुआ था। 630 मीटर लंबा व चार लेन पुल बनाया है। गौतमबुद्ध नगर में एक किमी लंबी सड़क का निर्माण पुल को जोड़ने के लिए होना है।

दस वर्षों से अटका पड़ा सड़क का निर्माण: मंझावली पुल तक बनने वाली सड़क का निर्माण करीब 10 वर्षों से अटका है। मुआवजा दर पर किसानों के साथ विवाद के कारण काम रुका था। सभी किसान सहमति जताते हुए जमीन देने के लिए तैयार हैं।

इंजीनियर ने होटल में किया सुसाइड

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-27 स्थित एक होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। वो होटल में अपनी प्रेमिका के साथ आया था।यहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी है। साथ ही शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में परिवार की ओर से अभी शिकायत नहीं दी गई है।

मृतक की पहचान उमेश पुत्र पंकज निवासी हाथरस के रूप में हुई है। उमेश अपनी महिला मित्र के साथ गुरुवार को सेक्टर-27 स्थित वेमशन होटल में आकर रुका था।होटल संच. ालक की माने तो दोनों अपनी सहमति से यहां आए थे। होटल के कमरे में दोनों ने खाना खाया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। इसी बीच महिला मित्र बाथरूम में शावर लेने चली गई। इसी बीच उमेश ने होटल के कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस को जानकारी शुक्रवार को मिली।

फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया: सुसाइड की जानकारी मिलते ही स्टाफ कर्मचारी की मदद से महिला मित्र ने उमेश को फंदे से उतारा और सेक्टर-20 के विनायक अस्पताल ले गए।वहां डॉक्टरों ने उमेश को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस महिला मित्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उमेश पेशे से इंजीनियर था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

दो साल से लिव इन में थे दोनों: पुलिस ने बताया कि महिला मित्र ने बताया कि वो दोनों दो साल से लिव इन में थे। और प्यार करते थे। किस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ इसकी जानकारी की जा रही है।

शेयर बाजार में निवेश के नाम पर बुजुर्ग से एक करोड़ ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर बुजुर्ग से एक करोड़ रुपये ठग लिए। साइबर क्राइम थाने में इस मामले में चार कथित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। पुलिस ने करीब साढ़े तीन लाख रुपये फ्रीज करा दिए हैं। सेक्टर-77 निवासी 61 वर्षीय बुजुर्ग सीतल कुमार रहते हैं। वह नामी कंपनी से कार्यकारी निदेशक के पद से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी कि बीते साल अप्रैल में सोशल मीडिया पर उन्हें एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें बताया गया कि अमेरिका की सहायक कंपनी है, जिसका दफ्तर मुंबई में है। इसके बाद संजय शर्मा नाम के प्रोफेसर के बारे में जानकारी दी गई। ठगों ने सीतल के पास शेयर ट्रेडिंग से संबंधित एक लिंक भेजा। लिंक के माध्यम से उनको निवेश संबंधी ऑनलाइन कक्षाएं भी कराई गईं। कक्षा में प्रोफेसर के बारे में बताया कि वह आईपीओ के साथ शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी देकर हजारों लोगों की जिंदगी बदल चुके हैं। इनमें से कुछ निवेशक करोड़पति तक बन गए हैं। सीतल कुमार को भी निवेश करने के लिए कहा गया। उन्होंने भी ठगों की बातों में आकर निवेश करना शुरू कर दिया। प्रारंभिक चरण में उन्हें कुछ मुनाफा हुआ। इससे उन्हें यकीन हो गया। कुछ दिन बाद उनको निवेश पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए एक हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल अकाउंट खुलवाने के लिए कहा गया। उन्होंने ऐसा ही किया। कई बार में आरोपियों ने अलग-अलग आईपीओ में उनसे रुपये लगवाए। इस दौरान शिकायतकर्ता ने नौ अकाउंट में कई बार में एक करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्हें आईपीओ बेचने के लिए कहा गया। उन्होंने जब उसे बेचा तो वह रुपये निकालने के लिए उत्सुक हो गए।

रुपये निकालने के एवज में उनसे करों का हवाला देकर अतिरिक्त रकम की मांग की गई। इसके बाद सीतल को खुद के साथ ठगी होने का अंदेशा हुआ। जब उन्होंने रकम वापस करने का दबाव बनाया तो ठगों ने उससे संपर्क तोड़ लिया। ठगों ने जिस कंपनी का नाम बताया था, सीतल उसके ऑफिस पहुंचे। जहां उन्हें बताया गया कि उनका इस प्रकार के लेनदेन से कोई वास्ता नहीं है। कंपनी इस प्रकार से काम नहीं करती है। जिन नामों से उनके साथ ठगी की गई, वह भी कंपनी में काम ही नहीं करते।

किराये के खातों में रकम ट्रांसफर होने की आशंका: पीड़ित ने इस मामले में नवंबर 2024 में साइबर पोर्टल में शिकायत दी। ठगी के करीब एक साल बादअब रिपोर्ट दर्ज हुई। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिन लोगों ने उससे संपर्क किया, उन्होंने अपना नाम एलिसा, प्रियंका सिंह, प्रोफेसर संजय शर्मा और अदा बताया। पूरी संभावना है कि ठगी करने वाले लोगों ने शिकायतकर्ता को अपना नाम और पता गलत बताया होगा। किराये के खातों में रकम ट्रांसफर होने की आशंका जताई जा रही है। मुनाफे के चक्कर में बुजुर्ग ने अपनी पूरी जमा पूंजी गंवा दी।

एक नजर

बैसाखी पर्व पर कार्यक्रम का आयोजन

नोएडा (शाह टाइम्स)। डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पंजाब के विशेष पर्व बैसाखी के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने इस पर्व को मनाने की परंपरा और ढंग का परिचय आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कविता वाचन के द्वारा बैसाखी की विशेषताओं को वर्णित किया। बच्चों ने रंग बिरंगे परिधानों में अपने नृत्य से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा और सभी अध्यापकों ने छात्रों को बैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

लीजबैक के प्रकरणों पर 14 अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई टली

नोएडा (शाह टाइम्स)। किसानों के लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आगामी 14 अप्रैल को प्रस्तावित सुनवाई स्थगित कर दी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी भूलेख गिरीश कुमार झा ने बताया कि 14 अप्रैल को सिरसा और खेड़ा चौगानपुर की सुनवाई प्रस्तावित थी, लेकिन 14 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश है।

इस वजह से यह सुनवाई स्थगित करनी पड़ी है। इन गांवों के लीज बैक के प्रकरणों पर सुनवाई की अगली तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। इससे पहले 11 अप्रैल को प्रस्तावित मायचा गांव के किसानों की सुनवाई भी अपरिहार्य कारणों से टालनी पड़ी है। इनके लिए भी सुनवाई की तिथि जल्द घोषित की जाएगी। दरअसल, किसानों की मांग पर लीज बैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की आबादी व्यवस्थापन के लिए बनी समिति ने पुन: सुनवाई कर रही है।

चलती कार में लगी आग

नोएडा (शाह टाइम्स)। एलजी गोल चक्कर के पास शुक्रवार को एक चलती कार में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। गनीमत रही है कि कार में आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक हुंडई सेंट्रो (सीएनजी) कार का चालक दोपहर को एलजी गोल चक्कर के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान कार में अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। चालक ने किसी तरह बाहर आकर जान बचाई। वहीं कार में आग लगी देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर सर्विस यूनिट ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। एक दमकल गाड़ी की सहायता से आग को पूरी तरह बुझाया गया। आग पर समय रहते काबू पाने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है। प्रारंभिक जांच में आग लगने के कारणों का स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका है कि तकनीकी खराबी के कारण आग लगी है।

ई-कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

नोएडा (शाह टाइम्स)। सेक्टर-24 थाना क्षेत्र स्थित मोदी मॉल के पास इलेक्ट्रिक कार ने बाइक सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल युवक के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के चंद्र विहार निवासी चक्रधर दुबे ने बताया कि उनका भतीजा पंकज आठ अप्रैल को साढ़े आठ बजे के करीब अपनी बाइक से नोएडा से दिल्ली स्थित घर आ रहा था। वह मोदी मॉल के पास पहुंचा तो दिल्ली नंबर की इलेक्ट्रिक कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पंकज के चेहरे की हड्डी टूट गई और हाथ-पैर में भी गंभीर चोट आई। राहगीरों की मदद से घायल को आनन-फानन में बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते पंकज को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घायल की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। कार चालक ने पंकज की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जबकि पंकज अपनी लाइन में ही था।

सोसाइटी में दूषित पेयजल की समस्या का समाधान नहीं

नोएडा (शाह टाइम्स)। अजनारा होम्स सोसाइटी में दूषित पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों का आरोप है कि प्रबंधन टैंक की सफाई का कार्य धीमी गति से कर रहा है। इसके चलते गंदे पेयजल की आपूर्ति हो रही है और लोगों के बीमार होने का सिलसिला जारी है।

सोसाइटी के एओए अध्यक्ष चंदन सिन्हा ने बताया कि परिसर में दूषित पेयजल का सेवन करने से लोगों को पेट दर्द, उल्टी, दस्त की शिकायत हो रही है। इसकी चपेट में करीब 600 से अधिक लोग आ चुके हैं। अब भी कई लोग बीमार हो रहे हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। लोगों ने सप्लाई के पेयजल का इस्तेमाल बंद कर दिया। बोतलबंद पेयजल खरीद रहे। वहीं, कुछ बार-बार सप्लाई के जल को उबाल कर पी रहे।

अंबेडकर जयंती पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में अंबेडकर जयंती को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। थाना रबूपुरा में शुक्रवार को एसीपी-4 सार्थक सैंगर ने संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। यह बैठक डीसीपी और एडीसीपी ग्रेटर नोएडा के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। एसीपी सैंगर ने बैठक में स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जयंती शांतिपूर्ण तरीके से मनाई जाए। किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस नहीं पहुं. चनी चाहिए। धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।पुलिस ने नागरिकों से अफवाहों से दूर रहने की अपील की है। किसी भी तरह की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने को कहा गया है।पुलिस प्रशासन का मानना है कि नागरिकों के सहयोग से ही जिले में शांति और सौहार्द कायम रह सकता है। बैठक का मुख्य उद्देश्य अंबेडकर जयंती को सद्भावना के साथ मनाना सुनिश्चित करना था।

अस्तौली में 300 टीपीडी बायो सीएनजी प्लांट का निर्माण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा को स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में प्राधिकरण ने बड़ी पहल की है। ग्रेटर नोएडा गीले कूड़े को निस्तारित करने के लिए प्राधिकरण ने रिलायंस बायो एनर्जी कंपनी को बायो सीएनजी प्लांट बनाने के लिए अस्तौली में लगभग 11. 5 एकड़ जमीन लीज पर दे दी है। जमीन पर पजेशन भी दे दिया है। रिलायंस बायो एनर्जी ने शुक्रवार से प्लांट का निर्माण शुरू कर दिया है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर प्राधिकरण की तरफ से 300 टन रोजाना गीले कूड़े को प्रोसेस करने के लिए आरएफपी निकाला गया था। रिलायंस बायो एनर्जी कंपनी ने भी इसमें हिस्सा लिया। आरएफपी के जरिए रिलायंस बायो एनर्जी को सितंबर 2024 में इस प्रोजेक्ट को बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई और मार्च 2025 में इसका एग्रीमेंट किया गया। ग्रेटर नोएडा के अस्तौली गांव में लगभग 11.5 एकड़ जमीन रिलायंस एनर्जी को 25 वर्ष के लिए लीज पर दी गई है।प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि रिलायंस बायो एनर्जी इस प्लांट पर गीले कूड़े को प्रोसेस कर बायो सीएनजी गैस बनाएगी, जो कि वाहनों में ईंधन के रूप में इस्तेमाल हो सकेगा। साथ ही कूड़े को प्रोसेस करने के एवज में प्राधिकरण को 225 रुपये प्रति टन की रॉयल्टी मिलेगी। 300 टन प्रतिदिन कूड़े को प्रोसेस करने के लिए प्राधिकरण को कोई खर्चा भी नहीं करना पड़ेगा। यह प्लांट डेढ़ साल में बनकर तैयार हो जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार का कहना है कि बायो सीएनजी प्लांट के लगने से ग्रेटर नोएडा में गीले कूड़े को प्रोसेस करने की समस्या हल हो जाएगी।

रास्ता न देने पर ट्रैक्टर चालक पर हमला

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक ट्रैक्टर चालक को रास्ता न देने पर बाइक सवारों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। घटना रामपुर बांगर गांव की है। पीड़ित की हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना गुरुवार रात की है। पीड़ित अनिल ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गांव जा रहा था। उसी दौरान गांव के ही नकुल और राकेश बाइक से पीछे आ रहे थे। दोनों ने अनिल से रास्ता मांगा। अनिल ने रास्ता छोटा होने का हवाला देते हुए मना कर दिया। इस बात पर दोनों आरोपी भड़क गए। उन्होंने अनिल को ट्रैक्टर से नीचे खींच लिया। फिर डंडे और लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। परिजन घायल अनिल को पहले ग्रेटर नोएडा के अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने उसे दिल्ली रेफर कर दिया।

फीस वृद्धि का विवरण न देने पर 76 विद्यालयों पर लगा एक लाख का जुर्माना, सात जांच समितियों का गठन

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को आयोजित की गई। जनपद के कुल 144 विद्यालयों द्वारा इस वर्ष की गई फीस वृद्धि का विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें तीन विद्यालय अमर पब्लिक स्कूल सेक्टर-37 नोएडा, पारस पब्लिक स्कूल, मिल्क लिच्छी एवं संत किशोरी विद्या मन्दिर सेक्टर-158 नोएडा द्वारा फीस में अनुमन्य वृद्धि पांच प्रतिशत व सीपीआई से अतिरिक्त फीस की वसूली की गई है।

तीन विद्यालय प्रबंधन को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया कि उनके द्वारा अनुमन्य फीस से अतिरिक्त फीस क्यों ली गयी। शेष 76 विद्यालयों जिनके द्वारा इस वर्ष फीस वृद्धि का कोई विवरण जिला शुल्क नियामक समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया, उन विद्यालयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये का अर्थदंड उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम, 2018 के सुसंगत धाराओं के प्रविधानों के तहत अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही विद्यालय संच. ालकों को कारण बताओ नोटिस निर्गत कर एक सप्ताह में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह ने बताया कि जनपद के समस्त विद्यालय के शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को वर्ष 2024-25 के सापेक्ष वर्ष 2025-26 में कितनी वेतन वृद्धि की गई है। इसका विवरण एक सप्ताह में कार्यालय सचिव, जिला शुल्क नियामक समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। जिला शुल्क नियामक समिति द्वारा यह भी निर्देश दिये गये है कि जो भी शुल्क वृद्धि की जाए उसको 60 दिन पूर्व वेबसाइड पर अपलोड करें। समिति ने फैसला लिया गया है कि तहसील स्तर पर सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारीव तहसीलदार की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की टीम गठित कर निरीक्षण कराया जाएगा। यह भी सुनिश्चित कराया जाये किसी भी विद्यालय के द्वारा जूते, मौजे एवं ड्रेस आदि अभिभावकों को खरीदने हेतु बाध्य न किया जाए।

ऐसे विद्यालय जिनके खिलाफ शिकायतें प्राप्त होती हैं, प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विद्यालय की जांच की जाए। दोषी पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई प्रस्तावित करें। उक्त के लिए स्कूलों की जांच के लिए सिटी मजिस्ट्रेट नोएडा, उपजिलाधिकारी दादरी, उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी जेवर, तहसीलदार दादरी, तहसीलदार सदर तथा डिप्टी कलेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में सात जांच समितियों का गठन किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्र में विद्यालयों की जांच कर यह सुनिश्चित करेंगें कि किसी भी विद्यालय में छात्र और अभिभावक को ड्रेस, किताबें, जूते, मौजे आदि के क्रय के लिए बाध्य तो नहीं किया जा रहा है।

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने अपनी बुआ के घर आई किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और उससे दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने किशोरी को भी सकुशल मुक्त करा लिया। पुलिस के मुताबिक बुलंदशहर निवासी किशोरी करीब एक सप्ताह पहले छुट्टी बिताने अपनी बुआ के घर आई थी। वह पांच अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई। उसके फूफा ने पुलिस से इस मामले में शिकायत की। सेक्टर बीटा-2 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने किशोरी को मुक्त कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी वादी की पारिवारिक बहन का बेटा है। इसके चलते उसका वादी के घर आना-जाना था।

छात्रों के लिए करियर प्रगति सत्र आयोजित

नोएडा। एमिटी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्रों के लिए करियर प्रगति सत्र का आयोजन किया गया। इसमें जीडी गोयनका और बीएलएस वर्ल्ड स्कूल के 100 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को भविष्य में आने वाली चुनौतियों और करियर को लेकर चर्चा की गई। छात्रों ने एमिटी में केन्द्रीय पुस्तकालय, स्कूल ऑफ कम्यूनिकेशन स्टूडियो और इनोवेशन इंक्यूबेटर का भ्रमण किया। इस अवसर पर यॉर्कविले विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डॉ. जूलिया क्रिस्टेंसन हयूजेस और उपाध्यक्ष लियाम डटन ने भी विद्यालयी छात्रों से मुलाकात की। एमिटी विश्वविद्यालय के साथ अकादमिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की।

सात परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा: अपर जिलाधिकारी वित्त

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली की मंशा के अनुरूप जनपद में आगामी 13 अप्रैल 2025 को 07 केंद्रों पर होने वाली एनडीए/एन ए परीक्षा(I) एवं सीडीएस परीक्षा(I) 2025 को जनपद में सकुशल शांतिपूर्ण एवं सुचीता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व संघ लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप सुदृढ़ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने कहा कि आयोजित होने वाली परीक्षा में यदि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि उनके द्वारा अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों से कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए, ताकि संघ लोक सेवा आयोग की मंशा के अनुरूप आगामी 13 अप्रैल को होने वाली परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराया जा सके। संघ लोक सेवा आयोग के इंस्पेक्टिव ऑफिसर अनीश भारद्वाज ने इस अवसर पर बैठक में उपस्थित समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों को मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बैठक का संचालन करते हुए बताया कि एनडीए व एन परीक्षा(I) जनपद में तीन परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में तथा सीडीएस परीक्षा (I) परीक्षा चार परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में आयोजित होगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं लोकल इंस्पैक्टिंग ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

कुत्ते के इलाज को लेकर हुए विवाद में इंजीनियर ने दी थी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। कुत्ते के इलाज को लेकर हुए विवाद में सेक्टर-27 स्थित एक ओयो होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इंजीनियर अपनी प्रेमिका के साथ होटल में ठहरा हुआ था। अस्पताल से मीमो प्राप्त होने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

पुलिस के मुताबिक हाथरस के आवास विकास कॉलोनी का रहने वाला 38 वर्षीय उमेश सिंह गुरुवार सुबह 11 बजे के करीब अपनी 22 साल की प्रेमिका के साथ सेक्टर-27 स्थित वेमेशन ओयो होटल आया था। वहां पर दोनों ने खाना खाया। किसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद हो गया। इसी बीच उमेश ने होटल के कमरे में लगे पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की प्रेमिका का दावा है कि जिस समय उमेश ने आत्महत्या की वह वॉशरूम में थी।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

डा. एम वी राजपूत के निधन से चारों ओर शोक की लहर

शुक्रवार की देर शाम गमगीन माहौल में किया गया सुपुर्द ए खाक

शाह टाइम्स संवाददाता

बागपत। प्रसिद्ध आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर एम वी राजपूत का मेरठ के न्यूटीमा अस्पताल में शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे निधन हो गया। उनके निधन से उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई और उनके घर पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इससे पहले डॉक्टर एम वी राजपूत की गंभीर स्थिति के चलते राजपूत बिरादरी के सदर अकबर पुत्र सद्दीक का भी गुरुवार की रात 2 बजे निधन हो गया। बताया गया कि एम वी राजप. ूत के छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद से वह भी अत्यंत दुखी थे और उनकी चिंता. जनक हालत को वह सहन नहीं कर पाए हैं।

जनता क्लिनिक के डायरेक्टर डा. एम वी राजपूत बागपत नगर के पक्का घाट मोहल्ला के रहने वाले थे। बीते गत 6 अप्रल को वह घर पर अपना कुछ कार्य कर रहे थे। घर का दूसरी मंजिल का लोहे का जाल खुला हुआ था। डा. राजपूत फोन पर बात करते-करते अचानक छत से नीचे गिर गए थे और वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें बड़ौत के आस्था हॉस्पिटल में ले जाया गया था लेकिन चिकित्सकों ने वहां से उन्हें रेफर कर दिया था। इसके बाद डा. राजपूत को परिजन मेरठ के न्यूटीमा हॉस्पिटल लेकर गए जहां पर उन्हें तत्काल आईसीयू में भर्ती कराया गया। बताया गया कि सर में अत्यधिक चोट होने के कारण उनकी सर की सर्जरी भी हुई थी और सर के अलावा उनकी कुछ पसलियां भी टूटी हुई थी।

मृतक डा. एम वी राजपूत व अकबर का फाईल फोटो

शरीर पर काफी चोट आई हुई थी जिसके चलते उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। सर का ऑपरेशन करने के बाद भी उनकी तबीयत में सुधार नहीं हो पाया था जिसके चलते उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। कई दिन से वह अस्पताल में वेंटिलेटर पर ही थे लेकिन उसके बावजूद भी उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो पाया।

आखिरकार वह जिंदगी की जंग हार गए और शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। डा. राजपूत की मौत की खबर सुनकर चारों तरफ शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों में भी कोहराम मचा हुआ है। उनके घर पर रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। शुक्रवार की देर शाम उनकी मैयत को गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक किया गया।

वहीं दूसरी और राजपूत बिरादरी के सदर 85 वर्षीय अकबर पुत्र सद्दीक का भी गुरुवार की रात करीब 2 बजे निधन हो गया। उनके निधन का कारण डा. राजपूत के छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद उनकी चिंताजनक स्थिति को बताया जा रहा है। बताया गया कि वह इस सदमे को बर्दास्त नहीं कर पाए हैं। राजपूत बिरादरी के सदर अकबर पुत्र सद्दीक हमेशा डा. एम वी राजपूत के साथ ही रहते थे।

युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक युवक के साथ कुछ युवक घेरकर उसकी बेरहमी से पिटाई करते नजर आ रहे है। वीडियो में युवक के साथ मारपीट की गुई ही है युवक को बेरहमी के साथ बेल्ट और लात-घूंसों से की जा रहे है, जिसे राहगीरों ने देख भी अनदेखा किया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। बताया जा रहा है वीडियो गांव कस्तला कास्माबाद का है जहां युवक के साथ जमकर मारपीट की गई है। युवक को मोनाड रेलवे फाटक से जबरन पकड़कर गांव में ले जाया गया है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि वीडियो की सत्यता की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर

खाली प्लॉट में खड़े झाड़-झंखाड़ों में लगी आग, दमकल की टीम ने बुझाया

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। शुक्रवार की दोपहर ग्राम हिंडालपुर व गांव गालंद में आग लगने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव हिंडालपुर में आग एक कंपनी के पास एक खाली प्लॉट में खड़े झाड़-झंखाड़ों में लगी थी। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दमकल यूनिट मौके पर पहुंची और तत्परता से आग पर काबू पाने की कार्रवाई शुरू की। दमकल टीम ने आग बुझाई। आग की लपटें प्लॉट की दीवार पार कर गेहूं के खेत की ओर बढ़ने लगी थीं, जिसे पानी डालकर पूर्ण रूप से शांत किया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं गांव गालंद में कटे हुए गेहूं के अवशेष में आग लग गई। जिसे मौके पर पहुंचकर पानी से बुझा दिया गया। अग्निशमन केंद्र के प्रभारी सचिन बालियान ने बताया कि सूचना मिलते ही दोनो स्थानों पर आग पर काबू पा लिया गया है। दोनों स्थानों पर कोई जनहानि नहीं हुई है।

वीडियो वायरल, सगे भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी में दो सगे भाइयों के साथ बेरहमी से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक दर्जन से अधिक युवक शनि और प्रशांत नामक दो भाइयों पर बेल्ट व अन्य हथियारों से हमला कर रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि वे खाना खाने के बाद गली में टहलने निकले थे और एक परचून की दुकान पर सामान ले रहे थे, तभी अचानक युवकों ने उन पर हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि वायरल वीडियो और पीड़ितों की शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जेवरात और नकदी चोरीरू अज्ञात चोरों ने दिया अंजाम, पुलिस जांच में जुटी

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला शुक्लान में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए घर में रखें जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए पुलिस जांच में जुटी है। क्षेत्र के शुक्लान मोहल्ला निवासी कल्लन सिंह के घर में बीती रात चोरी की वारदात हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता के अनुसार, बुधवार की रात्रि जब वे सो रहे थे, तभी अज्ञात चोरों ने दूसरे कमरे में रखी अलमारी से जेवरात और नकदी चोरी कर ली। सुबह उठने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। चोरी गए सामान की कीमत का आकलन अभी नहीं हो पाया है। सीओ अनिता चौहान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

दो पक्षों में जमीन को लेकर विवाद मारपीट में एक व्यक्ति घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अनवरपुर में शुक्रवार सुबह एक पुराने जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। इस घटना में एक घायल हो गया। पिंकी पत्नी धन सिंह निवासी अनवरपुर ने बताया कि सुबह करीब छह बजे वह अपने खेत पर मौजूद थीं, तभी सामने पक्ष के लोगों ने आकर विवाद शुरू कर दिया। पिंकी के अनुसार, पूर्व से ही जमीन को लेकर आपसी रंजिश चल रही थी और विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। इसी दौरान हाथापाई हो गई, जिसमें उनके पति धन सिंह को चोटें आईं। घायल को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सीओ अनिता चौहान का कहना है कि मामले में तहरीर प्राप्त होते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

12 अप्रैल को मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। सनातन हिन्दू धर्म का पावन पर्व चैत्र शुक्ल पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव शनिवार 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय ने बताया कि पूर्णिमा तिथि तड़के 3 बजकर 21 मिनट से प्रारम्भ होकर अगले दिन सुबह 5 बजकर 51 मिनट तक रहेगा। इस बार चैत्र पूर्णिमा का शनिवार के साथ संयोग होने से गंगा नदी स्नान, दान, श्राद्ध आदि करने से अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होगा तथा चैत्र पूर्णिमा को चित्र नक्षत्र में रंग बिरंगे वस्त्र दान करने से अभागे व्यक्ति का भी भाग्य बन जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिन हनुमान जी का विधि विधान से पूजन कर हनुमान चालीसा, सुन्दरकांड, बजरंग बाण, हनुमान बाहुक आदि का पाठ करना चाहिए। इससे रोग, शोक, भय समाप्त होता है और शनि की पीड़ा से भी मुक्ति मिलती है। इससे मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को तड़के 3.21 बजे सूर्य के मेष राशि में आने से खरमास समाप्त हो जाएगा। जिससे समस्त शुभ मांग. लिक कार्य पून: प्रारम्भ हो जायेंगे।

सड़कों पर दौड़ रहे अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बाद 1 अप्रैल 2025 से अवैध और अधिकृत रूप से संचालित हो रहे ई रिक्शा और ऑटो के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ज़िलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से ऑटो और ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 33 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 12 वाहनों को सीज किया गया। एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज़िलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई साथ ही चाल. कों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष विभु ने वार्ड 16 में पत्रक वितरित कर सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। वार्ड चलो अभियान के अन्तर्गत आज वार्ड 16 में प्रवासी के रूप नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल के साथ मंडल अध्यक्ष शमनीष महेश्वरी, मण्डल महामंत्री सचिन पुंडीर, गुड्डू प्रजापति, जयभगवान टाँक, लटूर सिंह, मोहन सिंह, राजकुमार चौहान, कैप्टन के पी सिंह, गौरव राघव व अन्य कार्यकर्ताओं के साथ घर घर सम्पर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी एवम् कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करा कर पत्रक वितरित किए।

जेएमएस खेल महोत्सव में खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। दिल्ली लखनऊ हाइवे स्थित जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में जेएमएस खेल महोत्सव अन्तरस्कूलीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन का अद्भुत आयोजन कराया गया। जहां वॉलीबॉल कबड्डी एवं खो खो की प्रतियोगिताएं कराई गई जिसमें 28 स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा आयुष सिंघल ,सचिव डा रोहन सिंघल व प्रिंसिपल डॉ निधि मलिक ने कार्यक्रम मैं सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया। जिसमें जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खेरा, काव्य स्पोर्ट्स के डायरेक्टर रिंकू गौतम एवं सभी टीमों के कोच व मैनेजर रहे जे एम एस वर्ल्ड स्कूल के स्पोर्ट्स डायरेक्टर दीपांशु गर्ग ने बताया कि अंडर-14 कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में जी पी एस कस्तला 24 अंकों से विजेता व जेएमएस वर्ल्ड स्कूल 19 अंकों के साथ उपविजेता रही, अंडर-17 बालक वर्ग में के वी एनटीपीसी 29 अंकों के साथ विजेता व एल के इंटरनेशनल स्कूल नोएडा 25 अंकों के साथ उपविजेता रही इसके साथ ही खो खो प्रतियोगिता अंडर 14 बालिका वर्ग में एस बीच्ड वी एम विजेता तथा डीएमपीएस उपविजेता रही, अंडर 19 बालिका वर्ग में के वी एस विजेता व एस बी वी एम उपविजेता रही इसके साथ ही वॉलीवॉल प्रतियोगिता अंडर 14 बालिका वर्ग में एम एच पब्लिक स्कूल दादरी विजेता व जे एम एस वर्ल्ड स्कूल उपविजेता रही, अंडर-19 बालक वर्ग में एम एच पब्लिक स्कूल दादरी विजेता व जेएमएस स्पोर्ट्स अकैडमी उपविज. ता रही इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में हिमांशु, अंकुर पूनिया, अमित प्रताप, मनोज, लवलेश सिरोही, नीरज सैनी, संतोष बेसोया, अवनीश गौतम आदि का सहयोग रहा

निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। शुक्रवार को कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली रोड स्थित जिला कलैक्ट्रेट कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी गणों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के निजी स्कूलों में स्कूल संचालकों द्वारा मनगढ़त तरीके से फीस वृद्धि कर छात्रों के अभिभावकों से फीस वसूली जा रही हैं। स्कूल के छात्रों से स्कूल संचालक द्वारा उनकी बताई दुकानों से ही महंगी किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बनाया जाता हैं और कहा जाता हैं कि स्कूल संचालकों की बताई दुकानों से ही छात्रों की पढ़ाई के लिए स्कूल कोर्स और यूनिफॉर्म दिलवाए। जिस कारण अच्छी शिक्षा के चलते अभिभावको को मजबूरन बच्चो की महंगी स्कूल फीस देनी पड़ती हैं और उन्हीं की बताई दुक. ानों से किताबें और यूनिफॉर्म खरी. दनी पड़ती हैं। ऐसे में उन गरीब और मध्यम श्रेणी के परिवार से आने वाले अभिभावकों के घर खर्च पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता हैं। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि प्रदेश में छात्रों को महंगी किताबों से निजात दिलाने के लिए NCERT की किताबें उपलब्ध कराई जाए। क्योंकि स्कूलों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही किताबों से NCERT की किताबें अत्यधिक सस्ती होती हैं। कांग्रेस जनों ने आहवान किया हैं कि अगर सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले निजी स्कूलों पर अविलंब कोई ठोस कार्यवाही या अंकुश नहीं लगाती हैं तो देश भर दोस्तो के कांग्रेस जन सड़कों पर उतरकर इस सरकार के खिलाफ जन आंदोलन की शुरुआत करेंगे। इस दौरान मिथुन त्यागी, सैयद अयाजुद्दीन, अभिषेक गोयल, गोपाल, यशपाल सिंह, सुखपाल गौतम, ऐजाज अहमद, जावेद आलम, मनोज कौशिक, रईस अन्नू, जस्सा सिंह, आदित्य शर्मा, हसन आतिफ, दीपक मोघे, फिरोज कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे महात्मा ज्योतिबा फुले

मौशीन राणा

ज्योतिबा फुले एक दूरदर्शी समाज सुधारक, विचारक और कार्यकर्ता , जिन्होंने 19वीं सदी के भारत में जातिगत भेदभाव को चुनौती देने और महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र में जन्मे, उन्होंने अपना जीवन हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर साल 11 अप्रैल को सामाजिक सुधार और समानता के लिए उनके अपार योगदान के सम्मान में मनाई जाती है। 1827 में इसी दिन जन्मे फुले ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और महिलाओं की शिक्षा का समर्थन किया। 11 अप्रैल, 2025 को भारत मे उनकी 197वीं जयंती मनाई गई , जिसमें हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय, शिक्षा और सशक्तिकरण की उनकी विरासत को याद किया गया।

कौन थे ज्योतिबा फुले , ज्योतिबा फुले जिनका जन्म 11 अप्रैल, 1827 को महाराष्ट्र , भारत में हुआ था , फुले के पिता का नाम गोविंदराव फुले था। वह एक सब्जी विक्रेता के रूप में काम करते थे, और उनकी माँ का नाम चिमनाबाई था। ज्योतिबा फुले की पत्नि का नाम सावित्रीबाई फुले था। उनका एक बेटा था जिसका नाम यशवंत राव फुले था, जो उनका एकमात्र जीवित बच्चा था। यशवंत राव फुले ने भी सामाजिक सुधारों में योगदान दिया और अपने माता-पिता की विरासत को आगे बढ़ाया। फुले के सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से एक ब्राह्मणवादी आधिपत्य और दमनकारी जाति व्यवस्था की उनकी आलोचना थी। उन्होंने दलितों और अन्य हाशिए पर पड़ी जातियों के अधिकारों और सम्मान की वकालत करके ब्राह्मणों के श्रेष्ठता के दावे को चुनौती दी। फुले ने तर्क दिया कि जाति व्यवस्था सामाजिक और आर्थिक असमानता को कायम रखती है और इसके उन्मूलन का आहवान किया। उन्होंने कई प्रभावशाली रचनाएँ लिखीं, जिनमें गुलामगिरी (दासता) शामिल है, जिसमें दलितों द्वारा सामना किए जाने वाले उत्पीड़न की आलोचना की गई है, और शेतकरयाचा आसुद (किसानों का कोड़ा), जिसमें किसानों की दुर्दशा और उच्च जाति के जमींदारों द्वारा उनके शोषण को उजागर किया गया है। हालाँकि ज्योतिबा फुले ने मुख्य रूप से मराठी में लिखा, लेकिन उनकी कुछ रचनाओं का अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में अनुवाद किया गया है। समाज के लिए फुले का योगदान महत्वपूर्ण था, और उनके विचार आधुनिक भारत को प्रभावित करते रहे। उन्होंने पारंपरिक जाति व्यवस्था को चुनौती दी और सामाजिक समानता और न्याय का आहवान किया। उनके काम ने भारत में बाद में होने वाले सामाजिक सुधार आंदोलनों की नींव रखी। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती हर साल 11 अप्रैल को सामाजिक सुधार और समानता के लिए उनके अपार योगदान के सम्मान में मनाई जाती है। 1827 में इसी दिन जन्मे फुले ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी और महिलाओं की शिक्षा का समर्थन किया। 11 अप्रैल, 2025 को भारत मे उनकी 197वीं जयंती मनाई गई , जिसमें हाशिए पर पड़े लोगों के लिए न्याय, शिक्षा और सशक्तिकरण की उनकी विरासत को याद किया गया। फुले ने 1873 में सत्यशोधक समाज (सत्य के साधकों का समाज) की स्थापना की, जिसका उद्देश्य शोषितों का उत्थान करना और उन्हें शिक्षा और सामाजिक सशक्तीकरण प्रदान करना था। उन्होंने महिलाओं की शिक्षा की पुरजोर वकालत की और 1848 में भारत में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फुले के प्रगतिशील विच. ारों और अथक प्रयासों ने भारत में सामाजिक समानता और न्याय की नींव रखी। उन्हें सीमित शिक्षा मिली लेकिन वे स्कॉटिश मिशनरी स्कूलों में जाने के लिए भाग्यशाली थे, जहाँ उन्होंने अंग्रेजी सीखी, जिसने उनके भविष्य के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 28 नवंबर, 1890 को ज्योतिबा फुले की मृत्यु ने भारत में सामाजिक सुधार और हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित एक उल्लेखनीय जीवन का अंत कर दिया। उनकी विरासत उन लोगों के लिए प्रेरणा बनी हुई है जो सामाजिक असमानता और अन्याय के खिलाफ़ लड़ाई जारी रखते हैं।



फ्रॉड कर खाते से निकाले गए रुपये पुलिस ने लौटाए

शाह टाइम्स संवाददाता

हापुड़। थाना हापुड़ देहात की साइबर सेल टीम ने पीड़ित से ओटीपी के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा गूगल-पे से धोखाधड़ी कर निकाले गए 1 लाख 22 हज़ार रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराए हैं। थाना हापुड़ देहात साइबर सेल प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि थाना हापुड़ देहात के गांव ददायरा निवासी अमरजीत पुत्र हरिकेश के खाते से जालसा. जों ने ओटीपी के माध्यम से गूगल-पे से धोखाधड़ी कर 1 लाख 22 हज़ार रुपये निकाल लिए थे। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामले को दर्ज कर साइबर सेल ने जांच की। जांच के बाद पीड़ित के जिस खाते में लेनदेन किया गया। उस खाते को होल्ड कराकर बैक की सहायता से पीड़ितों की शत-प्रतिशत धनराशि उसके खाते में उपलब्ध कराई गई है।

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

पिलखुवा। नगर के परतापुर चुंगी स्थित ज्ञान सिंह सैनी की धर्मशाला में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जनप्रतिनिधियों और सैनी समाज के लोगो ने महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। इस दौरान महात्मा ज्योतिबा फुले मंदिर को सुंदर ढंग से सजाया गया। इसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष विभु बंसल ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उन्हें अपना आदर्श मन कर उनके बताए गए रास्ते पर चलने का आवाहन भी कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने किया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी, अंशुल मित्तल, विश्व प्रकाश शर्मा, हरिओम सैनी, नरेंद्र सैनी, कमल सैनी, सीताराम सैनी, पंकज सैनी, अतुल सैनी, ललित सैनी, डालचंद सैनी, टीटू सैनी, बृजेश सैनी, हरीश सैनी, मोहित सैनी, सोनू सैनी, राहुल सैनी, लोकेश सैनी समेत कई लोग उपस्थित रहे

ततीना गांव के जंगल में गांवड़ी के किसान की हत्या

शाम के समय अपने खेतों की सिंचाई करने गया था 55 वर्षीय कंवरपाल, दूसरे गांव में मिला शव

शाह टाइम्स संवाददाता

मवाना। पुरानी रंजिश में 55 वर्षीय किसान की हत्या कर दी गई। वह शाम के समय गांवड़ी के जंगल में खेतों की सिंचाई करने गया था, लेकिन दूसरे गांव के जंगल में सुबह के समय उसका शव पड़ा मिला। एसपी देहात ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परि. जनों को आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जाने दिया। डॉग स्क्वायड ने भी घटना स्थल के आसपास छानबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मृतक के पुत्र ने मामले की तहरीर दी है। गांवड़ी गांव निवासी किसान कुंवरपाल (55) पुत्र फूल सिंह गुरूवार शाम गांव के जंगल में अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए घर से निकला था। शुक्रवार सुबह ततीना गांव के जंगल में उसका शव पड़ा मिला।

उसके सिर में चोट के निशान थे। परि. जनों के साथ ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए और हंगामा किया। इंस्पेक्टर मवाना विशाल श्रीवास्तव मय फोर्स मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे एसपी देहात को मौके पर बुलाने पर अड़ गए। हंगामे को लेकर सीओ मवाना अभिषेक पटेल के निर्देश पर आसपास के थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। उसके बाद एसपी देहात राकेश मिश्रा मौके पर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। इसके लिए उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना को निर्देशित किया। उधर, घटनास्थल के आसपास सुराग रशी को लेकर डाग स्क्वायड बुलाया गया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। एसपी देहात के आश्वासन के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव में थी पुरानी रंजिश

मृतक कुंवरपाल के पुत्र अनिल ने बताया कि उनके परिवार की गांव में रंजिश व मुक. दमेबाजी चल रही है। इसे लेकर दोनों पक्षों के लोग जेल भी जा चुके हैं। आरोपियों ने गांव के जंगल में हत्या कर शव को यहां लाकर डाल दिया। मृतक के पुत्र ने गांव के लोगों को नामजद करते हुए थाने पर तहरीर दी है। वहीं इस घटना से लोगों में अलग-अलग चर्चा है।

नाबालिग से दुष्कर्म का मामला: एक महीने तक होटल में किया रेप

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। लिसाड़ी गेट क्षेत्र की 15 वर्षीय किशोरी के साथ माधवपुरम के एक युवक ने दुष्कर्म किया। आरोपी किशोरी को नौचंदी थाना क्षेत्र के एक होटल में ले जाता था। पीड़िता को पेट में दर्द हुआ। परिवार वाले उसे डॉक्टर के पास ले गए। जांच में पता चला कि किशोरी गर्भवती है। इसके बाद किशोरी ने परिवार को पूरी घटना बताई। पीड़िता के परिवार ने तुरंत थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के भाई को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना था कि आरोपी भी जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

आयुक्त ने टीबी मरीज को गोद लेकर प्रदान की पोषण पोटली

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने निक्षय मित्र के रूप में टीबी यूनिट यूपीएचसी पुलिस लाईन के अन्तर्गत उपचाररत टीबी मरीज मालती देवी को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की एवं उनको छह माह तक पोषण पोटली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। आयुक्त द्वारा टीबी मरीज के स्वास्थ्य एवं परिवार संबंधी जानकारी ली गयी और उन्हें अच्छे खान पान व साफ-सफाई रखने की सलाह दी गयी। आयुक्त ने टीबी के बचाव के तरीको के बारे में जानकारी देते हुए उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर डॉ. अशोक कटारिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. विपुल कुमार उप जिला क्षय रोग अधिकारी, श्रीमती नेहा सक्सैना आदि अधिकारी मौजूद रहे।

निजी स्कूलों की मनमानी फीस के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

कलक्ट्रेट में स्कूलों की बढ़ती फीस का विरोध करते कांग्रेसी।

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। शुक्रवार को महानगर कांग्रेस कमेटी के महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा और जिला अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व में एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा गया। जिसमें उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में नए सत्र का प्रारंभ हो चुका है निजी स्कूल पूरी तरह से मनमानी पर उतारू है विद्यालयों को उन्होंने लूट का तंत्र बना दिया है निजी स्कूल संचालक सिर्फ मनमानी फीस वृद्धि कर रहे हैं और अपनी बताई गई दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। रंजन शर्मा ने कहा कि इस भीषण महंगाई में जहां एक तरफ लोगों को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है वहीं स्कूलों की ड्रेस किताबें और फीस से अभिभावक परेशान है, उन्होंने मांग की है कि निजी स्कूलों द्वारा फीस किताब और यूनिफार्म के लिए एक नियमावली बनवाई जाए जिससे सभी निजी स्कूल के संचालन करता अंकुश में रह सके और फीस वृद्धि पर रोक लग सके। इस दौरान नसीम सैफी, अमित गोयल, सरताज, सलीम खान, विजय चिकारा, अरविंद राहुल, वासीर सैफी, राहुल, मासूम असगर आदि उपस्थित रहे।

शहर में बढ़ते अपराधों का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। मेरठ व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष शैंकी वर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने एक ज्ञापन एसएसपी को सौंपा है। जिसमें उन्होंने शहर में बढ़ते अपराधों का विरोध किया है। उनका कहना था कि शहर में अपराधों की बाढ़ आई हुई है, आए दिन गोलीबारी की घटनाएं हो रही है जिससे लोगों में खौफ है। उन्होंने कहा कि शहर के लोगों की सुरक्षा कराई जाए और अपराधियों के शस्त्र लाइसेंस को चिन्हित कर उन्हें निरस्त किया जाए साथ ही देररात पुलिस का गश्त व शाम को चौराहों पर चेकिंग अभियान थाना स्तर पर कराया जाए और पकड़े गए अपराधियों पर ऐसी कार्रवाई हो जिससे घटना करने वाले लोगों को सीख मिल सके उन्होंने कप्तान को एक प्रार्थना पत्र दिया है।

सपा कार्यालय पर मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। जेल रोड स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यालय प्रभारी निरंजन सिंह ने कहा कि हमें ज्योतिबा फुले के आदर्शों पर चलने की जरूरत है वह एक समाज सुधारक थे उन्होंने बेहतरीन लेखन के रूप में कार्य किए हैं उन्होंने अपने लेख से लोगों को बेहतरीन शिक्षा देने का कार्य किया है। वह हमेशा जात-पात से दूरी बनाकर रखते थे और लोगों को भी इससे बचने के लिए कहते थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस पर निकाली बाइक रैली

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर किठौर मंडल कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ किठौर मंडल कार्यालय शाहजहांपुर स्थित एफबी बैंकट हॉल से किया गया। कार्यक्रम के संयोजक विक्रांत त्यागी तथा कार्यक्रम सह संयोजक अमित सैनी रहे। बाइक रैली का शुभारंभ व मार्गदर्शन मंडल अध्यक्ष अनुज नागर ने किया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद तथा भारत माता की जय के नारों के साथ जोश और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस मौके पर मुजाहिद संजो, विक्रांत त्यागी, अमित सैनी, अंकित प्रधान, आरिफ सारंगपुर, राकेश महल वाला, विकल गंगा प्रकाश, जावेद बिलाल, नवनीत अग्रवाल, अखिल अग्रवाल, केपी अधाना, नजाकत आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ एडवोकेट शुऐब मौ. ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की अर्जी

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। कस्बा किठौर निवासी शुऐब त्यागी एडवोकेट ने शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ ऑन-रिकॉर्ड अंसार अहमद चौधरी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है।

शुऐब मौ. एडवोकेट ने अर्जी में दावा किया है कि यह बिल गैर संवैधानिक है और संविधान द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। शुऐब त्यागी एडवोकेट ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह कानून मुस्लिम समाज को परेशान करने के लिए लाया गया है, जिसका

एकमात्र उद्देश्य मुस्लिम समाज की संपत्ति को छीनकर पूंजीपतियों को देना है। यह कानून भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गये नारे सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को कमजोर और खोखला साबित करता है और खुले तौर पर संविधान द्वारा दिये गये धार्मिक आजादी के अधिकार का उल्लंघन करता है। मुस्लिम समाज को अब न्यायालय से ही इंसाफ की उम्मीद है। इस बिल के खिलाफ जमीयत उलेमा हिंद, एआईएमआईएम पार्टी के सदर असदुद्दीन ओवैसी और बाकी बहुत सारे नेता सुप्रीम कोर्ट गए हैं इन्ही लोगों में से वह भी एक हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सांस में सांस है हम इस संशोधित कानून का विरोध करते रहेंगे और अदालत से हमें न्याय जरूर मिलेगा।

जुमे की नमाज को लेकर रहा अलर्ट, अधिकारी रहे सड़कों पर तैनात

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। जुमे की नमाज व आगामी पर्वों के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शुक्रवार को डीएम डॉ. वी.के. सिंह तथा एसएसपी विपिन ताडा द्वारा पुलिस बल के साथ हापुड़ अड्डा, लिसाड़ी गेट, भूमिया का पुल, ब्रहमपुरी, फुटबाल चौक, रेलवे रोड चौराहा, खैर नगर चौराहा, बुढाना गेट चौराहा, बेगमपुल आदि क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बतादें कि वक्फ बिल संसद प राज्यसभा में पास हो गया है जिसका मुस्लिम समाज विरोध भी कर रहा हैं सुरक्षा में कोई चूक न हो इसी को लेकर अधिकारी सड़कों पर जुमे की नमाज अदा होने तक मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी मिली युवती

शाह टाइम्स संवाददाता

जानी खुर्द। जानी थाना क्षेत्र के गांव बहरामपुर में एक युवती की उसके घर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका शव मिला। वहीं परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। तभी मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पंचनामा भर पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने थाना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची जानी थाना पुलिस जांच में जुट गई है।

गोकशी प्रकरण: इंचौली थाना प्रभारी लाईन हाजिर, लावड़ चौकी प्रभारी सहित 6 पुलिसकर्मी निलंबित

शाह टाइम्स संवाददाता

लावड़। चौकी क्षेत्र में लगभग आठ दिन के अन्दर दो गोकशी की घटनाएं हो गई। दोनों ही घटनाएं सड़क के किनारे खेत में बेखौफ होकर की गई हैं। वहीं क्षेत्र में कुछ चोरी की भी घटनाएं हुई जिसमें पुलिस अभी तक एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी थी। वहीं गुरुवार को क्षेत्र में गोकशी की दूसरी घटना होने के बाद एसएसपी विपिन टाडा ने संज्ञान लेते हुए इंचौली थाना प्रभारी अतुल कुमार को लाईन हाजिर कर दिया। वहीं लावड़ चौकी प्रभारी विनोद अत्री सहित चौकी पर तैनात

कप्तान ने की थाना व चौकी पर बड़ी कार्रवाई

तीन हैड कांस्टेबल व तीन कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि लावड़ चौकी पर तैनात दो हैड कांस्टेबल लगभग तीन चार दिन पहले छुट्टी लेकर अपने घर गए हुए थे लेकिन उन्हें भी कप्तान द्वारा निलंबित किया गया है। एसएसपी विपिन टाडा ने शुक्रवार को इंचौली थाने का प्रभार उप नि. नितिन कुमार पांडेय को सौंपा है। नितिन कुमार सर्विलांस के प्रभारी थे।

किसानों पर कहर बनकर टूटी आसमानी आफत: अनुराग चौधरी

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। जिला मेरठ मे आये आंधी-तूफान-बारिश के कहर ने जिले भर के किसानों की कमर तोड़कर रख दी है। इसी को देखते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने जिलेभर के किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि मेरठ का किसान तुफान से हुए नुकसान का आंकलन तैयार करे, फसल बर्बाद होने पर कोई किसान गलत कदम ना उठाए, यूनियन उसके नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से निवेदन करेगी व पूरी होने तक किसान के साथ रहेगी। भारतीय किसान यूनियन इस प्राकृतिक आपदा पर सरकार की संवेदनशीलता को देख रही है, इस तुफान ने बहुत से किसानों को बर्बाद भी किया है, उन्होंने मांग की है कि जिलेभर के सभी अधिकारी सभी तहसील ब्लाक गांव में उपस्थित रहकर प्रभावित किसानों का सरकारी मदद के प्रति विश्वास जगाएं।

मुकदमा वापस नहीं लेने पर व्यापारी को दी जान से मारने की धमकी

डाक से भेजा धमकी भरा पत्र, क्षेत्र के नामी गिरामी व्यापारी हैं मनीष गुप्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

मवाना। क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यापारी मनीष गुप्ता को डाक से पत्र भेजकर जान से मारने की धमकी दी गई है। आरोपी ने यह धमकी उनके द्वारा कराए गए मुकदमें वापस लेने की बाबत दी है। भयभीत व्यापारी ने थाने पहुंचकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। दरअसल, उक्त व्यापारी के भाई की भी पूर्व में हत्या कर दी गई थी, जिसका मुकदमा थाना मवाना में दर्ज कराया गया था।

तीन साल पहले हुई थी भाई की हत्या

मवाना नगर के साकेत निवासी भट्ठा व्यवसायी मनीष गुप्ता का टाइल्स-पत्थर व सीमेंट का बड़ा कारोबार है। करीब तीन साल पहले मनीष गुप्ता के बड़े भाई की किसी अज्ञात गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई थी, जिसका मुकदमा मनीष

व्यापारी मनीष गुप्ता।

गुप्ता ने दर्ज कराया था, हालांकि बाद में पुलिस ने हत्या के मुकदमें को एक्सिडेंट की धाराओं में तरमीम कर दिया था। उसके बाद कारोबार को लेकर उन्होंने एक मुकदमा राजस्थान में व दो मुकदमें थाना मवाना में दर्ज करा रखे हैं।

डाक से मिला व्यापारी को धमकी भरा पत्र

कुछ दिन पूर्व उनके निवास पर डाक से एक पत्र प्राप्त हुआ। व्यापारी मनीष गुप्ता ने बताया कि उस समय वह क्षेत्र से बाहर गए हुए थे। दो दिन पहले लौटने पर उन्होंने पत्र खोला तो उसने राजस्थान व मवाना में कारोबार को लेकर दर्ज कराए गए मुकदमें वापस लेने की बात लिखी थी। पत्र भेजने वाले ने मुकदमें वापस नहीं लेने पर उन्हें व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पत्र पढ़ने के बाद व्यापारी व उनका परिवार दहशत में है। उन्होंने मवाना पुलिस से इसकी लिखित शिकायत कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई। वहीं पुलिस भी इस मामले की जांच में जुट गई। व्यापारी मनीष गुप्ता के परिवार में डाक द्वारा आए हुए पत्र से दहशत है। उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

नेत्र जांच कैम्प में 93 मरीजों की हुई जांच, 10 का निकाला मोतियाबिंद

जांच शिविर में अपनी आंखों का टेस्ट कराने आए मरीज।

शाह टाइम्स संवाददाता

किठौर। डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी ऑय हॉस्पिटल किठौर नेत्र जांच केंद्र के सौजन्य से शुक्रवार को ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में हाजी जब्बाद के निवास पर कैम्प का आयोजन किया गया।

जिसमें मोतियाबिंद से पीड़ित लोगो को फ्री आंखों को रोशनी देने का कार्य किया। इस कैम्प में 93 लोगो की फ्री जांच कराई ओर 10 लोगो को मोतियाबिंद निकला। विजन टेक्निशन डॉक्टर लक्ष्मी टकसालिया ओर सामाजिक कार्यकर्ता रवि किशन चरणसिंह ने नेत्र संबंधित बीमारियों से पीड़ित मरीजों की सेवा कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि आंखे हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। यदि हमारे शरीर में आंखे ठीक नहीं है तो हमारा जीवन अंधकार जैसा है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे कैंप लगाए जाएंगे जिससे मरीजों को बेहतर दवाई व इलाज मिल सके। वहीं लोगों ने ने भी इसे अच्छा प्रयास कहा है। इस दौरान खालिद, गुलफाम, गीता, सोना, इंतजार, मास्टर नजाकत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

फलावदा में महात्मा ज्योतिबा फुले की मनाई जयंती

शाह टाइम्स संवाददाता

फलावदा। नगर के नैडू मार्ग चौराहे पर स्थित शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा को फूलमाला पहनाई। कस्बे में उनकी याद में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का संचालन व्यापारी नेता कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी ने किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन अशोक सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महात्मा वास्तव में 18 वीं सदी के नहीं, बल्कि 19वीं सदी के एक महान समाज सुधारक, युग पुरुष क्रांतिकारी थे।

उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को हुआ था और उन्होंने समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाया। उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए विशेषण महानायक, युगपुरुष, महान् महापुरुष, क्रांतिकारी समाज सुधारक उनकी असाधारण शख्सियत और समाज के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों को पूरी तरह से दर्शाते हैं। महात्मा ज्योतिबा फुले ने जाति व्यवस्था के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया और दलितों व अति पिछड़ो के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। महात्मा ज्योतिबा फुले ने हमारे देश में सबसे पहले महिलाओं की शिक्षा के लिए अग्रणी कार्य किया और अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला। सत्यशोधक समाज की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना था। समाज सेवी नेता अनुज सैनी अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया। रूढ़िवादी परंपराओं और अंधविश्वासों का पुरजोर विरोध किया। उनके क्रांतिकारी विचारों और कार्यों ने भारतीय समाज में एक नई चेतना जगाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहे। समा. जसेवी राजू सैनी ने अपने संगठन में कहा कि महात्मा ज्योतिबाराव फुले सही मायने में समाज का इतिहास रचने वाले महान व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है। विशेष तौर पर महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाकर महिलाओं को शिक्षित करने वाले देश के पहले इंसान थे अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले जी को खुद ही पढ़ाकर शिक्षक बनाया। देश की पहली प्रथम महिला शिक्षिका बनकर इतिहास रचा था। इसलिए आज हम सभी सावित्री बाई फुले व महात्मा ज्योतिबा फुले के चरणों पर शीश झुकाकर शत् शत् नमन श्रद्धांजली अर्पित करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छात्र नेता रितुराज सैनी, मोहित आर्य, विवेक सैनी, प्रमोद आर्य, सेंसेरपाल जगमोहन, निटटू प्रजापति, डॉ. प्रमोद सैनी, सोहनवीर सभासद, आदि सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

ग्रामीणों ने 51 किलो का केक काटकर धूमधाम से मनाया फुले का जन्मदिन

फलावदा क्षेत्र के गांव गडीना में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती के उपलक्ष में ग्रामीणों ने 51 किलो का केक काटकर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सैकड़ो दीपक जलाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम समापन के दौरान हलवे के प्रसाद का वितरण किया गया। जिसे ग्रामीणों ने बड़े चाव से ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा नेता राजेंद्र कुमार सैनी, प्रमोद, प्रतिपाल, सोमपाल, मुनेश, गोपीचंद, अनिल, मास्टर अजय सैनी, सुनील, धर्मपाल, आकाश, आदि शामिल रहे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वच्छता समिति की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव बनाये जाने हेतु सेग्रीगेशन शेड के संचालन एवं रख-रखाव पर विचार किया गया। डीएम ने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी आरआरसी पूरी क्षमता के साथ संचालित किये जाये। गांव में गंदगी फैलाने वालो के विरूद्ध नोटिस जारी किये जाये तथा उनसे सुविधा शुल्क वसूलने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सामुदायिक शौचालयो की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये उन्हें पूर्ण रूप से संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। समस्त बीडीओ को ब्लॉक परिसर साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिये गये। उन्होंने ब्लॉक में निर्मित शौचालयो का स्थलीय सत्यापन एवं निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये।

स्कूल के बराबर में शराब की दुकान खोलने वालों पर कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

मेरठ। सिविल लाइन्स स्तिथ हॉवर्ड प्लेस्टेड गर्ल्स इण्टर कॉलिज के बराबर में शराब की दुकान खोलने पर स्कूल प्रधानाचार्य ने एक ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। जिसमें नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

प्रधानाचार्य डॉ. उपासना वर्मा ने बताया कि सिविल लाइन क्षेत्र हॉवर्ड प्लस्टर्ड गर्ल्स इण्टर कालिज के बराबर में अभिक्रमा बिल्डिंग के सामने विवादित चर्च भूमि पर रिचा गोयल मवाना स्टेंड के नाम से अंग्रेजी शराब-बीयर का बैनर लगा है। जिस के निकट एक चर्च भी बना हुआ है। जबकि शासन के नियमानुसार कन्या इण्टर कालिज शिक्षण संस्थाएं व धार्मिक स्थल के निकट शराब का ठेका नहीं खोला जा सकता है।

इसी के साथ स्टेडियम चौराहे से लेकर सर्किट हाउस चौराहे को जोड़ने वाली सड़क जोकि एक प्रतिष्ठित मार्ग है जिस पर वीआईपी वीवीआईपी का आवागमन होता है। इसी मार्ग पर आई.जी. आवास एवं कार्यालय है और ब्रेज रेनबों स्कूल, इंग्राहम इंगलिश मीडियम स्कूल, एलीमेन्ट्री इंगलिश स्कूल इंग्राहम प्राईमरी इंगलिश मीडियम स्कूल संचालित हैं। शराब का ठेका खुलने से अराजकता का माहौल कायम न हो सके। इसलिए तुरंत कार्रवाई की जाए यदि किसी कारणवश अनुमति दी जा चुकी है तो इसे तुरन्त निरस्त किया जाये।

दिल्ली कैपिटल्स के एक्स फैक्टर बने राहुल

आईपीएल 2025 के तीन मैचों में लगाए हैं अनुभवी बल्लेबाज ने दो अर्द्धशतक

नई दिल्ली, वार्ता। दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल 2025 में टीम के लिए एक्स फैक्टर साबित हो रहे हैं। राहुल इस सीजन दिल्ली के लिए खेल रहे हैं और वह अपने बच्चे के जन्म के कारण पहला मैच नहीं खेले थे। इसके बाद वह दूसरे मैच से टीम के साथ जुड़े। राहुल अब तक तीन मैचों में 169.72 के स्ट्राइक रेट से 185 रन बना चुके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 93 रन है। राहुल के बल्ले से इस दौरान दो अर्द्धशतक निकले हैं। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत खराब रही थी और उसने महज 58 के स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद केएल राहुल और ट्रिस्टन स्टब्स ने पांचवें विकेट के लिए 111 रनों की नाबाद साझेदारी निभाई और टीम को जीत दिलाई। राहुल टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। केएल ने 37 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और 93 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके बल्ले से सात चौके और छह छक्के निकले। केएल राहुल अपनी बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली टीम की बल्लेबाजी की धुरी बने हैं तो अपने तकनीकी कौशल के दम पर। उन्होंने गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ मैच मेंएक बार फिर साबित कर दिया कि टीम का उन पर भरोसा बेमानी नहीं है। आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक भी राहुल की पारी की सराहना करने से खुद को नहीं रोक सके। उन्होंने कहा, टी-20 में अलग-अलग क्रम पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है, लेकिन राहुल ने पिछले कुछ समय में ऐसा बखूबी किया है। मेरा मानना है कि वह उच्च स्तर का मध्यक्रम का बल्लेबाज है। उसके पास कौशल हमेशा से था लेकिन अब वह और स्वतंत्रता से खेल रहा है। उसे देखकर अच्छा लग रहा है। केएल राहुल के आईपीएल करियर की बात करें तो वह 2013 से 20225 तक इस टूर्नामेंट में 135 मैच खेल चुके हैं और उन्होंने 135.67 के स्ट्राइक रेट से 4868 रन बनाए हैं। राहुल के बल्ले से इस दौरान 39 अर्द्धशतक और चार शतक निकले हैं। राहुल पिछले तीन सीजन लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान रहे थे, लेकिन इस सीजन लखनऊ ने उन्हें रिटेन नहीं किया और दिल्ली ने मेगा नीलामी में राहुल को 14 करोड़ रुपये में खरीदा था।

घर में सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बनी आरसीबी

बेंगलुरु की टीम लगातार दूसरा मैच हारी, कोहली 1000 बाउंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी

बेंगलुरु, वार्ता। आईपीएल 2025 में गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हरा दिया। यह आरसीबी की इस सीजन दूसरी हार रही। वहीं, अपने घरेलू मैदान चिन्नास्वामी में बेंगलुरु की टीम लगातार दूसरा मैच हारी है। अभी तक आरसीबी ने इस सत्र में पांच मैच खेले हैं और तीन में टीम को जीत मिली है। ये तीनों मैदान विपक्षी टीम के थे। वहीं, अपने घर में आरसीबी दोनों मैच हारी है। इसी के साथ रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम लीग में अपने घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम बन गई है। उन्होंने अब तक बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 45 मैच गंवाए हैं, जो कि सबसे ज्यादा है। वहीं, इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स का नंबर आता है। कैपिटल्स ने अपने घरेलू मैदान दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 44 मैच गंवाए हैं। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 163 रन बनाए थे। फिल साल्ट और विराट कोहली ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई थी। दोनों ने 23 गेंद में 61 रन की ओप. निंग साझेदारी की। हालांकि, साल्ट रन आउट हो गए और साझेदारी टूट गई। इसके बाद आरसीबी की पारी लड़खड़ा गई। साल्ट ने 17 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 37 रन बनाए। कोहली ने 14 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से 22 रन की पारी खेली। इसी के साथ वह आईपीएल के इतिहास में 1000 बाउंड्रीज लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। उनके नाम फिलहाल आईपीएल में 1001 बाउंड्रीज हैं। इनमें 721 चौके और 280 छक्के शामिल हैं। दिल्ली के खिलाड़ियों ने भी कुछ अनचाहे रिकॉर्ड अपने नाम किए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे मिचेल स्टार्क के आरसीबी की पारी के तीसरे ओवर में 30 रन आए। इसमें से पांच रन अतिरिक्त के थे। यानी स्टार्क ने 25 रन लुटाए। यह पहली बार नहीं था जब आईपीएल में स्टार्क ने एक ओवर में इतने रन खर्च किए हों। इससे पहले 2024 में जब स्टार्क कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे थे, तब भी उन्होंने एक ओवर में 25 रन लुटाए थे। वहीं, दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने चार ओवर के स्पेल में 52 रन खर्च किए।

संक्षिप्त खेल समाचार

दिल्ली ने दादर एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 14-0 से रौंदा

छत्तीसगढ़, वार्ता। गत चैंपियन दिल्ली ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के ग्रुप एफ के अपने पहले मुकाबले में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव को 14-0 से रौंदा। यहां रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड में खेले गये मुकाबले में दिल्ली के लिए दस अलग-अलग खिलाड़ियों ने गोल किए। मोइरंगथेम सिंह ने दूसरे मिनट में ही गोल करके आक्रमण शुरुआत की, उसके बाद पांचवें मिनट में लैशराम ने गोल दागा। मैतेई और आदित्य अधिकारी खेल के सितारे रहे। मैतेई ने 11वें मिनट और 58वें मिनट में दो और गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की, जबकि आदित्य ने पहले हाफ में ही 22वें, 45वें और इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में गोल करके अपनी हैट्रिक पूरी की। दूसरे हाफ में अमन, संखिल , सचिन, निशान लोपचन व मोहम्मद ऐश ने गोल किए।

खाद्य निगम और रेलवे डीएसए इंस्टिट्यूशनल लीग के सेमीफाइनल में

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे और खाद्य निगम उत्तर क्षेत्र की टीमों ने शुक्रवार को गोल शून्य ड्रा खेल कर डीएसए इंस्टिट्यूशनल लीग के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यहाँ ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स मैदान पर कड़े संघर्ष वाले मैच में दोनों टीमों ने गोल करने के आसान मौके गँवाए। खाद्य निगम और रेलवे के बीच खेला गया मैच रोमांचक रहा लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। खाद्य निगम के लिए त्रिलोक बिष्ट और पियूष भंडारी के प्रयासों पर गोली ने दर्शनीय बचाव किए तो रेलवे के लकी और तुषार चौधरी के निशाने लक्ष्य से भटक गये। दिन के दूसरे खानापूरी वाले मैच में जीएनसीटी, दिल्ली सरकार ने बैंक ऑफ इंडिया को 6-0 से पीट दिया।

भारत ने बिली जीन किंग कप में हांगकांग को 2-1 से हराया

पुणे, वार्ता। भारतीय टीम ने हांगकांग को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप 1 में अपना विजयी अभियान जारी रखा है।

पुणे के महालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में वैदेही चौधरी के दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत को टूर्नामेंट के तीसरे दिन शानदार शुरुआत दी। अहमदाबाद की इस युवा खिलाड़ी ने टाई-ब्रेकर तक लखचा पहला सेट कड़े संघर्ष के

अहमदाबाद के युवा खिलाड़ी ने पहला सेट बड़े संघर्ष से 10-8 से जीता

साथ मुकाबल 10-8 से जीता। दूसरे सेट में वह बिना समय गंवाए शुरुआत से ही अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रही और दो घंटे, तीन मिनट तक चले मैच को 7-6 (10-8), 6-1 से जीत लिया। इस जीत के साथ भारत को हांगकांग के खिलाफ 1-0 की बढ़त मिली। दोनों देशों के बीच दूसरे एकल मुकाबले में, श्रीवल्ली भामिदीपती ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन मैचों के बाद अपना शत-प्रतिशत रिकॉर्ड जारी रखा। भारत के युवा स्टार श्रीवल्ली ने दो घंटे, 27 मिनट तक चले मुक. ाबले का पहला सेट टाईब्रेक में 8-6 से जीता, लेकिन उसके बाद उनकी हांगकांग की प्रतिद्वंद्वी ने वापसी की। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी आठ ऐस के साथ 7-6, 2-6, 6-3 से महत्वपूर्ण जीत हासिल करने में सफल हुई। इस जीत से भारत मुक. ाबले में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई। दिन का अंतिम मुकाबला युगल मुकाबले में अंकिता रैना और प्रार्थना थोम्बरे की भारतीय जोड़ी की भिड़ंत यूडिस चोंग और हांग यी कोडी वोंग से हुई। भारतीय जोड़ी ने इस कठिन मुकाबले में पहला सेट टाई-ब्रेक में जीता, लेकिन हांगकांग की जोड़ी ने दूसरे सेट में वापसी करके अपना दबदबा बनाया और बेहतर प्रदर्शन जारी रखते हुए अंतिम सेट जीत लिया। हांगकांग की जोड़ी ने यह युगल मुकाबला 7-6, 3-6, 11-13 से जीता।

अब RCB ने घरेलू पिच पर उठाए सवाल

दिनेश कार्तिक बोलेः हमें हमारी मांग के अनुकूल विकेट नहीं मिला, यहां खेले गए दोनों मैचों में हमे एक जैसी पिच ही मिली

बेंगलुरु, वार्ता। आईपीएल 2025 में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अब तक पांच में से दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। ये दोनों मैच चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए थे, जो कि आरसीबी का घरेलू मैदान है। आरसीबी का अपने घरेलू मैदान पर रिकॉर्ड कभी अच्छा नहीं रहा है और आंकड़े इसकी गवाही है। बेंगलुरु की टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर 93 मैच खेले हैं और उसमें से सिर्फ 43 जीते हैं, जबकि 45 में टीम को हार मिली है। एक मैच टाई रहा और चार का कोई नतीजा नहीं निकला। अब आरसीबी के मेंटर दिनेश कार्तिक ने घरेलू मैदान की ही पिच पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच की मांग करने के बावजूद इस सत्र में उनकी टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में चुनौतीपूर्ण पिच मिली हैं। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी ईडन गार्डेन्स की पिच पर सवाल खड़े किए थे। कार्तिक ने कहा कि टीम मैनेजमेंट इस मामले में जल्द ही क्यूरेटर से बात करेगा। मौजूदा सत्र में आरसीबी के बल्लेबाज पिच धीमी होने के कारण अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। हालांकि, उन्होंने जिसके खिलाफ खेला, उसके बल्लेबाज जरूर अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब रहे थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ आरसीबी की टीम ने आठ विकेट पर 169 रन और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सात विकेट पर 163 रन बनाए। कार्तिक का मानना है कि उनकी टीम को घरेलू परिस्थितियों का लाभ मिलना चाहिए था। यहां की पिच पर आमतौर पर बड़े स्कोर बनते रहे हैं। कार्तिक ने कहा कि पहले दो मैच में हमने अच्छी पिच तैयार करने के लिए कहा था, लेकिन हमें इस तरह की पिच मिली जिस पर बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण था। हमने परिस्थितियों के मुताबिक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया, लेकिन हमें क्यूरेटर से बात करनी होगी। हमें पूरा भरोसा है कि वह अपना काम अच्छी तरह से करेंगे। उन्होंने कहा कि दोनों मैचों में ऐसी पिच नहीं थी जिसे बल्लेबाजों को खास मदद मिल रही हो। यह चुनौतीपूर्ण था। अभी तक यहां खेले गए दोनों मैच में हमें एक जैसी पिच ही मिली है।श कार्तिक ने कहा कि टी-20 क्रिकेट में लंबे शाट और चौके-छक्के काफी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा कि टी-20 क्रिकेट की प्रकृति ऐसी है कि इसमें जितने ज्यादा रन बनेंगे उतना प्रसारक को फायदा होगा और फैंस भी खुश होंगे। वे सभी चौके छक्के देखना चाहते हैं। हम जो कर सकते हैं उसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।

लैनिंग की सहायक कोच, मेंटर के रूप में हुई राष्ट्रीय टीम में वापसी

ब्रिसबेन, वार्ता। सात बार की विश्व कप विजेता पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मेग लैनिंग की आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 विश्वकप 2027 की तैयारियों को लेकर 26 सदस्यीय टीम के लिए सहायक कोच और मेंटर के रूप में राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई हैं। लैनिंग बनाम पेरी श्रृंखला में लैनिंग अपने नाम वाली टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा

लैनिंग अपने नाम वाली टीम के कोचिंग स्टॉफ का हिस्सा होंगी

होंगी, हालांकि वह ब्रिस्बेन के राष्ट्रीय क्रिकेट परिसर के शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों के साथ काम करेंगी। यह समूह अप्रैल के अंत में तीन टी-20 मैचों के लिए एकत्रित होगा, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया 2027 टूर्नामेंट की तैयारी शुरू कर रहा है और इस दौरान खिलाड़ी अपने खेल में सुधार करने के लिए ध्यान केंद्रित करने के लिएअलग-अलग सत्रों में भाग लेंगे। इस सीरीज के लिए चयन को वाईएसपी द्वारा राज्य और क्षेत्रीय संघों के सहयोग से नामांकन प्रक्रिया के माध्यम से अंतिम रूप दिया गया है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विकास प्रमुख सोन्या थॉम्पसन का मानना है कि लैनिंग का जुड़ना अगली पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के लिए सीखने और अपने भविष्य को बदलने वाला अवसर है। थॉम्पसन ने कहा कि यह हमारे सर्वश्रेष्ठ उभरते क्रिकेटरों के लिए ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेटरों में से एक से क्रिकेट के गुर सीखने का अविश्वसनीय अवसर है।

भारतीय कप्तान रोहित सुपरस्टार हैं: क्लार्क

कहा: मैं उनके फॉर्म के लिए चिंतित नहीं, आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं राहित शर्मा

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2025 में खराब फार्म से जूझ रहे हैं। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि रोहित शर्मा सुपरस्टार है जिन्हें अपनी लय वापिस पाने के लिए महज 40 रन की पारी की जरूरत है।

रोहित ने इस सीजन चार पारियों में सिर्फ 38 रन बनाए हैं। उन्होंने 0, 8, 13 और 17 रन की पारी खेली। क्लार्क ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, रोहित असल सुपरस्टार हैं। वह दिन दूर नहीं जब वह शतक लगाएंगे और जल्द वापसी करेंगे। एक अच्छी पारी की जरूरत है। वह 40 या 60 रन की हो सकती है। एक बार लय हासिल कर ली तो आप उसे बेस्ट फार्म में देखेंगे। मैं उनके फार्म को लेकर चिंतित नहीं हूं। हमें महान खिलाड़ियों से हमेशा अपेक्षाएं रहती हैं क्योंकि वे इतने कामयाब होते हैं।

लेकिन एक दो मैचों में खराब खेलना चलता है। रो. हित ने मुंबई इंडियंस के लिए 216 मैच खेले रोहित ने आईपीएल 2011 के मेगा आक्शन में इस फेंचाइजी को जाइन किया और तब से इसके साथ जुड़े हुए हैं। पिछले 15 सालों में रोहित ने मुंबई इंडियंस टीम के लिए 216 मैच खेले हैं। इस दौरान दो शतक और 35 अर्द्धशतकों की मदद से 5496 रन बनाए हैं।

रोहित ने अपने आईपीएल करियर में कुल 256 मैच खेले हैं और 6666 रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में आईपीएल का खिताब जीता। पिछले साल आईपीएल में रोहित डप्के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उन्हें आईपीएल 2025 के मेगा आक्शन से पहले 16.30 करोड़ रुपए में रिटेन किया गया।

पाक की महिल टीम ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराया

लाहौर, वार्ता। फातिमा सना (चार विकेट) और सादिया इकबाल (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद मुनीबा अली (71) और आलिया रियाज (नाबाद 68) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पाकिस्तान की महिला टीम ने शुक्रवार को आईसीसी महिला विश्वकप क्वालीफायर के चौथे मुकाबले में स्कॉटलैंड को आठ गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। बारिश के कारण मैच को 32-32 ओवरों का कर दिया गया था। 187रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 36 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी आलिया रियाज ने मुनीबा अली के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 93 रनों की साझेदारी हुई। 24वें ओवर में क्लो एबेल ने मुनीबा अली को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुनीबा अली ने 72 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (71) रन बनाये। इसके बाद कप्तान फतीमा सना (सात) रन बनाकर आउट हुई। आलिया रियाज ने 70 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 68 रन बनाये। पाकिस्तान ने 30-4 ओवर में चार विकेट पर 190 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। स्कॉटलैंड की ओर से क्लो एबेल ने दो विकेट लिए। रेचेल स्लेटर, कैथरीन फेजर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां पाकिस्तान की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे 17 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान कैथरीन ब्राइस ने सारा ब्राइस के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सारा ब्राइस (21) रन बनाकर आउट हुई। ऐल्सा लिस्टर ने 24 गेंदों में (31) रन बनाये। कैथरीन फेजर(11) रन बनाकर आउट हुई। स्कॉटलैंड का नौवां विकेट कैथरीन ब्राइस के रूप में गिरा। उन्होंने फातिमा सना ने बोल्ड आउट किया। ब्राइस ने 96 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (91) की पारी खेली। स्कॉटलैंड की टीम ने बारिश के कारण निर्धारित किए गए 32 ओवरों में नौ विकेट पर 186 रन का स्कोर बनाया।

धोनी की कप्तानी में सीएसके 103 पर सिमटी

चेन्नई, वार्ता। एमएस धोनी की कप्तानी में पहली बार आईपीएल 2025 में खेलने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स 9 विकेट खोकर 103 रन ही बना सकी। कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने चेपाक में होम टीम ने 79 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। शिवम दुबे ने 31 रन बनाकर स्कोर 100 के पार पहुंचाया। कोलकाता ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से क्विंटन डी काक और सुनील नरेन पिच पर हैं। चेन्नई से खलील अहमद ने पहला ओवर फेंका।

कोलकाता से नरेन को 3 विकेट, शिवम दुबे ने 31 रन बनाए

सीएसके ने आईपीएल में चेपाक के मैदान पर अपना लोएस्ट स्कोर बनाया। इससे पहले मुंबई के खिलाफ टीम 2019 में 109 रन ही बना सकी थी। सीएसके का किसी भी मैदान पर सबसे छोटा स्कोर 79 है, टीम 2013 में मुंबई के खिलाफ इतने रन ही बना सकी थी। शिवम दुबे ने आखिरी ओवर्स में अंशुल कम्बोज के साथ 24 रन की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप ने टीम को 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 103 रन तक पहुंचाया। चेन्नई सुपर किंग्स ने 18वें ओवर में 9वां विकेट भी गंवा दिया। वैभव अरोड़ा ने नूर अहमद को ओवर की दूसरी बाल पर कैच कराया। नूर 1 ही रन बना सके। 16वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया।

सुनील नरेन ने एमएस धोनी को पगबाधा आऊट किया। धोनी 1 ही रन बना सके। चेन्नई ने 15वें ओवर में इम्पैक्ट प्लेयर दीपक हुड्डा का विकेट भी गंवा दिया। वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें मिड विकेट पर कैच कराया। हुड्डा खाता भी नहीं खोल सके। 14वें ओवर में सुनील नरेन ने रवींद्र जडेजा को काट बिहाइंड कराया। जडेजा 2 गेंदें खेलने के बाद भी खाता भी नहीं खोल सके। चेन्नई सुपर किंग्स ने 13वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। हर्षित राणा ने रविचंद्रन अश्विन को कैच आउट कराया। 11वें ओवर की आखिरी बाल पर सुनील नरेन ने राहुल त्रिपाठी को बोल्ड कर दिया। त्रिपाठी 22 गेंद पर 16 ही रन बना सके। चेन्नई ने 10वें ओवर में तीसरा विकेट गंवाया। वरुण चक्रवर्ती ने ओवर की चौथी बाल पर विजय शंकर को मोईन अली के हाथों कैच कराया। शंकर ने 29 रन बनाए। पारी के आठवें ओवर में विजय शंकर को दूसरा जीवनदान मिला। हर्षित राणा के ओवर की दूसरी बाल पर विजय शंकर ने लेग साइड की ओर शाट खेला। यहां खड़े वेंकटेश अ"यर कैच के लिए आगे आए, लेकिन उन्हें बाल नहीं दिखी और कैच छूट गया। विजय शंकर इस समय 20 रन बल्लेबाजी कर रहे थे। राहुल त्रिपाठी और विजय शंकर ने चेन्नई की फिफ्टी पूरी कराई। चेन्नई सुपर किंग्स ने 8वें ओवर में अपनी फिफ्टी पूरी कर ली। टीम से राहुल त्रिपाठी ने चौका लगाकर स्कोर 50 तक पहुंचाया। उनके साथ विजय शंकर भी पिच पर मौजूद रहे। चेन्नई की पारी के पांचवें ओवर में सुनील नरेन ने विजय शंकर को जीवनदान मिला। हर्षित राणा के ओवर की तीसरी बाल पर शंकर ने सामने की तरफ शाट खेला।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 12 अप्रैल 2025

शेर को सवा शेर

अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर चरम सीमा पर पहुंच चुका है। लगता है इस जंग में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कड़ी टक्कर देने की ठान ली है। ज्ञात रहे कि अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में अब चीन ने 125 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। इस पलटवार को लोगों ने शेर को सवा शेर वाली कहावत के अंदाज में लेना शुरू कर दिया है। हालांकि चीन ने कहा है कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। चीन का कहना है कि अमेरिका की तरफ से लगाए गए असामान्य टैरिफ अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक व्यापार नियमों का गंभीर रूप से उल्लंघन करते हैं। यह पूरी तरह से एक तरफा दबाव और धमकाने की नीति है। यह भी कहा कि अमेरिका भले ही टैरिफ को और ज्यादा बढ़ा दे, लेकिन अब इसका कोई मतलब नहीं होगा। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिका से बढ़ते टैरिफ विवाद के बीच पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चीन किसी से डरता नहीं है। पिछले 70 साल में हुआ चीन का विकास कड़ी मेहनत और खुद पर निर्भर रहने का नतीजा है। भले ही इस जंग का नतीजा कुछ भी हो, लेकिन यहां ट्रम्प के तेवर नर्म पड़ते नजर आ रहे हैं। जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं, तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा, पर हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के 60 देशों के खिलाफ घोषित पारस्परिक टैरिफ को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रम्प प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रम्प ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। ट्रम्प को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है। दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके अमेरिका ग्रेट अगेन के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिए आगे टाल रहे हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रम्प के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रम्प के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है।

जुमला बनकर रह गई पीएम की योजना

प्रधानमंत्री मादी ने करीब एक साल पहले रोजगार से जुड़ी योजना की शुरुआत बड़े धूमधाम से की थी लेकिन उसके परिणाम धरातल पर कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, प्रधानमंत्री द्वारा घोषित इस योजना के लिए बड़ी राशि का ऐलान कर इसके लिए धन भी आवंटित किया गया, लेकिन इस राशि को वापस कर दिया गया है और इस तरह प्रधानमंत्री की यह योजना भी जुमला बनकर रह गई है, यह घोषणा किए हुए लगभग एक साल हो गया है, सरकार ने इसे परिभाषित भी नहीं किया है और इसके लिए आवंटित 10,000 करोड़ रुपये वापस कर दिए हैं, इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी को लेकर कितने गंभीर हैं, आप हर दिन नए नारे गढ़ते हैं, लेकिन हमारे युवा अभी भी वास्तविक अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

राहुल गांधी
लोकसभा में विपक्ष के नेता

दस मिनट फूड डिलीवरी कितनी सार्थक...

उदाहरण: एक बर्गर जो सामान्य रूप से 20 मिनट में तैयार होता है, उसे 10 मिनट में बनाने के लिए पहले से तैयार पैटीज या कम गुणवत्ता वाली सामग्री का सहारा लिया जाता है, इससे न केवल स्वाद प्रभावित होता है, बल्कि पोषण मूल्य भी कम हो जाता है

रजनीश कपूर

आज की तेज़-रफ्तार दुनिया में, दस मिनट फूड डिलीवरी सेवाएं एक क्रांति की तरह उभरी हैं। लोग अपने व्यस्त जीवन में समय बचाने के लिए इन सेवाओं पर निर्भर हो रहे हैं। स्विगी, ज़ोमैटो, और अन्य स्टार्टअप्स ने 'हाइपरलो. कल डिलीवरी' के नाम पर भोजन को रिकॉर्ड समय में ग्राहकों तक पहुंचाने का वादा किया है। लेकिन क्या यह सुविधा वाकई इतनी लाभकारी है, जितनी दिखाई देती है? दस मिनट फूड डिलीवरी कितनी सार्थक है? विज्ञापन की चकाचौंध भारी दुनिया में इस सेवा के ऐसे कौनसे बिंदु हैं जिन्हें अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। जब भी कभी किसी रेस्टोरेंट पर दस मिनट की डिलीवरी का ऑर्डर आता है तो उन पर इतना अधिक दबाव होता है कि वे अक्सर खाने की गुणवत्ता पर ध्यान देने के

बजाय जल्दबाज़ी में ऑर्डर तैयार करते हैं। ताज़ा सामग्री का उपयोग, स्वच्छता, और स्वाद को भी नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। उदाहरण के लिए, एक बर्गर जो सामान्य रूप से 20 मिनट में तैयार होता है, उसे 10 मिनट में बनाने के लिए पहले से तैयार पैटीज़ या कम गुणवत्ता वाली सामग्री का सहारा लिया जाता है। इससे न केवल स्वाद प्रभावित होता है, बल्कि पोषण मूल्य भी कम हो जाता है। कई बार, जल्दबाज़ी में तैयार भोजन में स्वच्छता के मानकों की भी अनदेखी हो जाती है, जिससे खाद्य जनित बीमारियों का ख़तरा बढ़ जाता है। दस मिनट डिलीवरी का सबसे बड़ा नुक़सान डिलीवरी कर्मचारियों के कंधों पर भी पड़ता है। इन कर्मचारियों को असंभव समय सीमा के भीतर ऑर्डर पहुंचाने के लिए दबाव झेलना पड़ता है। सड़कों पर तेज़ रफ़्तार से गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ जाता है।

एक अध्ययन के अनुसार पिछले पांच वर्षों में भारत में डिलीवरी कर्मचारियों की दुर्घटनाएं 30 प्रतिशत तक बढ़ी हैं और इसका एक बड़ा कारण 'हाइपर-फास्ट डिलीवरी' मॉडल है। इसके अलावा, ये कर्मचारी अक्सर कम वेतन, बिना किसी स्वास्थ्य/दुर्घटना बीमा के और अनिश्चित नौकरी की स्थिति में काम करते हैं। उनकी मानसिक और शारीरिक सेहत पर इसका गहरा प्रभाव पड़ता है। तेज़ डिलीवरी का पर्यावरण पर भी गंभीर असर पड़ता है। डिलीवरी वाहनों की संख्या में वृद्धि से कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है।

इसके अलावा, दस मिनट डिलीवरी के लिए छोटे-छोटे ऑर्डर अलग-अलग वाहनों से पहुंचाए जाते हैं, जिससे ईंधन की बर्बादी होती है। पैकेजिंग में उपयोग होने वाला प्लास्टिक और डिस्पोज़ेबल कंटेनर भी पर्यावरण को नुक़सान पहुंचाते हैं। एक अनुमान के अनुसार, भारत में फूड डिलीवरी उद्योग हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जिसका बड़ा हिस्सा रिसाइकिल नहीं हो पाता। दस मिनट डिलीवरी मॉडल इस समस्या को और बढ़ाता है, क्योंकि जल्दबाज़ी में पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग पर ध्यान नहीं दिया जाता।

दस मिनट डिलीवरी मॉडल बड़े डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स द्वारा संचालित होता है, जो रेस्तरांओं से भारी कमीशन वसूलते हैं। छोटे और स्थानीय रेस्तरां, जो पहले से ही कम मार्जिन पर काम करते हैं, इस दबाव को झेल नहीं पाते। कई बार उन्हें अपनी कीमतें बढ़ानी पड़ती हैं या गुणवत्ता से समझौता करना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप, कई छोटे रेस्तराँ बंद हो रहे हैं, और बाज़ार पर कुछ बड़े खिलाड़ियों का दबदबा बढ़ रहा है। यह न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है, बल्कि ग्राहकों के लिए विकल्पों की विविधता को भी कम करता है।

दस मिनट डिलीवरी ने लोगों की खाने की आदतों को भी बदल दिया है। अब लोग घर पर खाना बनाने या बाहर खाने की बजाय तुरंत डिलीवरी का विकल्प चुनते हैं। इससे न केवल पारंपरिक खाना पकाने की कला खतरे में पड़ रही है, बल्कि लोग अस्वास्थ्यकर खाने की ओर भी बढ़ रहे हैं। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड भोजन, जो जल्दी तैयार हो जाता है, इस मॉडल में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। इसका दीर्घकालिक प्रभाव लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है, जिसमें मोटापा, मधुमेह, और हृदय रोग जैसी समस्याएं शामिल हैं।दस मिनट डिलीवरी पूरी तरह से तकनीक पर निर्भर है। ग्राहकों को बार-बार ऐप का उपयोग करना पड़ता है, जिससे उनकी निजी जानकारी जैसे पता, फोन नंबर, और भुगतान विवरण इन प्लेटफॉर्म्स के पास जमा हो जाती है। डेटा उल्लंघन की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, और यह जोखिम बना रहता है। इसके अलावा, लोग ऐप की सुविधा के आदी हो रहे हैं, जिससे उनकी स्वतंत्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो रही है। भारत में खाना केवल पेट भरने का साधन नहीं है, यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव भी है। परिवारों का एक साथ खाना बनाना और खाना सामुदायिकता को बढ़ावा देता है। दस मिनट डिलीवरी इस अनुभव को कमज़ोर कर रही है। लोग अब रेस्तरां में जाकर खाने की बजाय घर पर ऑर्डर करना पसंद करते हैं, जिससे सामाजिक मेलजोल कम हो रहा है। इसके अलावा, स्थानीय व्यंजनों की जगह फास्ट फूड चेन का प्रभुत्व बढ़ रहा है, जो सांस्कृतिक विविधता के लिए हानिकारक है। हालांकि दस मिनट डिलीवरी रोज़गार सृजन करती है, लेकिन यह आर्थिक असमानता को भी बढ़ावा देती है। डिलीवरीउ कर्मचारियों को कम वेतन और खराब कामकाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जबकि बड़े डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स और निवेशक भारी मुनाफा कमाते हैं। यह मॉडल कुछ लोगों को अत्यधिक सुविधा प्रदान करता है, लेकिन समाज के एक बड़े वर्ग को इसका लाभ नहीं मिलता। दस मिनट फूड डिलीवरी की सुविधा ने हमारे जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसके नुक़सान भी कम नहीं हैं। खाद्य गुणवत्ता से लेकर पर्यावरण, डिलीवरी कर्मचारियों की सुरक्षा से लेकर स्थानीय अर्थव्यवस्था तक, यह मॉडल कई क्षेत्रों में नकारात्मक प्रभाव भी डाल रहा है। हमें यह सोचना होगा कि क्या हमें वाकई हर चीज़ इतनी जल्दी चाहिए, या हम थोड़ा धीमा चलकर एक स्वस्थ और संतुलित जीवनशैली चुन सकते हैं। सरकार, कंपनियों, और ग्राहकों को मिलकर इस मॉडल को और ज़िम्मेदाराना बनाने की दिशा में काम करना होगा। स्थायी और नैतिक डिलीवरी प्रथाओं को अपनाकर हम सुविधा और ज़िम्मेदारी के बीच संतुलन बना सकते हैं।

कटहल के स्वास्थ्य लाभ...

डॉ. डी बालसुब्रमण्यन

2021 में आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के ए. गोपाल राव व उनके साथियों ने न्यूट्रिशन एंड डायबिटीज जर्नल में एक रैंडम क्लीनिकल परीक्षण के नतीजे प्रकाशित किए हैं, इसमें बताया गया है कि कच्चे कटहल का आटा (जिसे कच्चे कटहल के गूदेदार हिस्से को सुखाकर, पीसकर बनाया जाता है) ग्लाइसेमिक नियंत्रण में कुशल है और चावल या गेहूं जैसे मुख्य आहार का विकल्प बन सकता है

यदि आम को फलों का राजा कहा जाता है, तो कटहल को सभी फलों में डॉक्टर कहा जा सकता है। भारत और मध्य-पूर्व के लोग कटहल (**Artocarpus heterophyllus**) से बहुत पहले से परिचित हैं। कटहल का उपयोग आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति में स्वास्थ्यवर्धक के रूप में किया जाता रहा है। तमिल में 'पला', बंगाली में 'कंटहल' और मलयालम में 'चक्का' कहलाने वाला कटहल भारत के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों में अधिकतर भोजन का हिस्सा है, जबकि अन्य क्षेत्रों में यह फल की तरह अधिक खाया जाता है। मलेशिया जैसे दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, और यहां से इसे मध्य पूर्व क्षेत्रों में निर्यात किया जाता है।

कटहल का पेड़ विशाल (और घना) होता है। इसके फल पेड़ की पतली शाखाओं पर नहीं लगते बल्कि तने और मोटी शाखाओं के जोड़ के आसपास लगते हैं। यहां लगने से इसे बहुत बड़े आकार में बढ़ने में मदद मिलती है, केरल में 42 किलोग्राम का एक कटहल अब तक एक रिकॉर्ड है। कटहल का पका हुआ फल मीठा और स्वादिष्ट होता है। और कच्चे कटहल से कई तरह के व्यंजन बनते हैं। इसे मांस के विकल्प के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि इसमें वसा और कोलेस्ट्रॉल कम होता है और इसका स्वाद मांस जितना अच्छा होता है! कटहल के सालन की तरह कटहल बिरयानी भी एक स्वादिष्ट शाकाहारी विकल्प है। इस पेड़ के कई अन्य उपयोग भी हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई भिक्षु कटहल की छाल से रंगे हुए वस्त्र पहनते हैं, यह वस्त्रों को उजला, धूपिया पीला रंग देते हैं-कुछ-कुछ शहद के रंग के जैसा। कटहल का यह रंग इसकी लकड़ी से बने फर्नीचर को एक अच्छी रंगत भी देता है। इसकी लकड़ी मज़बूत और दीमक प्रतिरोधी होती है।

सुपरफूड कटहल...

इन सभी खूबियों के साथ-साथ, कटहल एक सुपरफूड के रूप में विश्वभर में लोकप्रिय हो रहा है। क्लीवलैंड युनिवर्सिटी की एक व्यापक समीक्षा बताती है कि कटहल प्रोटीन, विटामिन, खनिज और पादप रसायनों, के अलावा पोटेशियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस जैसे तत्वों से भरपूर है। डयूक युनिवर्सिटी की वेबसाइट पर वैज्ञानिक ब्रायना इलियट ने कटहल के पोषण सम्बंधी लाभों पर प्रकाश डाला है। वे बताती हैं कि पोषण की दृष्टि से कटहल की फांकें सेब और आम की तुलना में बेहतर हैं। कई संदर्भों का हवाला देते हुए वे बताती हैं कि कटहल का फल रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है यकृत से लेकर अन्य अंगों में जमा वसा को घटाता है और इसमें मौजूद कैरोटीनॉइड्स टाइप-2 डायबिटीज़ और हृदय रोगों के जोखिम को कम करते हैं। इसमें मौजूद विटामिन 'ए' और 'सी' वायरल संक्रमण के जोखिम को कम करते हैं।

WebMed वेबसाइट भी इसके कई लाभ बताती है। इसके अनुसार कि कटहल ज़रूरी विटामिनों और खनिज से सराबोर है, विशेष रूप से यह विटामिन 'बी', पोटेशियम और विटामिन 'सी' का एक अच्छा स्रोत है। कटहल मधुमेह के रोगियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। भारत में लगभग 21.5 करोड़ लोग मधुमेह से पीड़ित हैं। 2021 में, आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के ए. गोपाल राव और उनके साथियों ने न्यूट्रिशन एंड डायबिटीज़ जर्नल में एक रैंडम क्लीनिकल परीक्षण के नतीजे प्रकाशित किए हैं। इसमें बताया गया है कि कच्चे कटहल का आटा (जिसे कच्चे कटहल के गूदेदार हिस्से को सुखाकर, पीसकर बनाया जाता है) ग्लाइसेमिक नियंत्रण में कुशल है और चावल या गेहूं जैसे मुख्य आहार का विकल्प बन सकता है। कटहल का आटे के रूप में इस्तेमाल उत्तरी राज्यों में विशेष रूप से उपयोगी हो सकता है जहां कटहल की खेती नहीं होती। इस शोधपत्र के एक लेखक जेम्स जोसेफ एक कंपनी (**jackfruit** 365) चलाते हैं जो पूरे भारत में कटहल का आटा बेचती है। कटहल मधुमेह रोगियों और स्वस्थ लोगों, दोनों के लिए दैनिक आहार का एक वांछनीय हिस्सा है। तो सब्ज़ी, अचार, फल या आटे किसी भी रूप में इसे इस्तेमाल करें और स्वस्थ रहें।

स्रोत फीचर्स

गठबंधन की राजनीति के जनक : चौधरी चरण सिंह और आज के भारत की चुनौतियां

विरेश तरार

भारत की राजनीति में जब भी किसान, गांव और गठबंधन की बात होती है, तो चौधरी चरण सिंह का नाम स्वत: स्मरण में आ जाता है। एक सादा जीवन जीने वाले, सिद्धांतवादी और किसान हितैषी नेता के रूप में जीवन पर्यंत अपनी छवि को बरकरार रखते हुए उन्होंने राजनीतिक गठबंधन परम्परा को भारतीय राजनी. ति में एक नई दिशा दी। विशेष रूप से 1967 और 1970 में उत्तर प्रदेश की गठबंधन सरकारों में उनके नेतृत्व ने कांग्रेस के वर्चस्व को चुनौती देने की ऐतिहासिक शुरुआत की। जिस पर अमल करते हुए अगले साठ साल में विपक्ष बार-बार सत्ता पक्ष को चुनौती देता आया है!

1967: कांग्रेस के विकल्प की पहली बड़ी चुनौती

आज़ादी के बाद के दो दशकों तक कांग्रेस ने देश और राज्यों की सत्ता पर एकछत्र शासन किया। परंतु 1967 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पहली बार उत्तर प्रदेश में बहुमत से पीछे रह गई। यह वह समय था जब गैर-कांग्रेसी दलों ने पहली बार गंभीरता से सत्ता में भागीदारी की संभावना देखी। चौधरी चरण सिंह ने इस मौके का उपयोग करते हुए संयुक्त विधायक दल (संविद) सरकार का गठन किया, जिसमें 12 से अधिक दलों ने भाग लिया। जिसमें मुख्यत: जनसंघ, समाजवादी पार्टी, प्रजा सोशलिस्ट पार्टी, संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी, स्वतंत्र पार्टी और उनका स्वयं का दल भारतीय क्रांति दल (भाक्रांद) थे। यह गठबंधन विचारधाराओं का संगम था, जिसमें दक्षिणपंथी, वामपंथी और मध्यमार्गी सभी शामिल थे। इसका एकमात्र उद्देश्य था। कांग्रेस को सत्ता से बाहर करना। 3 अप्रैल 1967 को चरण सिंह मुख्यमंत्री बने, परंतु यह प्रयोग दीर्घकालिक नहीं रहा। मतभेद, वैचारिक असहमति और कांग्रेस की सत्ता वापसी की रणनीतियों ने मिलकर यह सरकार एक वर्ष के भीतर गिरा दी।

1970: पुन: प्रयोग, पुन: विफलता

कांग्रेस पार्टी 1969 में दो भागों में विभाजित हो चुकी थी। कांग्रेस (ओ) और कांग्रेस (आर)। इसी समय चरण सिंह ने कांग्रेस (ओ) और अन्य दलों के साथ मिलकर फिर एक गठबंधन सरकार बनाई। हालांकि इस सरकार का आधार पहले की तुलना में थोड़ा स्थिर था, पर इंदिरा गांधी के केंद्रीय नेतृत्व और सत्ता राजनीति के दबाव ने इसे भी गिरा दिया। उत्तर प्रदेश में हुए गठबंधन के इस नये प्रयोग ने विपक्ष को नया हौसला दिया। देश में आपातकाल के बाद पैदा हुई कांग्रेस विरोधी लहर में चौधरी चरण सिंह ने इसी प्रयोग को राष्ट्रीय स्तर पर आजमाया। भारी बहुमत से गठबंधन की जीत हुई! लेकिन फिर वही विडम्बना वैचारिक मतभेद, कुर्सी का मोह, और ऊपर से कांग्रेस की कूटनीति। ढाई साल में ही विपक्ष का सारा ताना-बाना बिखर गया। नतीजा, 1980 में कांग्रेस ने फिर भारी बहुमत से सत्ता में वापसी की।

आगे की राह और बदलता परिदृश्य

इंदिरा गांधी की हत्या और चौधरी चरण सिंह, जेपी और जगजीवन राम जैसे कई दिग्गज नेताओं के निधन के साथ ही राजनीति में नई-नई विचारधाराओं का उदय हुआ। अलबत्ता, गठबंधन की राजनीति का प्रयोग राजनीति में स्थाई हो गया। बड़ा फर्क यह हुआ कि शुरुआत में जहां चौधरी चरण सिंह या उनकी पार्टी गठबंधन की धुरी हुआ करती थी, आगे वही स्थान तब की जनसंघ यानी आज की भाजपा ने हासिल कर लिया। 2014 के बाद तो हालत यह हो गई है कि सत्ता में जिस प्रकार कांग्रेस कभी विपक्ष के लिए अंगद का पांव लगती थी, उसी स्थिति में आज मोदी सरकार खड़ी नजर आती है।



विपक्ष की असफलता और भाजपा की रणनीति

सवाल है कि तमाम कोशिशों के बावजूद विपक्ष की गठबंधन राजनीति सफल क्यों नहीं हो पा रही, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडी' से ज्यादा पार्टियां तो सत्ता पक्ष, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हैं! वजह साफ है।

अव्वल तो राजग का एक चेहरा हैं नरेंद्र मोदी!

दूसरे, सरकार का विकास का मॉडल, जिसे गुजरात मॉडल के नाम पर प्रचारित करके नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वह मॉडल आज निरंतर प्रगति पर है। गुजरात मॉडल का आधार जहां केवल सड़कें थीं, वहीं मोदी के विकास मॉडल ने हवाई, रेल और जल यातायात तक को विश्व के विकसित राष्ट्रों की प्रतिस्पर्धा में खड़ा कर दिया है। राजग की दूसरी बड़ी ताकत है उसका राष्ट्रवादी हिंदू एजेंडा। भाजपा अपने अनुषांगिक संगठनों के साथ मिलकर पिछले डेढ़ दशक में देश की जनता के बहुसंख्यक तबके, खास तौर से हिंदू युवाओं को यह समझाने में पूरी तरह कामयाब रही है कि मुसलमानों ने हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति और उसकी पहचान को कुचलने का काम किया है। अफगानिस्तान से लेकर बांग्लादेश तक हिंदुस्तान को खंड-खंड करने में पहले मुस्लिम शासकों और बाद में उनके राजनेताओं का हाथ रहा है। मोदी के नेतृत्व में अखंड भारत के सपने तक की कल्पना भारत के हिंदू जनमानस को कराई जा रही है। यह समूह अंग्रेजों के दौर के संघर्षों की कहानियां, तमाम क्रांतिकारियों के बलिदान, आजादी के संघर्ष और जमींदारों-रजवाड़ों की भूमिका को नेपथ्य में रखकर, मुगल सल्तनत की कहानियों के बल पर आज के मुस्लिम समाज को उनके साथ जोड़ने में सफल रहा है।

परंतु सच्चाई की दूसरी परत

आज भी हिंदू समाज का बड़ा तबका भाजपा की इस सोच से सहमत नहीं है। धर्मनिरपेक्षता, सहअस्तित्व और संविधान की मूल भावना पर आस्था रखने वाला यह तबका भाजपा के समर्थक हिंदुओं के सामने शविलेनश की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा अपनी इन्हीं शातिर नीतियों के बल पर पिछली तीन लोकसभा योजनाओं से लगातार चुनाव जीतती आई है। तो क्या मान लिया जाए कि कांग्रेस नीत विपक्ष यानी 'इंडी गठबंधन' के बस से बाहर की बात है मोदी को सत्ता से हटाना? संकेत तो ऐसे ही हैं। और आने वाले दिनों में विपक्ष की राह और कठिन हो सकती है।

भविष्य की जमीन पर संघ की रणनीति

स्पष्ट है कि अब संघ के हिंदू एजेंडे को सरकार का खुला समर्थन मिल रहा है। मोहन भागवत की घोषणा है कि 2027 तक उत्तर प्रदेश में संघ 58 हजार शाखाएं लगाएगा। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों की संख्या भी लगभग इतनी ही है। यानि हर गांव में एक शाखा! विद्यालयों में भी छात्रों और शिक्षकों को हिंदू धर्म के आदर्शों से अवगत कराने का अभियान शुरू होगा।

कब्ज की समस्या से परेशान लोग डाइट में शामिल करें गुलकंद

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद की सेहत का ख्याल रखना काफी मुश्किल हो गया है। वहीं गलत खानपान और खराब लाइफस्टाइल की वजह से कब्ज की समस्या होना बेहद आम है। लेकिन अगर कब्ज की समस्या लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह मुश्किल पैदा कर सकती है। अगर आप भी कब्ज की समस्या से परेशान हैं, तो इसकी वजह से पेट में भारीपन, डकार और ब्लोटिंग की शिकायत रहती है। तो आप इस समस्या से बचने के लिए अपनी डाइट में गुलकंद शामिल कर सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इसको आप डाइट में कैसे शामिल कर सकते हैं।

कब्ज में फायदेमंद गुलकंद

बता दें कि गुलकंद एक आयुर्वेदिक सुपरफूड है, जोकि हमारे पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने का काम करता है और कब्ज से भी राहत दिलाता है। गुलकंद में प्राकृतिक रूप से फाइबर पाया जाता है, जोकि आंतों की सफाई में सहायता करता है। यह स्टूल को सॉफ्ट बनाने के साथ उसको आसानी से पास करने में भी सहायता करता है। गुलकंद की तासीर ठंडी होती है और यह आंतों में जलन को भी कम करता है। यह गैस और एसिडिट की समस्या से भी राहत दिला सकता है। यह आंतों में गुड बैक्टीकिया को बढ़ाता है, जिससे डाइजेस्टिव हेल्थ बेहतर होता है। वहीं गुलकंद हानिकारक बैक्टीरिया को रोकता है और पेट संबंधी समस्याओं को कम करता है। वहीं जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या रहती है, उनको गुल. कंद का सेवन करने से बचना चाहिए।

कैसे खाए गुलकंद

आप रात में एक चम्मच गुलकंद का गुनगुने दूध के साथ सेवन करें। इससे कब्ज की समस्या से राहत मिलने लगेगी। वहीं अगर आप दूध नहीं पीते हैं तो एक चम्मच गुलकंद को गुनगुने पानी में मिलाकर रात में सोने से पहले पी सकते हैं।

125 % के जवाब में 125 % के साथ अमेरिका-चीन के बीच और बढ़ी तल्खी

अमेरिका का टैरिफ युद्ध और विकराल हुई स्थिति

आयात शुल्क से दक्षिण कोरियाई अर्थव्यवस्था डगमगाई

सोल। दक्षिण कोरिया के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका की ओर से आयात शुल्क लगाए जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव और ज्यादा बढ़ गया है। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट ग्रीन बुक में कहा कि हाल ही में अमेरिका की ओर से आयात शुल्क लगाए जाने के कारण वैश्विक व्यापार का माहौल खराब हुआ है, जिससे एशियाई अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक दबाव बढ़ गया है।

मंत्रालय की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षिण कोरियाई अर्थव्यवस्था को हाल ही में खपत और निर्माण निवेश में देरी के साथ-साथ रोजगार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आयात शुल्क के चलते वैश्विक व्यापार वातावरण और अधिक अस्थिर हो गया है, जिससे वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ा है और वैश्विक व्यापार और विकास की गति धीमी पड़ी है। उल्लेखनीय है कि मार्च में निर्यात में सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दैनिक औसत निर्यात में 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। फरवरी 2024 में खुदरा बिक्री, जो निजी उपभोग को दर्शाती है, में पिछले वर्ष की तुलना में 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई।निर्माण निवेश में भी उसी महीने 21.0 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। मार्च में रोजगार के आंकड़े में कुछ सुधार देखने को मिला, जहां एक साल पहले की तुलना में 1,93,000 नई नौकरियां जुड़ी, जो फरवरी में 1,36,000 की तुलना में तेज वृद्धि है। उपभोक्ता कीमतों में भी मार्च में सालाना आधार पर 2.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो फरवरी में 2.0 प्रतिशत थी।

लंदन/बीजिंग। चीन के अमेरिका पर जवाबी कर 84 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत करने के बाद शुक्रवार सुबह यूरोप के शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। चीन ने शुक्रवार को कहा कि वह अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर रहा है, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार युद्ध में नवीनतम घटनाक्रम है। उसने कहा कि उच्च आयात शुल्क शनिवार से प्रभावी होंगे। वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, अमेरिका के चीन पर असामान्य रूप से उच्च टैरिफ को बारी-बारी से बढ़ाना एक संख्या का खेल बन गया है, जिसका कोई व्यावहारिक आर्थिक महत्व नहीं है और यह विश्व अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक मजाक बन जाएगा। प्रवक्ता ने कहा, यदि अमेरिका चीन के हितों का पर्याप्त रूप से उल्लंघन करना जारी रखने पर जोर देता है, तो चीन दृढ़ता से इसका मुकाबला करेगा और अंत तक लड़ेगा। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस व्यापार युद्ध पर अपनी पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया में दो-टूक अंदाज़ अपनाते हुए कहा कि उनका देश किसी से नहीं डरता। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप का बेंचमार्क स्टॉक्स 600 इंडेक्स बढ़त के साथ खुला, लेकिन सुबह 4:40 बजे तक 0.9 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था, जबकि फ्रांस का सीएसी 40 इंडेक्स और जर्मनी का डीएएक्स इंडेक्स क्रमशः 0.9 प्रतिशत और 1.2 प्रतिशत नीचे थे। लंदन का एफटीएसई 100, 0.2 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए कुल आयात शुल्क अब 145 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। हालांकि, ट्रम्प ने बुधवार को अपने एलान में फेंटानिल (एक मादक पदार्थ) के उत्पादन में चीन की भूमिका को लेकर 20 प्रतिशत आयात शुल्क को शामिल नहीं किया। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने अमेरिकी आयात शुल्क को लेकर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में एक और शिकायत दर्ज कराई है। चीन के मिशन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, 10 अप्रैल को, अमेरिका ने कार्यकारी आदेश जारी किया, जिसमें चीनी उत्पादों पर तथाकथित पारस्परिक आयात शुल्क में और वृद्धि की घोषणा की गई। चीन ने अमेरिका के नवीनतम आयात शुल्क

चीन में 2 टेस्ला मॉडल की बिक्री पर रोक

वाशिंगटन/बीजिंग। अरबपति अमेरिकी बिजनेसमैन और ट्रम्प प्रशासन में उनके सहयोगी एलन मस्क ने चीन में टेस्ला कार के दो मॉडल की बिक्री रोक दी है। चीन के अमेरिकी सामानों पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बीच यह फैसला लिया गया है। ये दोनों मॉडल प्रीमियम कारों के हैं।

ये दोनों मॉडल अमेरिका के कैलिफोर्निया प्लांट में बनते हैं। चीन में टेस्ला की वेबसाइट ने शुक्रवार को दोनों ही मॉडल के लिए आर्डर का ऑप्शन हटा दिया है। हालांकि कंपनी ने आधिकारिक तौर पर इसकी वजह नहीं बताई है। अमेरिकी सामानों पर चीन को टैरिफ को ही इसकी वजह माना जा रहा है।

बंगलादेश में दिसंबर तक कराए जा सकते हैं चुनाव

ढाका। बंगलादेश चुनाव का चुनाव आयोग देश में आम चुनाव दिसम्बर तक कराने की तैयारी कर रहा है और आयोग एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि चुनाव का कार्यक्रम सरकार की सहमति के साथ तय किया जाएगा। यह जानक. ारी आयोग के एक आला अधिकारी ने दी है।

बंगलादेश मीडिया की रिपोर्टों में चुनाव आयुक्त आयुक्त मोहम्मद अनवारुल इस्लाम सरकार के हवाले से कहा गया है कि आयोग दिसंबर में आम चुनाव कराने का विचार कर रहा है। इसके लिए मतदाता सूचियों को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सरकार ने नरसिंगडी में उपायुक्त-कार्यालय में मतदाता सूची अद्यतन करने के संबंध में आयोजित एक कार्यक्रम में पिछले दिनों कहा कि चुनाव के लिए हमारी तैयारियों के तहत मतदाता सूची को अद्यतन करने का काम पूरा होने वाला है। बिजनेस स्टैंडर्ड बंगलादेश के अनुसार, चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी स्थानीय, संसदीय और राष्ट्रपति पद के चुनाव आयोजित करना है। चुनाव आयुक्त ने अपनी टिप्पणियों की व्याख्या करते हुए कहा, राष्ट्रीय संसद चुनाव कराना अनिवार्य रूप से हमारी प्राथमिकता है।

हेलीकॉप्टर हादसा: सीमेंस सीईओ का परिवार खत्म

बीच हवा में हेलीकॉप्टर के हुए दो टुकड़े

न्यूयार्क। अमेरिका के न्यूयार्क में गुरुवार को एक हेलीकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के सीईओ आगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलीकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। पायलट के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है।

न्यूयार्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर ब्लेड बाडी से अलग हो गए थे। इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा।

न्यूयॉर्क शहर में भी हुआ हादसा, 6 लोगों की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका के मैनहट्टन में पियर 40 के पास हडसन नदी में गुरुवार दोपहर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी छह लोगों की मौत हो गई। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग की आयुक्त जेसिका टिश के अनुसार, इसमें एक पायलट, दो वयस्क और तीन बच्चे शामिल थे। उन्होंने कहा कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य अस्पताल में जीवित नही बच पाए। बताया गया है कि पांचों यात्री स्पेन के पर्यटक थे। टिश के अनुसार जॉर्ज वॉशिंगटन ब्रिज पर न्यू जर्सी तटरेखा के साथ आगे बढ़ने के लिए मुड़ने के तुरंत बाद हेलीकॉप्टर ने नियंत्रण खो दिया। दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि हेलिकॉप्टर, बेल 206, वाणिज्यिक और सरकारी विमानन में व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला मॉडल है, जो स्थानीय समयानुसार दोपहर 3:15 बजे के आसपास दो भागों में विभाजित हो गया।

कटरा से कश्मीर के लिए रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में ऊधमपुर नगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के उद्घाटन की तैयारियां पूरी हो गई हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र 19 अप्रैल को मोदी दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा माता वैष्णो देवी कटरा से नगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेल. पुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी पुल पर पहुंच कर उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से नगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि जिस समय प्रधानमंत्री कटरा से नगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे। उसी समय नगर से कटरा के लिए दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस भी रवाना होगी। इस तरह से कश्मीर घाटी से जम्मू एवं शेष भारत के साथ रेल संपर्क बहाल हो जाएगा। यह जम्मू कश्मीर के लोगों के लिए ऐतिहासिक अवसर होगा। सूत्रों ने कहा कि शुरुआत में 20 अप्रैल से वंदे भारत एक्सप्रेस की दो सेवाएं सप्ताह में पांच दिनों तक और सप्ताह के बाकी दो दिन एक एक सेवाएं चलेगी। आगे चल कर दो रैक के माध्यम से तीन सेवाएं भी की जा सकती हैं। सूत्रों के अनुसार वर्तमान में कटरा के दूसरी ओर बारामूला से संगलदान तक रोजाना 23 रेल सेवाएं संचालित होती हैं जिनसे रोज़ाना 15 हजार यात्री सफ़र करते हैं। कटरा से कश्मीर की सीधी कनेक्टविटी खुलने ए संख्या 25 हजार तक हो जाने की संभावना है। वर्तमान में सर्वाधिक यात्री बानिहाल से नगर के बीच यात्रा करते हैं। बारामूला, सोपोर एवं अनंतनाग ऐसे स्टेशन हैं जहां से प्रतिदिन 1000 से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। अनंतनाग स्टेशन से पर्यटक पहलगाम जाते हैं और हर साल आषाढ़ एवं श्रावण मास में होने वाली अमरनाथ यात्रा भी पहलगाम होकर जाती है। इसलिए अमरनाथ के तीर्थयात्रियों के लिए भी अनंतनाग महत्वपूर्ण स्टेशन है।

सूत्रों के अनुसार यूएसबीआरएल परियोजना में चिनाब पुल को भारतीय रेलवे इंजीनियरिग में सबसे अहम मील का पत्थर माना जाता है। चिनाब पुल की नदी तल से ऊंचाई 359 मीटर होगी। फ्रांस की राजधानी पेरिस के मशहूर एफिल टॉवर की ऊंचाई 324 मीटर है। जबकि कुतुबमीनार की ऊंचाई 73 मीटर है। इसकी ऊंचाई एफिल टॉवर से करीब 35 मीटर अधिक होगी। विश्व का दूसरा सबसे ऊंचा रेलपुल चीन के बेईपैन नदी पर बना शुईबाई रेलवे पुल है जिसकी ऊंचाई 275 मीटर है।

फिट इंडिया अभियान का नेतृत्व करें डाक्टर: मांडविया

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि डॉक्टरों को स्वास्थ्य और निवारक देखभाल को बढ़ावा देकर फिट इंडिया अभियान का नेतृत्व करना चाहिए। मांडविया ने शुक्रवार को फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के दूसरे स्नातक दीक्षांत समारोह को संबो. धित करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास में स्वास्थ्य पेशेवरों बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। समर्पण, नैतिक व्यवहार और समुदाय की सेवा की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि जुनून और ईमानदारी के साथ अपनी यात्रा जारी रखनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज एक स्वस्थ राष्ट्र की नीव है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर फिट इंडिया अभियान के पथप्रदर्शक हैं, जो जनता के बीच स्वास्थ्य, निवारक देखभाल और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने नए डॉक्टरों से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में सेवा करने, जमीनी हकीकत को समझने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि स्वास्थ्य सेवा सुलभ, सस्ती और नैतिक बनी रहे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का दृष्टिकोण केवल प्रधानमंत्री का केवल सपना नही है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परामर्श और बचाया गया प्रत्येक जीवन राष्ट्रीय उत्पादकता और प्रगति में योगदान देता है। समारोह में मांडविया ने वर्ष 2016, 2017, 2018 और 2019 बैच के 100-100 छात्रों और 47 स्नातकोत्तर छात्रों के कुल 447 छात्रों ने स्नातक की उपाधि प्रदान की।

ऑस्ट्रेलिया में आगामी सर्दी का मौसम, गर्म रहने के आसार

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में आगामी सर्दी का मौसम पिछले वर्षों के मुकाबले बेहद गर्म होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान ब्यूरो (बीओएम) की ओर से जारी अपडेट के अनुसार इस बार सर्दियों में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है जिससे विभिन्न क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और बढ़ सकते हैं। इसके अलावा मई और जुलाई के बीच ऑस्ट्रेलिया के अधिकतर हिस्सों में औसत से अधिक-अधिकतम तापमान का अनुमान है।

इसी अवधि में पूरे ऑस्ट्रेलिया में न्यूनतम तापमान औसत से अधिक या बहुत अधिक रहने के आसार हैं। अपडेट के मुता. बिक, विशेष रूप से पश्चिमी और दक्षिणी भागों में रातें गर्म होने के आसार हैं। ऑस्ट्रेलिया में सर्दी जून की शुरुआत से लेकर अगस्त के अंत तक होती है। देश ने 2023-2024 में अपनी दो सबसे गर्म सर्दियां दर्ज की, जिसमें 2023 में औसत तापमान 1961-1990 के औसत से 1.54 डिग्री से. अधिक और 2024 में औसत से 1. 49 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

टेक्सास विवि: 118 विदेशी छात्रों की कानूनी स्थिति रद्द

ह्यूस्टन। अमेरिका के टेक्सास राज्य के विश्वविद्यालयों में कम से कम 118 विदेशी छात्रों की कानूनी स्थिति रद्द कर दी गई है। टेक्सास ट्रिब्यून की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन छात्रों को हाल ही में सूचित किया गया था कि उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं या उनके आव्रजन की स्थिति को छात्र और विनिमय आगंतुक सूचना प्रणाली में समाप्त कर दिया गया है, जिसे एसईवीआईएस संघीय डेटाबेस के रूप में जाना जाता है।

यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि नॉर्थ टेक्सास विश्व. विद्यालय में कम से कम 27 छात्रों और अर्लिंग्टन में टेक्सास विश्व. विद्यालय (यूटी) में 27 अन्य छात्रों को सीईवीआईएस से हटा दिया गया है। स्थानीय मीडिया आउटलेट केएफओएक्स 14 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूटी-एल पासो के 10 छात्रों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित विश्वविद्यालयों में यूटी-डलास, टेक्सास एएंडएम, यूटी-रियो ग्रांडे, टेक्सास महिला विश्वविद्यालय और टेक्सास टेक भी शामिल हैं। एक आव्रजन वकील फिलिप रोड्रिगेज ने टेक्सास ट्रिब्यून को बताया कि जिन छात्रों को एसईवीआईएस से हटा दिया जाता है, वे छोड़ने या अपनी स्थिति को बहाल करने के लिए आवेदन करने का विकल्प चुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, वीजा रद्द करने के बजाय एसईवीआईएस से छात्रों को हटाने का विकल्प चुनने से अपील प्रक्रिया अधिक कठिन हो जाती है।

एक अन्य आव्रजन वकील रॉबर्ट हॉफमैन ने कहा कि मुझे लगता है कि वे सक्रिय रूप से ऐसा कर रहे हैं कि वे मूल रूप से पढ़ाई जारी नही रख सकते हैं, या किसी तरह के हस्तक्षेप के बिना संयुक्त राज्य अमेरिका में अपनी पढ़ाई जारी रखना बेहद मुश्किल बना रहे हैं।



उन्होंने कहा कि एसईवीआईएस को हटाने से रोजगार योग्यता और जीवनसाथी और बच्चों जैसे आश्रितों की स्थिति भी प्रभावित हो सकती है, जिनकी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने की क्षमता प्राथमिक स्थिति धारक पर निर्भर करती है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जनवरी में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार ग्रहण करने के बाद से, 12 से अधिक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के सैकड़ों अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को एसईवीआईएस से हटा दिया गया है, जिनमें से कई कथित तौर पर पिछले साल फिलिस्तीनी समर्थक कैंपस विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे, और कुछ कथित तौर पर यातायात उल्लंघन जैसे मामूली उल्लंघनों के लिए। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि वह यहूदी विरा. `धी सामग्री के लिए विदेशी छात्रों के सोशल मीडिया की स्क्रीनिंग शुरू करेगा।

अफगानिस्तान के शरणार्थियों के निर्वासन की निंदा

काबुल/क्वेटा। पाकिस्तान के कई पख्तून राष्ट्रवादी दलों ने अफगानिस्तान के शरणार्थियों के निर्वासन की निंदा की और सरकार से इसे रोकने की मांग की है। बलूचिस्तान के क्वेटा शहर में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करते हुए, पार्टियों ने तर्क दिया कि कई प्रवासी पीढ़ियों से पाकिस्तान में रह रहे हैं और नागरिकता अधिनियम के तहत उनके अधिकार हैं और उन्हें सुरक्षा भी दी जा रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, वक्ताओं में अवामी नेशनल पार्टी (एएनपी) के अध्यक्ष असगर खान अचकजई, पख्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के नसरुल्लाह ज़ेरे, नेशनल डेमोक्रेटिक मूवमेंट (एनडीपी) के अहमद जान खान और पख्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के नूर बाचा शामिल थे। इसे पख्तून समुदाय के लिए अपमान. जनक बताते हुए, पार्टियों ने कहा कि पख्तून राष्ट्रवादी पार्टियों ने हमेशा आतंकवाद की निंदा की है। वक्ताओं ने अदालतों के फैसलों का हवाला देकर कहा कि कई शरणार्थी यही जन्मे, पले-बढ़े हैं और अफगानिस्तान से उनका खास संबंध नहीं है। पख्तून नेताओं ने क्वेटा में बैठक कर बलूचिस्तान प्रांत की खराब कानून व्यवस्था की निंदा की। पख्तून नेताओं ने अफगान शरणार्थियों को दोष देना गलत बताया और अली वजीर सहित पख्तून नेताओं के खिलाफ झूठे मामलों की वापसी व लापता लोगों की रिहाई की तथा राजनीतिक हस्तियों को चौथी अनुसूची से हटाने की मांग की। निर्वासन के खिलाफ कार्रवाई की योजना के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है। नेताओं ने बलपूर्वक नीतियों का विरोध कर न्याय और समान अधिकारों को शांति का मार्ग बताया। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मुख्यमंत्री आसिफ अली गंदापुर ने शरणार्थियों के निर्वासन का विरोध किया और इसे रोकने की मांग की। अफगानिस्तान के तालिबान और संयुक्त राष्ट्र ने निर्वासन की निदा करते हुए, पाकिस्तानी अधिकारियों से शरणार्थियों के प्रति नरमी बरतने की अपील की है।

बलूचिस्तान के क्वेटा शहर में एक संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए, पार्टियों ने तर्क दिया कि कई प्रवासी पीढ़ियों से पाकिस्तान में रह रहे हैं और नागरिकता अधिनियम के तहत उनके अधिकार हैं और उन्हें सुरक्षा भी दी जा रही है।